# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, रविवार 30 नवंबर 2025


## सांवरा खेड़ी में होगा आयोजन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पत्नी के साथ हवन पूजन करते हुए


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### रेलवे एप डाउन, नहीं हुई टिकट की बुकिंग



**नई दिल्ली।** आईआरसीटीसी की वेबसाइट व एप पिछले 96 घंटों यानी करीब चार दिनों से बंद पड़ी है। सुबह से शाम तक हर कोशिश नाकाम साबित हो रही है। यूजर्स को बार-बार वही पुराना एरर मैसेज दिख रहा है। डाउनडिटेक्टर जैसी साइट्स पर चेक करने पर साफ दिख रहा है कि सर्वर का रिस्पॉन्स टाइम जीरो है मतलब कि सर्वर जवाब ही नहीं दे रहा।

### 62 के पीएम ने 46 साल की हेडन से की शादी



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज ने अपने आवास पर करीबी लोगों की मौजूदगी में जोडी हेडन से विवाह किया। ऑस्ट्रेलिया की संघीय सरकार के 124 साल के इतिहास में वह ऐसे पहले व्यक्ति हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री पद पर रहने के दौरान विवाह किया है। 62 वर्षीय अल्बनीज और 46 वर्षीय हेडन ने कहा, हम अपने विवाह से खुश हैं।

## जमीयत उलेमा-ए-हिंद की बैठक में मौलाना महमूद मदनी ने उगला जहर

# कहा-जुल्म होगा तो जिहाद होगा अदालतें हुकूमतों के दबाव में हैं

आरोप-सुप्रीम कोर्ट 'सुप्रीम' कहलाने लायक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

यहां जमीयत उलेमा-ए-हिंद की नेशनल गवर्निंग बॉडी मीटिंग में मौलाना महमूद मदनी ने विवादित बयान दिए। उन्होंने सीधे कहा कि जब जुल्म होगा तो जिहाद होगा। देश की अदालतें हुकूमतों के दबाव में फैसला दे रही हैं। बीते कुछ अरसे से खासकर बाबरी मस्जिद, तीन तलाक और कई अन्य मामलों में फैसलों के बाद ऐसा ही लगता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट आज सुप्रीम कहलाने लायक नहीं है।

उन्होंने कहा कि इस्लाम और मुसलमानों के दुश्मनों ने जिहाद जैसी इस्लाम की पवित्र अवधारणा को दुर्व्यवहार, अव्यवस्था और हिंसा से जुड़े शब्दों में बदल दिया है। लव जिहाद, भूमि जिहाद, शिक्षा जिहाद जैसे शब्दों का इस्तेमाल करके मुसलमानों को गहरी ठेस पहुंचाई गई है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार और मीडिया में जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग भी ऐसे ▶▶शेष पेज 4 पर

### लव जिहाद जैसे शब्दों पर जताई आपत्ति

### एक विशेष समुदाय को जबरन निशाना बनाया जा रहा



बैठक में बोलते हुए मदनी

### एसआईआर पर नजर रखें

उन्होंने कहा कि एसआईआर भी किया जा रहा है, और यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है। अगर हम इस पर कड़ी नजर रखें, तो हम निराशा से बच सकते हैं, क्योंकि निराशा किसी भी समुदाय के लिए जहर है और अगर कोई समुदाय जीवित है, तो इससे बचने की और ▶▶शेष पेज 4 पर

### मुसलमानों के अनुकूल सिर्फ 10% लोग

मदनी ने कहा कि इस देश में मुसलमानों के अनुकूल लगभग 10 फीसदी लोग हैं, जो अलग-अलग वजहों से हमारे पक्ष में हैं। इसी तरह लगभग 30 फीसदी लोग समुदाय के विरोध में हैं, जबकि एक अनुमान के अनुसार 60 फीसदी लोग ऐसे हैं जो न हमारे अनुकूल हैं और न ही विरोध में। यह जो खामोश बहुमत है, उसे फिरका-परस्त लोग अपनी ओर झुकाने की कोशिश कर रहे हैं। मदनी ने कहा कि ▶▶शेष पेज 4 पर

### महमूद मदनी पर भाजपा का पलटवार

## पात्रा बोले- बयान भड़काऊ ही नहीं, समाज को भी बांटने वाला

◀ सुप्रीम कोर्ट इस पर ले स्वत: संज्ञान

◀ भारत में जिहाद को सही ठहराना अस्वीकार्य



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मदनी के बयान को उकसाने वाला, विभाजनकारी और बेहद गलत बताया है। पात्रा ने कहा कि उनकी तरफ से भोपाल में दिया गया बयान भड़काऊ और देश को बांटने वाला है। जिहाद के नाम पर जिस प्रकार से लोगों ने भारत में ही नहीं, बल्कि भारत के बाहर भी आतंक फैलाया है, वह हमने देखा है। उन्होंने आगे कहा कि मौलाना मदनी ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट को सुप्रीम कहलाने का कोई अधिकार नहीं है। मौलाना मदनी के इस बयान को सुप्रीम कोर्ट को स्वतः संज्ञान में लेकर इसकी सुनवाई करनी चाहिए। पात्रा ने कहा कि मौलाना मदनी ने अपने भाषण में जिहाद शब्द का इस्तेमाल करते हुए कहा कि जहां भी अत्याचार हो, वहां जिहाद होना चाहिए। उन्होंने इस पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि ऐसे शब्द देश को बांटने का काम करते हैं। जिहाद के नाम पर दुनिया के कई हिस्सों में आतंकवाद फैला है। भारत में इसे सही ठहराना अस्वीकार्य ▶▶शेष पेज 4 पर

### उधर, संघ प्रमुख डॉ. भागवत नागपुर में बोले

## भाईचारा ही हमारी परंपरा, झगड़ा करना हमारे स्वभाव में ही नहीं



**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि झगड़ा या विवाद करना हमारे देश का स्वभाव नहीं है और भाईचारा और सामूहिक सद्भाव हमेशा से भारत की परंपरा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का राष्ट्रवाद का विचार बुनियादी तौर पर पश्चिमी विचार से अलग है। हमारी किसी के साथ बहस नहीं होती। हम विवादों से दूर रहते हैं। झगड़ा करना हमारे देश का स्वभाव ही नहीं है। मिल-जुलकर रहना और भाईचारे को बढ़ावा देना ही हमारी परंपरा रही है। दुनिया के अन्य हिस्से संघर्षों से भरे हालात में बने। वहां जब एक राय बन जाती है ▶▶शेष पेज 4 पर

### आज सीएम के बेटे की शादी

## सामूहिक विवाह समारोह में, 22 जोड़ों संग लेंगे फेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के छोटे बेटे डॉ. अभिमन्यु यादव की शादी की रस्में चल रही हैं। शादी समारोह में मेहंदी, माता पूजन और मंडप के आयोजन हो चुके हैं। मुख्यमंत्री के बेटे होने के बाद भी डॉ. अभिमन्यु की शादी बिलकुल अलग अंदाज में शोर-शराबे से दूर हो रही है।

डॉ. अभिमन्यु यादव भी शादी समारोह में सादगी भरे अंदाज में लाल लिबास में नजर आए। आंखों पर काला चश्मा, कानों में टॉप्स और माथे पर जगमगाता तिलक लगाए नजर आए। डॉ. अभिमन्यु यादव ने गजरानुमा माला भी पहन रखी थी। डॉ. अभिमन्यु-इशिता की शादी में अब तक गणेश पूजन, हल्दी, मेहंदी, माता पूजन जैसे आयोजन हो चुके हैं। शनिवार शाम को अथर्व होटल में महिला संगीत हुआ। इसके बाद डॉ. अभिमन्यु यादव खरगोन की डॉ. इशिता के संग सामूहिक विवाह समारोह में विवाह बंधन में बंधेंगे। इसके बाद 30 नवंबर की शाम को अथर्व होटल में रिसेप्शन होगा। विवाह सम्मलेन में खास लोगों को आमंत्रित किया गया है। इसमें राज्यपाल मंगु भाई पटेल, कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, गौतम टेटवाल समेत दोनों परिवारों के करीबी रिश्तेदार, मंत्री, अफसर और पार्टी के प्रमुख नेता शामिल हो सकते हैं। विवाह सामूहिक विवाह समारोह में होगा। यह आयोजन सांवरा खेड़ी में होगा।

### शनिवार शाम को हुआ महिला संगीत



मंडप की रस्म पूरी की गई

### यह फोटो हो रहे वायरल

माता पूजन, मंडप, मेहंदी,डांस और शादी समारोह के फोटो वायरल हुए। जिसमे सीएम सहित पूरा परिवार नजर आ रहा है। शादी की रस्मों में सीएम सपत्नीक पूजन करते नजर आ रहे है तो वहीं दूल्हा बने डॉ. अभिमन्यु और डॉ. इशिता की मेहंदी की रस्म के फोटो भी सामने आए है। जिसमें सीएम का परिवार पूजन के बाद एक साथ शादी का जश्न मनाता दिखाई दे रहा है।

### सिंधी कॉलोनी स्थित निवास पर पहुंचकर डॉ. हिमांशु को बंधाया ढांढस

## कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने पं. कीर्ति नारायण द्विवेदी के दुखद निधन पर शोक संवेदना जताई





पटेल ने डॉ. हिमांशु को स्व-लिखित पुस्तक 'परिक्रमा' की एक प्रति भी भेंट की

**ग्वालियर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल शनिवार को आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के ग्वालियर स्थित 3 सिंधी कॉलोनी निवास पर पहुंचे और उनके पूज्य पिताजी पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी के दुखद निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त कर ▶▶शेष पेज 4 पर

### छह जिलों में पारा 9 डिग्री के नीचे

## भोपाल में 8 दिन बाद फिर शीतलहर का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में शनिवार से सर्दी ने तेजी पकड़ ली है। शनिवार को भोपाल में 8 दिन बाद फिर से शीतलहर का असर रहा, जबकि छह जिलों में रात का पारा 9 डिग्री से कम रहा है। इन जिलों में तेज सर्दी का अहसास रहा। मौसम केंद्र के अनुसार अगले कुछ जिलों में सर्दी में और तेजी आएगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अब प्रदेश में हवाएं बदलने लगी हैं। उत्तरी हवाओं के असर से भोपाल सहित कई जिलों में तेज सर्दी शुरू हो रही है। भोपाल में शनिवार को कोल्ड वेव का असर रहा, जबकि कुछ जिलों में रविवार को शीतलहर का असर रहने की उम्मीद है। ▶▶शेष पेज 4 पर

प्रदेश में कड़ाके की सर्दी शुरू, आज और तेज होगी



कोच फैक्टी रोड का दृश्य, समय : सांय 5 .40 बजे






### शिव मंदिर में तोड़फोड़ के बाद तनाव भारी पुलिस तैनात

**बुरहानपुर।** जिले के बिरोदा गांव में एक बार फिर तनाव की स्थिति है। गांव में बने शिव मंदिर में बीती रात असामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़फोड़ किए जाने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। वहीं घटना का पता चलने के बाद भारी संख्या में पुलिस फोर्स गांव में तैनात किया गया है जिससे की सांप्रदायिक घटना न हो। ग्रामीणों का कहना है कि बीते एक साल में ये तीसरी बार है जब गांव में धार्मिक और सांप्रदायिक विवाद की स्थिति बनी है। बिरोदा गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब गांव की महिलाएं पूजा करने के लिए पहुंची, तब तोड़फोड़ का पता चला।





भोजपुर क्लब में पेड़ों की कटाई का दृश्य।

## भोजपुर क्लब में पेड़ों की छंटाई और कटाई का मामला सामने आया

# पीडब्ल्यूडी और क्लब ने कहा.. हाईकोर्ट के आदेश नहीं पता थे, केवल छंटाई करवाई है, एक भी पेड़ नहीं काटा

*निगम, पीडब्ल्यूडी और क्लब के पदाधिकारियों के साथ अधिकारियों ने देर रात तक स्थल पर की जांच-पड़ताल*

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राजधानी के भोजपुर क्लब में पेड़ों की छंटाई के नाम पर पेड़ काटने का मामला सामने में आने बाद देर रात निगम, पीडब्ल्यूडी और क्लब के पदाधिकारियों ने मौके पर जांच-पड़ताल की। क्लब ने कहा है कि पेड़ों की केवल छंटाई करवाई गई है। एक भी पेड़ नहीं काटा गया है। हमें हाईकोर्ट के आदेश नहीं मालूम थे। यही बात पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने अपने कथन में दर्ज करवाई है। निगम प्रशासन इस मामले में सुनवाई के लिए जिम्मेदारों को केवल एक मौका देगा। उसके बाद कार्रवाई तय होगी।जानकारी के अनुसार शुक्रवार को अरेरा कॉलोनी ई-1 स्थित भोजपुर क्लब परिसर में आधा दर्जन से अधिक हरे-भरे पेड़ों की छंटाई कर दी गई थी और एक पेड़ की गहरी छंटाई हो गई थी। सोशल मीडिया पर यह मामला प्रकाश में आने के बाद तूल पकड़ गया। इसकी जानकारी मिलने पर निगम आयुक्त ने तत्काल मौके पर टीम भेजी और पंचनामा तैयार किया। संभवत इस मामले की सुनवाई सोमवार को होगी। हालांकि निगम ने क्लब को नोटिस जारी कर दिया है।

**निगम में सुनवाई का केवल एक मौका मिलेगा**

### पीडब्ल्यूडी के अधिकारी के कहने पर क्लब ने करवाई थी छंटाई

दरअसल क्लब के पास रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। पेडों की बडी शाखाओं के कारण मशीनों की आवाजाही नहीं हो पा रही थी। इसके चलते पीडब्ल्यूडी के एसडीओ योगेंद्र कुशवाहा के कहने पर क्लब के मैनेजर द्वारा अपनी मशीनों से पेडों की छंटाई करवा दी। इसके लिए दोनों की जिम्मेदारों ने किसी भी तरह की अनुमति तक नहीं ली। मामला जब तूल पकडा तो दोनों की जिम्मेदारों ने हाईकोर्ट के प्रतिबंध की जानकारी नहीं होने का हवाला दिया।

### क्लब के मैनेजर का तर्क-हमें आदेश की नहीं थी जानकारी

भोजपुर क्लब के मैनेजर एलएन राजपूत का कहना है कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारी के कहने पर उन्होंने पेडों की छंटाई करवाई है। एक भी पेड हमने नहीं काटा। हम ऐसा क्यों करेंगे। हमने अपना पक्ष निगम के अधिकारियों के सामने रखा है।

### पीडब्ल्यूडी के अधिकारी बोले- केवल छंटाई करवाई है, पेड़ नहीं काटे गए

पीडब्ल्यूडी के एसडीओ योगेंद्र कुशवाहा ने का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य के चलते मशीनें नहीं पहुंच पा रही थीं, इसलिए उन्होंने क्लब के मैंनेजर से पेड़ों की छंटाई करवाने को कहा था। पेड काटे नहीं गए हैं। हाईकोर्ट के आदेश की जानकारी उनको नहीं थी।

## खबर संक्षेप

### स्नातक स्ट्रेवेकेंसी राउंड का आज अंतिम दिन

**भोपाल।** संचालनालय आयुष मध्यप्रदेश द्वारा पूर्व में घोषित स्नातक स्ट्रे वेकेंसी राउंड जो शुक्रवार को समाप्त हो गया था, उसे छात्रहित को ध्यान में रखते हुए दो दिन और बढ़ा दिया गया है। प्रधान उपसंचालक आयुष मप्र द्वारा एमपी ऑनलॉइन के मार्फत नया शेड्यूल जारी कर दिया गया है। ज्ञात रहे कि स्ट्रे वेकेंसी राउंड के पूर्व आयुर्वेद बीएएमएस, होम्योपैथी बीएचएमएस व यूनानी बीयूएमएस की संयुक्त रूप से दो हजार सात सीटें खाली थीं। अब रिपोर्टेड अभ्यर्थियों से यह सीटें संचालनालय आयुष मप्र द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर की उपस्थिति में रविवार 30 नवंबर तक भरी जा सकेंगी।

### सांदीपनि स्कूल में छात्र नेतृत्व दल ने ली शपथ

**भोपाल।** निशातपुरा स्थित शासकीय सांदीपनि उमा विद्यालय में छात्र नेतृत्व दल का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में भारतीय डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं आईएएस अधिकारी पवन कुमार दालनिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ कोच, उद्यमी और एथलीट निकिता होरा भी विशेष अतिथि रहीं। समारोह की शुरुआत छात्र नेतृत्व दल के लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया से चुने गए पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण से हुई। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य राकेश चंद जैन, उपप्राचार्य सुनीता चौलकर और विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। दालनिया ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में अपनाने योग्य छह महत्वपूर्ण मूल्यों, 'स्वयं', स्वास्थ्य, हॉबी, खेल-कूद, मेडिटेशन और सच्चे मित्र का महत्व विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि छात्र नेतृत्व का असली अर्थ है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे स्कूल में स्वच्छता, अनुशासन, सांस्कृतिक और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा दें।

## आरोप, वर्मा का बयान अभा सेवा आचरण नियम 1968 का उल्लंघन

# कर्मचारी नेताओं की नाराजगीः 'ब्राह्मण बहू' चाहिए वाले संतोष वर्मा को करें तुरंत बर्खास्त

- सरकार ने संतोष वर्मा को सिर्फ नोटिस देकर खानापूर्ति की है
- वर्मा के खिलाफ होना चाहिए कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

'ब्राह्मण बहू' वाले अपमानजनक बयान से विवादों से घिरे अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संघ (अजाक्स) के नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष और आईएएस संतोष वर्मा पर कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारी संगठनों में आक्रोश है। कर्मचारी संगठनों के नेताओं का कहना है कि सरकार ने संतोष वर्मा को सिर्फ नोटिस देकर खानापूर्ति की है। जबकि तत्काल संतोष वर्मा पर एफआईआर दर्ज कर बर्खास्त करना चाहिए। कर्मचारियों का कहना है कि संतोष वर्मा का बयान अखिल भारतीय सेवा आचरण नियम 1968 का स्पष्ट उल्लंघन है, जिसके तहत वर्मा के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई होनी चाहिए।

### सात दिन में जवाब नहीं दिया तो होगी एकतरफा विभागीय कार्रवाई

विवाद बढ़ने पर सरकार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संतोष वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया था। नोटिस में कहा गया कि उनका बयान सामाजिक सौहार्द के लिए 'हानिकारक' है और यह अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियम, 1968 तथा अखिल भारतीय सेवा (अनुशासन और अपील) नियम, 1969 का उल्लंघन है। नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई कि सात दिन में जवाब नहीं देने पर एकतरफा विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### मामला अदालत में, फिर कैसे मिला प्रमोशन?



संतोष वर्मा के खिलाफ वर्ष 2021 में एक महिला के साथ मारपीट और अश्लील शब्दों के इस्तेमाल के आरोप में पर मुकदमा दर्ज हुआ था। उन्होंने फर्जी राजीनामा पेश कर कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश की, जिसके बाद उनकी गिरफ्तारी हुई और न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। यह मामला अब भी अदालत में लंबित है, फिर भी प्रमोशन दे दिया गया, जो प्रशासनिक नैतिकता पर सवाल खड़े करता है।

**सुशील पाण्डेय,** राष्ट्रीय अध्यक्ष, शासकीय कर्मचारी परिसंघ

### सरकार को गुमराह कर हासिल किया आईएएस अवार्ड



आईएएस संतोष वर्मा ने सरकार को गुमराह करके आईएस अवार्ड हासिल कर चुके हैं। वह छह माह के लिए जेल भी जा चुके हैं। संतोष वर्मा ने जिस तरह का बेटियों और समाज के विरोध में अपमानजनक बयान दिया है वह अखिल भारतीय सिविल सेवा आचरण के विरुद्ध है। संतोष वर्मा के विरुद्ध सरकार को तत्काल एक्शन लेकर बड़ी से बड़ी दंडात्मक कार्यवाही करना चाहिए।

**अशोक पांडे,** प्रदेशाध्यक्ष, मप्र कर्मचारी मंच

### पदोन्नति के लिए एसटी वर्ग का बताकर लिया लाभ



संतोष वर्मा मूल रूप से अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के हैं, लेकिन आईएएस में चयन और पदोन्नति के लिए खुद को अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग का बताकर लाभ लिया। मप्र राज्य प्रशासनिक सेवा (एमपीएससी) से आईएएस में प्रमोट होने के बावजूद, उनके चयन की प्रक्रिया पर जांच की मांग की गई। यदि प्रमोशन में अनियमितता पाई जाती है तो वर्मा को डिमोट किया जाए।

**सुधीर नायक,** अध्यक्ष, मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ

### आईएएस संतोष वर्मा के विवादित बयान पर भड़का आक्रोश

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटी को लेकर की गई कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर शनिवार को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के सामने सैकड़ों की संख्या में जेन जेड ने पंडित आशीष शर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान विरोध स्वरूप संतोष वर्मा का पुतला फूंका गया।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे आशीष शर्मा ने कहा कि यह मामला केवल एक समाज नहीं, बल्कि प्रदेश की सभी बहन-बेटियों के सम्मान से जुड़ा हुआ है। इसलिए दोषी अधिकारी पर तत्काल एफआईआर दर्जकर निलंबन की मांग है। कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि आईएएस संतोष वर्मा के बयान पर पूरे सवर्ण समाज में आक्रोश है,


प्रदर्शनकारियों ने संतोष वर्मा की फोटो का गधे पर निकाला जुलूस।

लेकिन भाजपा के ब्राह्मण नेता चुप्पी साधे बैठे हैं। क्या उनका जमीर खत्म हो गया है? जब एक समाज की बहन-बेटियों के सम्मान पर चोट पहुंचाई जा रही है, तब भाजपा नेता सड़कों पर क्यों नहीं उतर रहे? प्रदेश में ऐसी अभद्र मानसिकता को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अभिषेक द्विवेदी ने कहा कि संतोष वर्मा ने जिस तरह का बयान दिया है, वह न केवल निंदनीय है, बल्कि समाज में अशांति फैलाने वाला है।

### आईएएस संतोष वर्मा पर केस दर्ज करने को लेकर परिवादः टिप्पणी के खिलाफ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के आईएएस संतोष वर्मा की ब्राह्मण समाज की बेटियों पर की गई टिप्पणी का मामला थम नहीं रहा है। अब इंदौर के एक एडवोकेट ने उनके खिलाफ जिला कोर्ट में परिवाद लगाया है। जिसमें केस दर्ज करने की मांग की है। मामले में 4 दिसंबर को सुनवाई होगी। परिवाद एडवोकेट शैलेंद्र द्विवेदी ने 28 नवंबर को दायर किया है। जिसमें बताया है कि संतोष वर्मा जो अजाक्स अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांत अध्यक्ष हैं। वे एक आईएएस अधिकारी हैं। 25 नवंबर को भोपाल में अजाक्स के प्रांतीय अधिवेशन आयोजित था। इसमें संतोष वर्मा ने ब्राह्मण जाति की बेटियों के बारे में घटिया और निम्न स्तर की टिप्पणी की गई। परिवाद में कहा है कि इस प्रकार की टिप्पणी एक जिम्मेदार आईएएस व्यक्ति के मुंह से करनाभारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी से अपेक्षित चरण के अनुरूप नहीं है। इसकी भरपाई नहीं की जा सकती।

*फर्जी डीएड डिग्री मामला : सिर्फ डीएड की अंकसूचियों के सत्यापन का कार्य ऑफलाइन, विभाग से मांगे दस्तावेज*

# माशिमं की ऑफलाइन सत्यापन व्यवस्था पर सवाल, जांच के घेरे में आएंगे कई अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

शिक्षा विभाग में फर्जी डीएड अंकसूची का मामला सामने आने और मप्र स्पेशल टॉस्क फोर्स (एमपी एसटीएफ) द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में फर्जी डीएड सर्टिफिकेट से नौकरी पाने वाले शिक्षकों के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद डीएड अंकसूची के सत्यापन को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल में लगभग सभी कार्य हाईटेक होने के बाद भी डीएड अंकसूची के सत्यापन को ऑफलाइन ही रखा है।

ऐसे में यह प्रक्रिया भी जांच के दायरे में आ सकती है। जानकारों के अनुसार, 1965 में स्थापित माध्यमिक शिक्षा मंडल में दसवीं-बारहवीं की अंकसूची से लेकर उत्तर पुस्तिका की चैकिंग तक का काम ऑनलाइन कर दिया है। परीक्षा केंद्रों तक में सीसीटीवी कैमरे लगवाने वाले हाईटेक माशिमं में सिर्फ डीएड की अंकसूचियों के सत्यापन का कार्य ऑफलाइन चल रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, एसटीएफ द्वारा विभाग से कुछ दस्तावेज मांगे गए हैं।

### इन जिलों में कई मामले

फर्जी डीएड सर्टिफिकेट से सरकारी टीचर बनने वालों में सबसे ज्यादा शिक्षक मुरैना, शिवपुरी, ग्वालियर, इंदौर समेत अन्य जिलों में हैं। एसटीएफ की जांच में पता चला कि वर्ष 1998 से 2006 तक जिला और जनपद पंचायत के माध्यम से डीएड की फर्जी अंकसूची का खेल चला है। इसके बाद लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा संभाग या जिला स्तर पर बनाई नियोक्ता कमेटी द्वारा डीएड की फर्जी अंकसूची का सत्यापन कर मार्कशीट की रिपोर्ट को सही किया गया।

### कार्रवाई होगी

माशिमं को लेकर फिलहाल गड़बड़ी की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि इस मामले से संबंधित जिलों के कुछ अधिकारी वर्तमान में लोक शिक्षण में पदस्थ हैं। जांच जारी है, जिस व्यक्ति की संलिप्तता प्रकरण में मिलेगी, नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**राजेश भदौरिया,** एसपी, एसटीएफ

## सफाई मजदूर कांग्रेस ने दी चेतावनी

# अनुकंपा पर नियुक्त कर्मियों ने जमकर जताया विरोध-प्रदर्शन


अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ने जताया विरोध।

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

नगर निगम में अगस्त माह में अनुकंपा नियुक्ति पर आए कर्मचारियों को गार्डन सेक्शन में लगाने के विरोध में अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ने निगम मुख्यालय माता मंदिर पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उनका मुख्य कार्य सफाई का है, लेकिन गार्डन सेक्शन में उनकी डयूटी लगा दी गई है। उनसे गड्ढे करवाए जा रहे हैं। इससे कई कर्मचारी बीमार पड़ गए हैं। संगठन ने कहा है कि अगर जल्द ही उक्त कर्मचारियों को उनके मूल काम में ड्यूटी नहीं लगाई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### दो कर्मियों के साथ टला हादसा

अनिल श्रवण ने बताया कि गत दिवस तो दो कर्मचारियों के साथ बड़ा हादसा होते-होते टल गया। एक कर्मचारी जिसमें मुख्य चिराग चवरिया जो एक गड्ढे के अंदर गिरकर बेहोश हो गया। उनका वर्तमान में एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## पूरे सालभर में सिर्फ दो दिन दर्शनार्थ रखे जाते हैं पवित्र अस्थि कलश


# 73 वर्ष पहले सर्वप्रथम श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने सिर पर रखे थे पवित्र अस्थि कलश : प्रहलाद पटेल



हरिभूमि न्यूज ⏩ रायसेन

बौद्ध अनुयायियों के लिए सांची भारत का ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व का महत्वपूर्ण स्थल है। सर्वप्रथम इन पवित्र कलशों को 1952 में 30 नवंबर को श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने पहली बार अपने सिर पर उठाया था। उनके साथ प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू एवं वर्मा के प्रधानमंत्री मौजूद थे। उनके लिए यह दिन महत्वपूर्ण होगा, जो दर्शन के लिए यहां आएंगे।

यह बात महाबोधि महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने कही। उन्होंने कहा कि सांची बौद्ध अनुयायियों के लिए विश्व का एकमात्र स्थल है, जो शांति का संदेश देता है। दो दिन तक चलने वाले सांची महाबोधि महोत्सव का शुभारंभ शनिवार की सुबह पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल और सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, श्रीलंका महाबोधि सोसायटी के वानगल उपतिस्स नायक थैरो एवं अन्य अतिथियों द्वारा किया। सर्वप्रथम भगवान बुद्ध के परम शिष्य सारिपुत्र एवं मोग्गलान के पवित्र अस्थि कलशों को तलघर से निकाला गया तथा उन्हें पूजा स्थल पर रखा गया, जहां उनकी अतिथियों द्वारा विधिविधान से पूजन अर्चन की गई, जिसके बाद कलशों को दर्शनार्थ रखा गया। इस अवसर पर श्रीलंका से आए लोक कलाकार वाद्यंत्रों के साथ नृत्य करते हुए शामिल हुए, इनके पीछे बौद्ध भिक्षु कतारबद्ध चल रहे थे। शनिवार को दिनभर बौद्ध अनुयायियों द्वारा कलशों के दर्शन किए।




### सांची 'भारत की संस्कृति' को विदेशों में पहुंचाने में महत्वपूर्ण

श्रीलंका महाबोधि सोसायटी के वानगल उपतिस्स नायक थैरो ने कहा कि सांची भारत की संस्कृति को विदेशों में पहुंचाने में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहीं से भारत की संस्कृति और धर्म विदेश तक गए हैं। आज रविवार को मेले के दूसरे दिन भारत के कई प्रदेशों के बौद्ध अनुयायियों के अलावा विदेशी पर्यटक भी शामिल होंगे।

# मैनिटः इलेक्ट्रिक वाहनों और नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों के लिए उभरते पावर कन्वर्टर टोपोलॉजी

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राजधानी स्थित मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग में इलेक्ट्रिक वाहनों और नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों के लिए उभरते पावर कन्वर्टर टोपोलॉजी और नियंत्रण विधियों पर छह दिवसीय ऑनलाइन अटल एफडीपी का आयोजन किया गया। एफडीपी के समन्वयक डॉ. संजीव सिंह, प्रोफेसर, ईईडी और डॉ. गिरिबाबू डायनामिना, एसोसिएट प्रोफेसर, ईईडी रहे। पाठ्यक्रम का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहन और नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों के अत्याधुनिक क्षेत्र में ज्ञान प्रदान करना है। छह दिवसीय 17 से 22 नवंबर 2025 के बीच आयोजित एफडीपी में ईवी और आरईएस के लिए विभिन्न उभरते पावर इलेक्ट्रॉनिक कनवर्टर टोपोलॉजी और उनके नियंत्रण विधियों पर चर्चा की गई।


मैनिट में आयोजित कार्यशाला।

## मदनी के बयान पर भाजपा के मंत्री-विधायक ने जताई कड़ी आपत्ति

*मंत्री ने मूल्यों और राष्ट्रीय एकता के खिलाफ किए जाने वाले बयानों का किया पुरजोर विरोध*

# फिरकापरस्ती और देश को बांटने वाली राजनीति अब ज्यादा दिनों तक नहीं की जाएगी बर्दाश्त

- *भारत में रहने वालों को देश के संविधान और राष्ट्रीय प्रतीकों का करना होगी सम्मान*

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

जमीयत उलेमा-ए-हिंद की गवर्निंग बॉडी काउंसिल की बैठक में संगठन प्रमुख मौलाना महमूद मदनी के बयान पर मंत्री विश्वास सारंग ने पलटवार किया है। सारंग ने कहा कि यदि कोई भारत में रह रहा है तो उसे देश के संविधान और राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करना होगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि फिरकापरस्ती और देश को बांटने वाली राजनीति अब ज्यादा दिन तक नहीं चलेगी। सारंग ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और संवैधानिक संस्थाओं पर टिप्पणी करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि खाते हिंदुस्तान की है, लेकिन गाते किसी और की यह अब नहीं चलेगा। मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार संवैधानिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता के खिलाफ जाने वाले किसी भी बयान को सहन नहीं करेगी।

### मंत्री सारंग का मदनी के बयान पर कड़ा रुख

*संवैधानिक संस्थाओं पर टिप्पणी करने जैसी बात बेहद दुर्भाग्यपूर्ण*


विश्वास सारंग और मौलाना महमूद मदनी का फाइल फोटो।

### सुप्रीम कोर्ट बिरयानी नहीं खिलाएगी, फांसी के फंदे पर लटकाएगीः शर्मा

*मौलाना महमूद मदनी के बयान को लेकर विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। शर्मा ने कहा कि मदनी का बयान देश के संविधान, न्यायपालिका और सामाजिक सौहार्द के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान देश के माहौल को बिगाड़ने का काम करते हैं। मौलाना महमूद मदनी भारत के संविधान का उल्लंघन कर रहे हो और सुप्रीम कोर्ट को चैलेंज दे रहे हो। शर्मा ने कहा कि हिंदुस्तान के खिलाफ आतंकवाद का समर्थन करो और ऐसा करने के बाद सुप्रीम कोर्ट से न्याय की उम्मीद भी करो। आतंकवाद, निर्दोषों की हत्या होगी और सोचते हो कि सुप्रीम कोर्ट बिरयानी खिलाएगी? नहीं, सुप्रीम कोर्ट फांसी के फंदे पर लटकाएगा। अगर संविधान का उल्लंघन किया या न्यायपालिका पर सवाल उठाए, तो मैं न्यायपालिका से आग्रह करता हूं कि स्वतः संज्ञान लेकर देशद्रोह*


फाइल फोटो

भोपाल
रविवार, 30 नवंबर 2025
अगहन मास शुक्ल पक्ष-10
वर्ष : 12, अंक : 240
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 26
न्यून. 13

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## डिजिटल बैंकिंग का नए साल से बदलेगा तरीका



**नई दिल्ली।** पिछले कुछ सालों के दौरान डिजिटल ट्रांजेक्शन तेजी से बढ़े हैं। दूसरी ओर इसके साथ फ्रॉड के मामलों में भी तेजी से इजाफा हुआ है। अब रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया(आरबीआई) ने डिजिटल बैंकिंग को ज्यादा आसान और सुरक्षित बनाने के लिए 7 नए 'मास्टर' 'डायरेक्शन' जारी किए हैं। ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नए नियमों को 1 जनवरी 2026 से देशभर के बैंकों में लागू किया जाना है। इन डायरेक्शन को सरकार की तरफ से उस मुहिम के तहत जारी किया गया है, इसका मकसद ग्राहकों को सुरक्षा देना और नियमों को आसान बनाना है।

कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने निवार्चन स्टाफ की अथक मेहनत को सराहा

# अशोकनगर के बाद बैतूल ने भी बाजी मारी, प्रदेश में 100 फीसदी डिजिटाइजेशन कर 'दूसरा' जिला बना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में बैतूल जिले ने भी उपलब्धि हासिल की है। जिले ने मतदाताओं का 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूर्ण कर मध्यप्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इससे पहले यह उपलब्धि अशोकनगर ने हासिल की थी।

बैतूल कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जनपद के सीईओ, नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा अन्य जिला अधिकारियों के प्रेरणास्पद नेतृत्व और परिश्रम के कारण यह राष्ट्रीय महत्व का कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण हुआ है। उन्होंने कहा कि इस श्रेष्ठ उपलब्धि ▸▸ शेष पेज 4 पर

कलेक्टर ने कहा कि सभी ने कठिन चुनौती को सरलता से पूरा कर अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया


टीम को किया सम्मानित

### जिले के 12,58,295 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन पूर्ण

कलेक्टर सूर्यवंशी ने बताया कि आमला विधानसभा के 2,19,778, मुलताई विधानसभा के 2,35,605, बैतूल विधानसभा के 2,62,061, घोड़ाडोंगरी विधानसभा के 2,69,767 तथा भैंसदेही विधानसभा के 2,71,084 इस प्रकार जिले के कुल 12,58,295 मतदाताओं के गणना पत्रक का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है।

## खबर संक्षेप

### वॉरफेयर कोर्स में शामिल हुए मिश्रा



**इंदौर।** महू स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में आयोजित 5 दिवसीय इंफोरमेशन वॉरफेयर कोर्स आयोजित किया गया। 25 से 29 नवंबर तक चले इस कोर्स में आईएनएच के इंदौर ब्यूरो चीफ महेश मिश्रा भी शामिल हुए। उन्होंने इस कोर्स में बताई गई जानकारियों को गंभीरता से सीखा और इसके लिए उन्हें ले. जनरल कमांडेट हरजीत सिंह साही द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कई अधिकारियों ने मिश्रा की सीखने की इच्छा की सराहना की।

### शादी वाले घर की बिजली काटी, मौत



**ग्वालियर।** भितरवार में बिजली विभाग द्वारा केस दर्ज होने के सदमे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि घर में दो दिन बाद बेटे की शादी होनी थी। बकाया जमा न करने पर काटे गए कनेक्शन को लेकर विवाद हुआ था। अगले दिन बिजली विभाग ने पिता-पुत्र पर मामला दर्ज कराया। स्वजनों का कहना है कि केस दर्ज होने के बाद से राजू सोनी तनाव में थे और 28 नवंबर की रात उन्हें हृदयघात हुआ, जिससे उनकी मौत हो गई।

### मां के सामने दो बेटों की हत्या, ताऊ ने मारे चाकू



**सागर।** जमीनी विवाद के चलते मां के सामने उसके दो बेटों की ताऊ ने चाकू मारकर हत्या कर दी गई। दोनों भाई मां से हो रहे विवाद में बीच-बचाव करने गए थे। तभी ताऊ ने हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, चांदवर गांव में शांति बाई बंसल अपने जेठ के घर गई थीं। इसी दौरान डेढ़ एकड़ जमीन को लेकर उनकी कहासुनी होने लगी। शांति बाई के बेटे आकाश बंसल (उम्र 16) और दीपेश बंसल (उम्र 18) मौके पर पहुंचे थे।

एयर बस ने 6 हजार विमानों को सॉफ्टवेयर अपडेशन के लिए वापस बुलाया

# ताकि, नेविगेशन और फ्लाइट कंट्रोल रहे...कई उड़ानों में देरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

यूरोप की विमान निर्माता कंपनी एयरबस ने दुनियाभर से अपने ए320 बेड़े के 6 हजार विमानों को वापस बुलाया है। जो भी एयरलाइन इस कंपनी के विमान का इस्तेमाल कर रही थी उनके लिए मुश्किल खड़ी हो गई है। कंपनी का दावा है कि इन विमानों का सॉफ्टवेयर अपडेट करने की जरूरत है। जिसके बाद विमानों को वापस संचालन के लिए भेजा जाएगा। बता दें कि नासा ने वर्ष 2019 में चेताते हुए कहा था कि 2025 में सूर्य चक्र अपने चरम पर रहेगा। सूर्य के 25वें चक्र का पीक वर्ष है, जब सूर्य की गतिविधि (फ्लेयर्स, प्लाज्मा विस्फोट) सबसे ज्यादा होती है। इससे विकिरण की तीव्रता बढ़ जाती है, जो पहले कम थी। पहले के वर्षों (जैसे 2010-2020) में सूर्य शांत था, इसलिए ऐसी घटनाएं कम रहीं। एयरबस की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि ए320 सीरीज के एक विमान से जुड़ी घटना के विश्लेषण के दौरान पता चला है कि उड़ान नियंत्रण के दौरान इस्तेमाल होने वाले महत्वपूर्ण डेटा ▸▸ शेष पेज 4 पर

तेज सोलर रेडिएशन फ्लाइट के इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम पर बुरा असर डाल रहे

*सोलर फ्लेयर्स फ्लाइट कंट्रोल के काम करने के लिए जरूरी डेटा को खराब कर रहे*

*एयरबस के मौजूदा समय में करीब 11,300 ए320 विमान संचालित हो रहे*

भारतीय विमानन कंपनियों के पास लगभग 200-250 ए320 श्रेणी के एयरबस विमान


फाइल फोटो

### भारत में 560 विमान

एक एयरबस एयरक्राफ्ट से जुड़ी घटना से पता चला था कि सोलर फ्लेयर्स फ्लाइट कंट्रोल के काम करने के लिए जरूरी डेटा को खराब कर सकते हैं। इससे भारत में कई उड़ानें देरी से चल रही हैं। भारत में इंडिगो, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ए320 श्रेणी के विमानों का संचालन करती हैं। घरेलू एयरलाइन कंपनियां भारत में लगभग 560 विमानों का इस्तेमाल कर रही हैं। जिन विमानों में बदलाव किए जाने हैं, उनमें ए320 सीईओ और नियो के अलावा ए 321 सीईओ और नियो शामिल हैं।

### इस घटना के बाद कंपनी ने यह फैसला लिया?

30 अक्टूबर को जेटब्लू की एक फ्लाइट कैनकन, मेक्सिको से नेवार्क, न्यू जर्सी जा रही थी। अचानक फ्लाइट काफी तेजी से ऊंचाई से गिरने लगी। इसकी वजह से कई यात्री घायल हो गए थे। फ्लाइट 1230 ने जहाज के कंट्रोल में दिक्कत और अचानक बिना किसी कंट्रोल के ऊंचाई गिरने के बाद टैम्पा, फ़्लोरिडा में इमरजेंसी लैंडिंग की, जिसके बाद यूएस फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने जांच शुरू की।

### *ठीक हो चुके हैं आधे से ज्यादा प्लेन*

सॉफ्टवेयर अपडेट पर बोला डीजीसीए

डीजीसीए के मुताबिक भारत में उड़ने वाली एयरबस ए320 फैमिली एयरक्राफ्ट के आधे से ज्यादा विमानों के सॉफ्टवेयर अपडेट हो चुके हैं। भारत में उड़ने वाले एयरबस की फ्लाइट ए320 परिवार के कुल 338 विमान में एक जरूरी सॉफ्टवेयर अपडेट की जरूरत है। इन विमान में से 189 विमान में अपडेट पूरा हो चुका है, यानी आधे से ज्यादा बेड़ा अब सुरक्षित रूप से अपग्रेड हो ▸▸ शेष पेज 4 पर

सिंधिया के काफिले का एक्सीडेंट

## आपस में टकराईं 3 गाड़ियां एसडीओपी घायल हो गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अशोकनगर

■ अचानक ब्रेक लगने से हुई टक्कर

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का काफिला सड़क हादसे का शिकार हो गया, जहां काफिले के पीछे चल रहे एसडीओपी और तहसीलदार के वाहन सहित एक अन्य वाहन आपस में टकरा गए और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इस घटना में अशोकनगर एसडीओपी विवेक शर्मा घायल हो गए हैं, जिन्हें



जिला अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया है। सिंधिया चार दिवसीय क्षेत्र के दौरे पर हैं। शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री सिंधिया चंदेरी में आयोजित पर्यटन विभाग के ईको रिट्रीट महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। ▸▸ शेष पेज 4 पर

एडवांस बुकिंग का पैसा वापस होगा

## मप्र के सभी टाइगर रिजर्व में अब नाइट सफारी बंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नर्मदापुरम

■ सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 1 दिसंबर से रोक

मध्यप्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व में अब नाइट सफारी नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट के 17 नवंबर को दिए गए आदेश के बाद 1 दिसंबर 2025 से प्रदेशभर में रात्रिकालीन सफारी पर पूरी तरह रोक लगाई जा रही है। जिन पर्यटकों ने पहले से एडवांस बुकिंग कर रखी है, उन्हें पूरी राशि



वापस की जाएगी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) शुभरंजन सेन ने इस संबंध में सभी टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टरों को आदेश जारी कर दिए हैं। इसके तहत सतपुड़ा टाइगर रिजर्व समेत प्रदेश के सभी ▸▸ शेष पेज 4 पर

भगवान पर की थी विवादित टिप्पणी

## महा.छत्रसाल बुंदेलखंड विवि की कुलगुरु शुभा तिवारी को हटाया

**छतपरपुर।** बीते दिनों भगवान श्रीराम, सीता और लक्ष्मण पर की गई कथित टिप्पणी के मामले में राज्य सरकार ने


■ धारा 52 का मतलब है कोई निर्णय नहीं ले पाएंगी

महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की कुलगुरु शुभा तिवारी को पद से हटा दिया गया है। यह कार्यवाही धारा 52 के तहत की गई है। जानकारी के मुताबिक एक कार्यक्रम में कुलगुरु तिवारी ने भगवान को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी जिसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से गई थी। इसके बाद उन्हें हटाने के आदेश जारी कर दिए गए। गौर हो कि टिप्पणी के बाद कार्यपरिषद सदस्य डॉ. नितेश शर्मा ने उनके कार्य की निंदा ▸▸ शेष पेज 4 पर

बगलामुखी मंदिर भूमि से कब्जा हटाया

## 20 साल बाद करीब 200 करोड़ रु. मूल्य की जमीन मुक्त कराई

**नलखेड़ा।** आगर मालवा में मां बगलामुखी मंदिर परिसर की भूमि से दो दशक पुराना कब्जा हटा दिया गया है। उच्च


■ हाईकोर्ट के आदेश के बाद देर रात बड़ी कार्रवाई

न्यायालय के फैसले के बाद प्रशासन ने यह कार्रवाई की। हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सुनाए अपने फैसले में स्पष्ट किया था कि यह विवादित भूमि मूर्ति श्रीराम मंदिर की है और 1997 में फर्जी तरीके से ली गई डिक्री अवैध थी। उच्च न्यायालय का आदेश मिलते ही शुक्रवार शाम को जिला प्रशासन सक्रिय हो गया। रात में ही मंदिर परिसर से सटी विवादित दुकानों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। शनिवार सुबह तक लोगों ने अपनी दुकानों का ▸▸ शेष पेज 4 पर


इंदौर में 2 दिन रहेंगे होसबाले

## जनजातीय समाजों से की बात, आज अनुषांगिक संगठनों के साथ संवाद

**इंदौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले शनिवार और रविवार दो दिन


■ चयनित महाविद्यालयीन शाखा टोलियों के कार्यक्रम में भाग लिया

इंदौर में हैं। होसबाले शनिवार सुबह मालवा प्रांत के जनजातीय समाजों के नेतृत्व करने वाले बंधु-भगिनियों के साथ संवाद सत्र में शामिल हुए। जिसके बाद वे शाम को 5 बजे चिमनबाग में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं, होसबाले रविवार को अनुषांगिक संगठनों के साथ आंतरिक बैठक करेंगे और संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करेंगे। होसबाले इंदौर में बैठकों के दौरान 1 दिसंबर से मालवा ▸▸ शेष पेज 4 पर



## मध्यप्रदेश के खाली पड़े निगम मंडलों में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष की नियुक्तियों का मामला

# अब सत्र के बाद ही तय होगी नेताओं की किस्मत, 100 से अधिक नेताओं की जारी होगी सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में निगम, मंडल, बोर्ड, प्राधिकरणों में राजनीतिक नियुक्ति की आस लगाए बैठे नेताओं को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। जानकारी के अनुसार, सत्ता और संगठन ने फिलहाल राजनीतिक नियुक्तियों को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के कारण रोक दिया है। यानी प्रदेश में अब राजनीतिक नियुक्तियां 5 दिसंबर के बाद ही संभव है। इस बीच खबर है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश कार्यकारिणी में एक और विस्तार करने की तैयारी कर रहे हैं।

भाजपा सूत्रों की माने तो भाजपा की प्रदेश इकाई में जल्द ही बड़ा विस्तार देखने को मिलेगा। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा टीम विस्तार की तैयारियां लगभग अंतिम चरण में हैं।

### बैठक का आयोजन कर सकती है भाजपा इसमें जिलाध्यक्ष से लेकर विधायकों तक से एसआईआर के काम को लेकर फीडबैक लिया जाएगा


हेमंत खंडेलवाल (फाइल फोटो)

इस विस्तार के बाद प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों और विशेष आमंत्रित सदस्यों की नई सूची जारी होगी। काफी हद तक नामों का चयन भी कर लिया गया है। भाजपा की छोटी टोली की पिछले दिनों सीएम हाऊस में हुई बैठक में भी इस बात पर चर्चा हो चुकी है। विधानसभा सत्र के दौरान ही भाजपा एक बड़ी बैठक का आयोजन कर सकती है इसमें जिलाध्यक्ष से लेकर विधायकों तक से एसआईआर के काम को लेकर फीडबैक लिया जाएगा साथ ही अगले साल की कार्ययोजना को लेकर उन्हें विस्तार से बताया जाएगा।

### सौ के आसपास हो सकती है संख्या

दरअसल भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के लिए प्रदेश कार्यकारिणी का गठन जरूरी होता है। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक अमूमन हर तीन माह में होती है पर इस बार यह लंबे समय से नहीं हुई है। इसलिए खंडेलवाल अपनी शेष बची टीम का ऐलान कर प्रदेश कार्यसमिति की बैठक बुला सकते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अपनी टीम में एक नया विस्तार जल्द कर सकते है। इस विस्तार में विशेष आमंत्रित और स्थाई आमंत्रित सदस्यों समेत प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों की नियुक्त किया जाएगा। इनकी संख्या करीब सौ के आसपास हो सकती है। विशेष आमंत्रित सदस्यों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मप्र के केन्द्रीय मंत्रियों समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं को मौका मिलेगा तो प्रदेश कार्यकारिणी में कई पूर्व जिलाध्यक्ष समेत पूर्व पदाधिकारी भी शामिल हो सकते हैं।

### भाजपा का अभी एसआईआर पर है फोकस

भाजपा अभी केन्द्रीय नेतृत्व से मिली गाइडलाइन के अनुसार एसआईआर को लेकर प्रदेश में बैठकें कर रही है। एसआईआर अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी और महामंत्री तरुण चुघ भी प्रदेश के दौरे पर हैं। वहीं खुद खंडेलवाल, संगठन महामंत्री हितानंद समेत अन्य नेता भी एसआईआर की विशेषताएं लोगों को बताने के लिए दौरे कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष अपने दौरे में स्थानीय सांसद, विधायक और अन्य नेताओं से भी मिलकर उनके विचार जान रहे हैं साथ ही नेताओं की सक्रियता का भी आंकलन कर रहे हैं। माना जा रहा है कि उनके दौरे निपटते ही प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों समेत सभी सदस्यों के नामों का ऐलान कर दिया जाएगा।

### नेताओं से मांगे नाम, एडजस्ट करने की ज्यादा चुनौती

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चलते निगम-मंडलों में होने वाली नियुक्तियों को टाल दिया गया है। राजनीतिक नियुक्तियों के लिए दावेदारों को अभी और इंतजार करना पड़ सकता है। निगम-मंडलों में नियुक्तियों को लेकर बैठक तो सीएम हाऊस में हो चुकी है पर कांग्रेस से आए नेताओं में से किसे लिया जाए, इसे लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। इसके अलावा भाजपा को अपने मूल पिंड के नेताओं को भी एडजस्ट करना है।

---

## उज्जैन दक्षिण विधानसभा के बूथ क्रमांक 165 पर पहुंचे, राजनंदिनी परिसर पहुंच कर एसआईआर पर की चर्चा

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चर्चा कर एसआईआर में सहभागिता के लिए जनता से किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में उज्जैन दक्षिण विधानसभा के बूथ क्रमांक 165 के मतदाताओं से राजनंदिनी परिसर पहुंच कर एसआईआर पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वहां एकत्रित मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरिक्षण (एसआईआर) कार्य की जानकारी देकर अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आव्हान किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मतदाताओं को जानकारी दी कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची की जानकारी बीएलओ के माध्यम से प्राप्त कर गणना पत्रक भरकर बीएलओ को शीघ्र वापस दें जिससें एसआईआर का कार्य शीघ्रता से पूर्ण हो सकें। उन्होंने नागरिकों को एसआईआर के कार्य में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। 2028 में बेहतर प्रबंधन के लिये 29 किलो मीटर में बन रहे नवीन घाटों के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि नवीन घाटो के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा कार्य समय सीमा में पूर्ण किये जाएं।


जनता से चर्चा करते सीएम डॉ. यादव।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव बस स्टैंड पर चाय बनाई और चर्चा भी की

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को उज्जैन में नानाखेड़ा के पं. दीनदयाल उपाध्याय बस स्टैंड पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बस स्टैंड से अंतरराज्यीय बसें संचालित की जाती हैं। साथ ही राज्य के विभिन्न शहरों में आवागमन के लिए भी यहां से बसें संचालित होती हैं। मुख्यमंत्री ने यहां पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और यात्रियों, ऑटो रिक्शा संचालकों से चर्चा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बस स्टेंड पर बस यात्रियों और स्थानीय दुकानदारों से चर्चा की। उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही एक चाय की दुकान पर चाय भी बनाई और नागरिकों से चाय पर चर्चा की। मुख्यमंत्री के सादगीपूर्ण व्यवहार की नानाखेड़ा बस स्टैंड के स्थानीय लोगों ने प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की शिकायत

### घर जाने के तीन बार के निर्देश, फिर भी अधिकांश बीएलओ एक बार ही मतदाता से कर रहे संपर्क

भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से भेंट कर निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। प्रतिनिधिमंडल ने आयोग का ध्यान बीएलओ के कार्य-प्रणाली से जुड़े गंभीर मुद्दों की ओर आकर्षित किया और तत्काल आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में एसआईआर के प्रदेश संयोजक एवं विधायक भगवानदास सबनानी, पार्टी के प्रदेश मंत्री एवं सह संयोजकरजनीश अग्रवाल तथा सह संयोजक एसएस उप्पल शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बीएलओ को मतदाताओं के घर तीन बार जाकर गणना-पत्रक वितरित एवं एकत्रित करने के निर्देश दिए गए थे, किंतु व्यवहार में अधिकांश बीएलओ सिर्फ एक बार ही संपर्क कर रहे हैं। कई स्थानों पर अनुपस्थित मतदाताओं के लिए फार्म उपलब्ध कराने की विधिवत प्रक्रिया का भी पालन नहीं किया जा रहा है। जिससे अनेक मतदाताओं को गणना-पत्रक प्राप्त ही नहीं हो पाए हैं।

## नरेला के पोलिंग स्टेशन पहुंचे पूर्व सीएम, एक संघ का बोर्ड लगा मिला

### दिग्विजय सिंह ने वोटर लिस्ट में पकड़े 30 फर्जी नाम, बूथ लेवल अधिकारी नहीं दे पाए जवाब

**भोपाल।** केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता पुनरीक्षण सर्वे कार्य में गड़बड़ियां मिलने की शिकायत की जांच करने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह नरेला विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र पहुंचे। सिंह जिस केंद्र पर पहुंचे वहां संघ का बोर्ड भी टंगा था। स्थानीय कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने उन्हें मतदान केंद्र क्रमांक


सूची देखते सिंह और शुक्ला

189 पर मकान नंबर 70 पर ले जाकर मतदाता सूची दिखाई। मकान में जांच के लिए गए वहां पर ज्योतिबा फुले शाखा नवीन नगर संघ के मुख्य शिक्षक गौतम आर्य मिले।

मतदाता सूची में लिखित नामों की जब उनसे जानकारी मांगी गई तो उन्होंने सब नामों को जानने से इनकार कर दिया। सिंह ने इस पूरे मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

---

## कांग्रेस की शीतकालीन सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग

# विधायकों ने 1497 प्रश्न विधानसभा के जरिए मध्य प्रदेश सरकार से पूछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक दिसम्बर से शुरू होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधायकों ने 1497 सवाल विधानसभा के जरिए राज्य सरकार से पूछे हैं। चार दिन के छोटे सत्र में एक दिन में औसत 374 सवाल तय किए गए हैं। उधर कांग्रेस विधायकों ने सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से सत्र की अवधि छोटी बताते हुए जनहित के लिए इसमें वृद्धि करने की मांग की है, ताकि जनता के मुद्दों को सरकार तक पहुंचाया जा सके। सोमवार से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र के लिए इस बार कुल 907 ऑनलाइन और 590 ऑफलाइन सवाल किए गए हैं। इस तरह कुल 1497 सवाल हुए हैं। जिसके जवाब सरकार ने विधानसभा सचिवालय को भेज दिया है। सवालों के साथ सचिवालय ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव भी मांगे हैं। सोमवार से शुरू होने वाले सत्र की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविन्द शर्मा ने व्यवस्थाओं की जानकारी ली है। पिछले विधानसभा सत्र के दौरान विधायकों को विधानसभा परिसर में नारेबाजी करने और धरना देना प्रतिबंधित किया गया था, लेकिन इस बार विधायकों के लिए जारी की गई गाइडलाइन में यह प्रतिबंध वापस ले लिया गया है।

### शीतकालीन सत्र पर नेता प्रतिपक्ष का ट्वीट

ग्वालियर ग्रामीण से विधायक साहब सिंह गुर्जर और पृथ्वीपुर विधायक नितेंद्र सिंह राठौर ने विधानसभा अध्यक्ष से आग्रह किया है कि विधानसभा सत्र की अवधि बढ़ाई जाए। किसानों और क्षेत्र की जनता की अपेक्षा है कि जनहित के मुद्दों को सदन में उठाया जाए और उसका निराकरण किया जाए। इसे दृष्टिगत रखते हुए विधानसभा सत्र की अवधि को बढ़ाया जाना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने ट्वीट कर कहा है कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र की समय अवधि मात्र 4 दिन रखी गई है। इतनी कम समय अवधि का सत्र प्रदेश की जनता के मुद्दों के लिए पर्याप्त नहीं है। बता दें कि विधानसभा का शीतकालीन सत्र 1 से 5 दिसंबर तक प्रस्तावित है। इसमें कुल 4 बैठकें होंगी। हालांकि, 3 दिसंबर को गैस त्रासदी का स्थानीय अवकाश रहेगा। परंपरा के अनुसार पहले दिन श्रद्धांजलि के बाद कार्यवाही स्थगित होती है। ऐसे में सदन के पास वास्तविक कामकाज के सिर्फ 3 दिन बचेंगे। दरअसल, विधानसभा में छोटे विधानसभा सत्रों का ट्रेंड चल पड़ा है। पिछले दस साल में सबसे बड़ा शीतकालीन सत्र 2015 में रहा था।

## एडीजी को डीजी रैंक में पदोन्नति की उम्मीद

# सीनियर पदों पर अगले साल फिर होगी अफसरों की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में सीनियर पदों पर आईपीएस अफसर की कमी 2026 में और बढ़ जाएगी। प्रदेश में जहां अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रैंक की अफसर की लगातार कमी होती जा रही है। वहीं पुलिस महानिरीक्षक के पद पर अब फिर से कमी होगी। आगामी 2 सालों में जहां दो आईपीएस अफसर आईजी बनेंगे और एक अफसर आईजी से एडीजी के पद पर प्रमोट होंगे।

दरअसल, साल 2026 में एडीजी आईजी और पुलिस महानिदेशक रैंक की कई अधिकारी सेवानिवृत्ति की आयु में पहुंच रहे हैं। जिससे वरिष्ठ पदों पर खाली संख्या और बढ़ जाएगी।

### दो स्पेशल डीजी होंगे रिटायर

साल 2026 के जून में स्पेशल डीजे संजीव शमी में रिटायर होंगे। इसके बाद अगस्त में पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के अध्यक्ष अजय शर्मा और नवंबर में मध्य प्रदेश पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना रिटायर होंगे। डीजी की इन खाली पदों पर एडीजी रैंक के अफसरों को प्रमोशन दिया जाएगा। एडीजी आशुतोष राय को डीजी रैंक में पदोन्नति होने की उम्मीद है लेकिन अगस्त साल 2026 में रिटायर हो जाएंगे। इसके बाद एडीजी प्रशिक्षण राजा बाबू और डीपी गुप्ता को स्पेशल डीजी के पद पर प्रमोट किया जाएगा।

---

## 8 जिलों में महासचिव बनने का आदेश जारी

# चौधरी-जीतू का झगड़ा खत्म नियुक्ति का प्रपोजल स्वीकार

» ***प्रदेश प्रभारी ने जताई थी नाराजगी, बिना अनुमोदन नहीं होगी नियुक्ति***

» ***जीतू पटवारी ने अनुमोदन भेजा, उसके बाद प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने दी सहमति***


हरीश चौधरी एवं जीतू पटवारी (फाइल)

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस में नियुक्ति को लेकर मचा कोल्ड वॉर अब खत्म हो गया है। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने जीतू पटवारी के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके साथ ही प्रदेश के 8 जिलों में जनरल सेक्रेटरी बनने का आदेश जारी कर दिया है। दरअसल बीते दिनों पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक में बड़े नेताओं ने दोनों को समझाइए दी आपसी सहमति से फैसले लेने के लिए दोनों में सुलह कराई गई। इसके बाद जीतू पटवारी ने बाकायदा जनरल सेक्रेटरी की नियुक्ति के लिए प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी को प्रस्ताव भेजा। जीतू पटवारी के भेजे गए प्रस्ताव को प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने ऑडिट कर दिया। इसके बाद जनरल सेक्रेटरी की नियुक्ति को लेकर आदेश जारी कर दिया गया है। दरअसल, बीते दिनों प्रदेश प्रभारी ने जीतू पटवारी को पत्र लिखा था।

### संगठन को मजबूत करेंगे जनरल सेक्रेटरी

जनरल सेक्रेटरी की नियुक्ति के बाद जीतू पटवारी ने कहा कि यह नियुक्ति संगठन को और सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी निरंतर बूथ से लेकर प्रदेश तक के संगठन को मजबूत करने कार्यकर्ता संरचना को सक्रिय और पार्टी की जमीनी पकड़ को बेहतर बनाने के लिए की है। कांग्रेस का मानना है की नई जिम्मेदारियों से संगठन के कार्यों में तेजी आएगी। आने वाले समय में एक अधिक मजबूत संगठित और सशक्त राजनीतिक ढांचा भी तैयार होगा।

### इन्हें बनाया गया जनरल सेक्रेटरी

उमरिया से पुष्पराज सिंह, जबलपुर सिटी रितेश गुप्ता, राजगढ़ से राधेश्याम, धार से परितोष, उज्जैन सिटी से अजय राठौर, उज्जैन रूलर से राजेंद्र व्यास, इंदौर सिटी में संजय बाकलीवाल इंदौर रूलर से दौलत पटेल को नई जिम्मेदारी दी गई है।

## बसामन मामा गो-अभयारण्य में 25 दिसंबर को होगा प्राकृतिक खेती सम्मेलन

# प्राकृतिक खेती के लिए गोपालन आवश्यकः उप मुख्यमंत्री शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गो-अभयारण्य का भ्रमण करते हुए कहा कि बसामन मामा गो-अभयारण्य के आसपास का क्षेत्र विन्ध्य में प्राकृतिक खेती का केन्द्र बनेगा। प्राकृतिक खेती के लिए गौपालन आवश्यक है। कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए भी पशुपालन आवश्यक है। बसामन मामा गो-अभयारण्य में 25 दिसंबर को स्व. प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म-दिन मनाया जाएगा। इस दिन अभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में कृषि विशेषज्ञ तथा प्राकृतिक खेती से जुड़े किसान भाग लेंगे। सम्मेलन क्षेत्र में प्राकृतिक खेती के विकास के प्रयासों को गति देगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने

### *बसामन मामा गो-अभयारण्य के आसपास का क्षेत्र बनेगा प्राकृतिक खेती का केन्द्र*

कहा कि बसामन मामा गो-अभयारण्य में 8 हजार से अधिक निराश्रित गौवंश को आश्रय दिया गया है। इनके गोबर और गोमूत्र का उपयोग करके आसपास के क्षेत्र को रासायनिक खाद के उपयोग से मुक्त किया जा सकता है। गो-अभयारण्य में प्राकृतिक खेती और जैविक खेती को बढ़ावा देने के साथ दुधारु पशुओं के नस्ल सुधार, महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण पर भी बल दिया जा रहा है। गो-

### 25 दिसंबर को विशाल कार्यक्रम

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि 25 दिसंबर को अटलजी के जन्म-दिन पर एक विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसकी सभी तैयारियां समय पर पूरी कर लें। निर्माणाधीन भोजन शाला का निर्माण अनिवार्य रूप से पूरा कराएं। गो-अभयारण्य में बिजली की निर्बाध आपूर्ति की व्यवस्था करें। गौशाला का भ्रमण कर निर्माण

## राष्ट्रीय मंच पर प्रोजेक्टर की प्रस्तुति देवास और मप्र पुलिस के लिए उपलब्धि

### लगभग 500 पुलिस अधिकारी कॉन्फ्रेंस में हुए शामिल

# डीजीपी-आईजी कांफ्रेंसः रॉ समेत देश के आला अफसरों के सामने डीजीपी मकवाना ने पेश की डिजिटल इन्वेस्टिगेशन मॉडल की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर स्थित आईआईएम कैंपस में डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस हो गई। देशभर से लगभग 500 पुलिस अधिकारी इस कॉन्फ्रेंस में शामिल हुई। इनमें रॉ और आईबी के अधिकारी भी शामिल हैं। कॉन्फ्रेंस में देवास जिला पुलिस द्वारा लागू किया गया डिजिटल इन्वेस्टिगेशन मॉडल प्रस्तुत किया जाएगा। देवास में इस प्रणाली को लागू कराने वाले पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत ने जिला पुलिस की कार्यप्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव किया है।

नए माडल को मध्य प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना ने पेश किया है। राष्ट्रीय मंच पर इस प्रोजेक्ट की प्रस्तुति देवास पुलिस और मध्यप्रदेश पुलिस दोनों के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। संभावना यह भी है कि यह मॉडल इस कॉफ्रेंस के बाद अन्य राज्यों में भी लागू करने पर विचार किया जाए। यह पहल आधुनिक, पारदर्शी और त्वरित पुलिसिंग की दिशा में मध्यप्रदेश का एक मजबूत कदम साबित हो सकती है।


डीजीपी कैलाश मकवाना (फाइल फोटो)

### 85% से अधिक मामलों की जांच समय पर पूरी

.नई व्यवस्था से देवास पुलिस ने सभी प्रक्रियाओं को पूरी तरह डिजिटल कर दिया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद संबंधित सभी दस्तावेज, जैसे एमएलसी रिपोर्ट, फोरेंसिक परीक्षण की रिपोर्ट, विधि अधिकारी की राय या अन्य अनुमतियां ऑनलाइन ही भेजी और प्राप्त की जाती हैं। इससे पुलिसकर्मियों का वह समय बचा जो वे दस्तावेज एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने में लगाते थे। डिजिटल ट्रैकिंग और रियल-टाइम अपडेट से जांच की पारदर्शिता भी बढ़ी है। किसी दस्तावेज में विलंब या कमी होने पर तुरंत सूचना मिल जाती है, जिससे प्रक्रिया तेज होती है। इस नवाचार का सबसे बड़ा परिणाम यह निकला कि देवास जिले ने इस वर्ष दर्ज प्रकरणों में से 85 प्रतिशत से अधिक मामलों की जांच समय पर पूरी कर ली, और अधिकांश प्रकरणों में चालान भी अदालत में समय पर पेश कर दिए गए। प्रदेश के कई जिलों में जहां फाइलों की आवाजाही और रिपोर्ट की प्रतीक्षा जांच को धीमा करती है, वहीं डिजिटल मॉडल से स्पष्ट कर दिया है कि तकनीक अपनाकर पुलिसिंग को कितनी गति दी जा सकती है।

**इसलिए विशेष है देवास पुलिस का नवाचार**

देवास पुलिस का प्रोजेक्ट पारंपरिक पुलिसिंग के उस लंबे और समय लेने वाले चरण को खत्म करता है, जिसमें पुलिसकर्मी अक्सर डाकिया की भूमिका में नजर आते थे। एफआईआर दर्ज होने के बाद एमएलसी के अलावा भोपाल भेजी जाने वाली फोरेंसिक जांच से जुड़े दस्तावेज ले जाना, फिर जांच की रिपोर्ट लेने जाना। अदालत में चालान प्रस्तुत करने से पहले विधि अधिकारी की राय प्राप्त करना और ऐसे ही कई आवश्यक दस्तावेजों को शारीरिक रूप से लेकर जाना पुलिसकर्मियों के कीमती समय को डाकिया के रूप में ही निकल जाता था।

# इस साल दिसंबर में 3 डिग्री तक जाएगा रात का पारा, बारिश होने की भी संभावना

संजीव सक्सेना ▶▶ भोपाल

इस साल दिसंबर के महीने में कड़ाके की सर्दी कई रिकार्ड तोड़ सकती है। रात का पारा ऑल टाइम रिकॉर्ड को तोड़ने के साथ कुछ अन्य रिकार्ड भी तोड़ सकता है। इस महीने तेज सर्दी के साथ बारिश भी होगी, जिससे पहले कुछ दिन रात में कड़ाके की सर्दी से कुछ राहत मिल सकती है।

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार नवंबर महीने में सर्दी ने कई रिकॉर्ड तोड़े हैं, अब दिसंबर भी सर्दी इस साल रिकॉर्ड तोड़ेगी। इसका प्रमुख कारण लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ के साथ ला नीना का असर भी है।

अलग खबर

## भोपाल में सर्दी का ऑलटाइम रिकार्ड 3.1 डिग्री का है, जो 11 दिसंबर 1966 को दर्ज हुआ

### पहले सप्ताह में मध्यम अंतिम में तेज सर्दी

मौसम विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार इस साल दिसंबर के पहले सप्ताह में भी कोल्ड वेव होगी, लेकिन ओवरऑल कड़ाके की सर्दी दूसरे और अंतिम सप्ताह में अधिक रहेगी। भोपाल में दिसंबर में कड़ाके की सर्दी से कुछ दिन ही राहत रहेगी।

**शीतलहर और तीव्र शीतलहर के दिन भी बढ़ेंगे**

**तीन ऑल टाइम रिकार्ड टूटने के आसार**



शाहपुरा झील में धूप सेंकते पक्षी, समयः शनिवार दोपहर 1.10 बजे।

### दिसंबर में कोल्ड वेव के दिन भी अधिक

*भोपाल में कड़ाके की सर्दी का ऑलटाइम रिकार्ड 3.1 डिग्री का है, जो 11 दिसंबर 1966 को दर्ज हुआ था। इस साल रात का पारा 3 डिग्री या इससे कम रहने पर यह रिकॉर्ड टूट जाएगा। इसके साथ ही इस महीने का सामान्य औसत न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री होता है, जो महीने में सर्दी के दिनों की संख्या बढ़ने पर इससे नीचे पहुंचेगा, जिससे यह रिकॉर्ड भी टूट सकता है। इसके अलावा इस साल दिसंबर में कोल्ड वेव के दिन भी अधिक रहेंगे। भोपाल में दिसंबर में सर्वाधिक कोल्ड वेव वर्ष 2021 और 2024 में 8 और 10 दिन तक रही है। वर्ष 2021 में 15 और 24 दिसंबर को सबसे कम न्यूनतम पारा 3.4 डिग्री तक रहा है, जबकि पिछले साल 5 दिसंबर को 3.3 डिग्री पर पहुंच गया था। इस साल इस स्तर तक पारा दूसरे सप्ताह तक पहुंच सकता है। इससे इस साल कोल्ड वेव और सीवियर कोल्ड वेव को मिलाकर 12 से 13 दिन कड़ाके की सर्दी हो सकती है। इससे यह रिकार्ड भी टूटने की उम्मीद है।*

---

## सुभाष नगर मेट्रो के डिपो के पास वाहन चालकों के हाल-बेहाल

# पशु बाजारः हर दिन लग रहा जाम गंदगी, धूल के बीच गुजर रहे लोग

हरिभूमि ▶▶ भोपाल

एक ओर शहर में मेट्रो के संचालन को हरी झंडी मिलने का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है तो सुभाष नगर मेट्रो डिपो के पास ही पशु बाजार लग रहा है। रोज तीन घंटे तक राहगीर और वाहन चालक धूल, गंदगी, दुर्गंध और जाम के बीच आवाजाही कर रहे हैं। वाहनों में भरकर पशुओं की आवाजाही के दौरान क्षेत्र का वातावरण दूषित हो रहा है, लेकिन इस बड़ी समस्या की ओर निगम प्रशासन और निगम के जोन स्तर के अधिकारियों का ध्यान नहीं है।

अगर ऐसा ही रहा तो मेट्रो से सफर करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। शनिवार को सुबह यहां अव्यवस्थाओं को उजागर करता एक वीडियो भी दिनभर सोशल मीडिया पर वायरल होता रहा। इसके बावजूद क्षेत्रीय स्वास्थ्य विभाग का अमला मौके पर नहीं पहुंचा।

### नगर निगम के अधिकारियों का ध्यान नहीं

**खास बातें**

- ऐसे ही रहा तो मेट्रो में सफर करने वालों को होगी मुश्किल
- पशुओं की आवाजाही के दौरान वातावरण दूषित हो रहा



पशु बाजार के पास सड़क पर लगा जाम और उड़ती धूल।

### पर्याप्त जमीन नहीं मिलने से बाजार की शिफ्टिंग अटकी

जानकारी के अनुसार सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन व डिपो के पास नगर निगम की भूमि है। यहां कई सालों से पशुओं का बाजार लग रहा है। कई बार इस बाजार को शिफ्ट करने का प्रयास किया गया, लेकिन निगम को पर्याप्त जगह ही नहीं मिली, लेकिन अब जबकि मेट्रो के संचालन का इंतजार मात्र है, ऐसे में इसे समय रहते शिफ्ट नहीं किया गया तो बड़ी मुश्किल लोगों को झेलना पड़ सकती है। यहां सुबह 5 बजे से 9 बजे तक पशुओं की बिक्री और नीलामी होती है।

### खरीदी-बिक्री के लिए देर रात से ही वाहनों में पशुओं की आवाजाही हो जाती है शुरू



पशु बाजार

पशुओं की खरीदारी पुराने स्लाटर हाउस के पीछे होती थी। हालांकि इसे परवलिया के पास शिफ्ट कर दिया गया था, लेकिन अब सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन के पास यह लगने लगा। यहां खाली जमीन पर सैकड़ों पशुओं की खरीदी-बिक्री जारी है। आधी रात से ही वाहनों से पशुओं के आने का सिलसिला शुरू हो जाता है। इस दौरान बड़े-बड़े लोडिंग वाहनों में लाकर पशुओं को बीच सडक़ पर उतारा-चढ़ाया जा रहा है।

### कार्रवाई तो करते हैं, लेकिन अब शिफ्ट होगी

*नगर निगम में जोन-12 के स्वच्छता प्रभारी रवि बाथम का कहना है कि यहां लंबे समय से पशुओं का मेला लग रहा है। कई बार कार्रवाई भी की, लेकिन अब यह शिफ्ट होंगी। इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारी ही बता पाएंगे। इस संबंध में जानकारी के लिए जोनल अधिकारी रजनीश श्रीवास्तव से भी मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उनका मोबाइल बंद मिला।*

---

## राजस्व वसूली में तेजी लाने उठाया कदम

# नगर निगम में विधानसभावार नियुक्त होंगे राजस्व अधिकारी

हरिभूमि ▶▶ भोपाल

नगर निगम प्रशासन राजस्व वसूली व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने जा रहा है। निगम शहर में छह राजस्व अधिकारी बनाने जा रहा है। प्रत्येक पर एक विधानसभा क्षेत्र में राजस्व का जिम्मा रहेगा। छह राजस्व अधिकारी बनाए जाएंगे। इसके लिए सूची तैयार की जा रही है। ऐसा होने पर एडीसी पर न काम का लोड कम होगा।

राजस्व विभाग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में निगम के पास एडीसी तो हैं, लेकिन उनका ज्यादातर समय कार्यालय में फाइलों के निपटाने में ही बीतता है। वे फील्ड में नहीं जा पाते। इसके कारण राजस्व वसूली में दिक्कत आती है। विधानसभावार राजस्व अधिकारियों की नियुक्ति होने पर न सिर्फ राजस्व वसूली सिस्टम से हो सकेगी, बल्कि समीक्षा बैठक में भी मजबूत प्लानिंग के साथ काम हो सकेगा।

### राजस्व विभाग में यह हैं मुख्य अधिकारी

*सत्य प्रकाश बडगैया राजस्व निरीक्षक, विशाल रामकर मुख्य राजस्व निरीक्षक हैं वर्तमान में जेडओ, मंयज जाट, कुलदीप जैन जेडओ, अनंत त्यागी मुख्यालय, नूतन खरे जेडओ, राम दत्त तिवारी जीएडी, सोनाली साहू जेएडी हैं। संभवत इन्हीं अधिकारियों को विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी मिलेगी। राजस्व अधिकारी फील्ड अधिकारी कहलाएंगे। 2017 बैच के नए सहायक राजस्व अधिकारी पुष्पेंद्र सेंगर, नीरज नामदेव, सुयश सोनी, रजनीश वशिष्ठ, मधुर जैन, अक्षत तिवारी हैं।*

---

## तीन पेड़ की कीमत तीस हजार रुपए

# गुफा मंदिर परिसर में चंदन के छह पेड़ काटे, तीन वृक्ष चुराकर ले गए बदमाश

### गार्ड की नजर पड़ने पर चोर तीन पेड़ छोड़कर भागे

हरिभूमि ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित गुफा मंदिर परिसर से चंदन तस्करों ने छह पेड़ काट लिए। चोर तीन पेड़ चुराकर ले गए, जबकि गार्ड की नजर पड़ी तो वह तीन पेड़ छोड़कर भागे हैं। पुलिस ने अज्ञात चोरों पर प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार खचोरी सिलावट पिता मलथू सिलावट (55) गुफा मंदिर परिसर में चौकीदार हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि 28 नवंबर की रात करीब साढ़े तीन बजे वह परिसर में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान मंदिर के पीछे से कुत्ते के भौंकने की आवाज आई।

### कुत्ते की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचा गार्ड

कुत्ते की आवाज सुनकर वह पीछे की तरफ पहुंचे और सीटी बजाई। सीटी बजाने पर कुछ लोग मंदिर के पीछे की तरफ भागते हुए नजर आए। उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह भाग निकले। मौके पर जाकर देखने पर पता चला कि गुफा मंदिर परिसर में पीछे की तरफ लगे चंदन के 6 पेड़ कटे थे, जिसमें तीन वहीं कटे पड़े मिले। तीन अन्य पेड़ के टुकड़े चोर काटकर ले गए। सुबह इसकी सूचना उन्होंने मंदिर समिति को दी। बाद में थाने पहुंचकर शिकायत की। चोरी गए तीन पेड़ की कीमत तीस हजार रुपए बताई जा रही है।

---

## एसआईआर के लिए हर विधानसभा में दिन-रात हो रहा है काम

# शहर में 60 फीसदी से ज्यादा डिजिटाइजेशन बैरसिया सबसे आगे एवं दक्षिण-पश्चिम पीछे

हरिभूमि ▶▶ भोपाल

भोपाल जिले में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का काम दिन-रात चल रहा है। शनिवार को दिनभर काम तेज गति से चला। शहर में अब तक 60 फीसदी डिजिटाइजेशन हो चुका है। आंकड़ों में बैरसिया सबसे आगे है। यहां 90 फीसदी, भोपाल उत्तर में 61.5, नरेला में 56, भोपाल दक्षिण-पश्चिम में 48.5, भोपाल मध्य में 51.6, गोविंदपुरा में 50.8 और हुजूर में 63 फीसदी डिजिटाइजेशन का काम हो चुका है। बीते तीन-चार दिन में इस में तेजी आई है।

शहर में कई बूथों पर 90 फीसदी से भी ज्यादा काम हो चुका है। शहर में 11.88 लाख वोटर्स के फार्म डिजिटाइज हो चुके हैं। यह आंकडा अपडेट होने पर बढ सकता है। कलेक्टर सहित सभी एडीएम, एसडीएम-तहसीलदार भी मोर्चा संभाले हुए हैं।

◆ *कलेक्टर समेत सभी एडीएम, एसडीएम-तहसीलदार संभाले हुए हैं मोर्चा*

### गोविंदपुरा में बीएलओ निलंबित

*गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र 256 के बीएलओ गिरजा प्रसाद पटेल बिना सूचना दिए अनुपस्थित थे। जिनको सूचित किया गया, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए। इसके कारण मतदान केंद्र पर महज 26 प्रतिशत ही गणना पत्रक डिजिटाइज हो पाए हैं। पटेल को लापरवाही बरतने कलेक्टर ने निलंबित कर दिया है।*

## जेपी नगर में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया युवक

**भोपाल।** शहर के जेपी नगर में शनिवार को एक युवक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। युवक करीब 15 फीट ऊंचाई पर फ्लेक्स लगा रहा था, तभी उसे करंट का झटका लगा और वह नीचे जमीन पर आ गया। करंट लगने से वह झुलस गया। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार करीब दोपहर 12 बजे जेपी नगर में बिजली कंपनी ऑफिस के सामने सड़क किनारे पोल पर युवक फ्लेक्स लगा रहा था, तभी उसे करंट लग गया।

---

## शहर की 87 शराब दुकानों का देर रात औचक निरीक्षण

30 दुकानों के प्रकरण बनाए

# नशा करने वालों को रात में भी मिल रही शराब

हरिभूमि ▶▶ भोपाल

जिले में निर्धारित समय के बाद भी हो रही शराब की बिक्री की मिल रही शिकायतों पर आबकारी विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार की देर रात औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें कहीं दुकानों का शटर खुला मिला तो कहीं खिड़की से शराब बेची जा रही थी। टीम ने 87 दुकानों का निरीक्षण किया और 30 दुकानों के प्रकरण बनाए।

जिले में शराब दुकानों पर देर रात गुंडे-बदमाशों का जमघट लगने और दुकानदारों द्वारा समय के बाद भी शराब बेचे जाने की आबकारी विभाग को शिकायतें मिल रही थीं। इसके चलते शहर की 87 शराब दुकानों का अलग-अलग टीमों ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकांश दुकानों पर देर रात तक शराब बेची जा रही थी। कुछ तो खुलेआम बेच रहे थे तो कुछ शटर बंद कर खिड़की से शराब बेच रहे थे, जिन्हें बंद करवाया गया।



कार्रवाई करता आबकारी अमला।

### कई दिनों से लगातार मिल रही थी शिकायतें

जिला आबकारी कंट्रोलर रामगोपाल भदौरिया ने बताया कि लगातार शिकायतें मिल रहीं थी कि शराब दुकान संचालकों द्वारा देर रात साढ़े ग्यारह बजे के बाद भी दुकान से शराब बेची जा रही है। ऐसे में अलग-अलग टीमों का गठन कर शुक्रवार देर रात कोलार, बिट्टन मार्केट, एमपी नगर, करोंद, नादरा बस स्टैंड क्षेत्रों की शराब दुकानों का निरीक्षण किया।

### कहीं देर रात शटर खुला मिला तो कहीं खिड़की से बेची जा रही थी शराब

*जिन दुकानों के शटर बंद थे। वह खिड़की से बिक्री कर रहे थे। जबकि तय समयानुसार शराब दुकान साढ़े ग्यारह बजे बंद हो जानी चाहिए, लेकिन दुकानदार मनमानी कर रहे थे। ऐसे में टीमों ने जिन दुकानों की शटर में खिड़की थी, उन्हें बंद करवाया गया और नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकान संचालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।*

---

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निमेंश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण-** 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजींव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण-** 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाशप्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## जैकेट का शेष

### कहा-जुल्म होगा...

शब्दों का इस्तेमाल करने में कोई शर्म महसूस नहीं करते है। एक विशेष समुदाय को जबरन निशाना बनाया जा रहा है, जबकि अन्य समुदायों को कानूनी रूप से शक्तिहीन, सामाजिक रूप से अलग-थलग और आर्थिक रूप से अपमानित किया जा रहा है। भीड़ द्वारा हत्या, बुलडोजर कार्रवाई, वक्फ संपत्तियों पर कब्जा और धार्मिक मदरसों व सुधारों के विरुद्ध नकारात्मक अभियान जैसे व्यवस्थित और संगठित प्रयास उनके धर्म, पहचान और अस्तित्व को कमजोर करने के लिए किए जा रहे हैं।

### एसआईआर पर ...

भी ज्यादा जरूरत है। हम चाहते हैं कि फिरकापरस्त तत्व कामयाब न हों, तो समुदाय को मानवता की चिंता करने वाला रवैया अपनाना होगा और अपनी प्रतिनिधिक सोच पर नियंत्रण रखना होगा। मुसलमान अपने ओहदे को पहचानें, दूसरों के साथ बेहतर रिश्ते स्थापित करें, एक-दूसरे के धर्म का सम्मान करें और साथ ही दूसरों को दीन-इस्लाम की सच्चाई से अवगत कराएं।

### मुसलमानों के अनुकूल...

यदि यह वर्ग उनके प्रभाव में आ गया, तो यह देश और मुसलमानों दोनों के लिए एक गंभीर खतरे की घंटी होगी।

### भाईचारा ही हमारी ...

तो उसके अलावा हर विचार को अस्वीकार कर दिया जाता है। वे दूसरे के विचारों के लिए दरवाजे बंद कर देते हैं और इसे '...इज्म' कहना शुरू कर देते हैं।'

### पात्रा बोले- बयान...

है। उन्होंने आगे कहा कि भारत में जिहाद का आह्वान करना देश की एकता पर हमला है और इस बयान की जांच होनी चाहिए। पात्रा ने दावा किया कि मौलाना मदनी ने सुप्रीम कोर्ट की भी आलोचना की और कहा कि कोर्ट सरकार के दबाव में काम करता है। इस पर उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट इस देश की सर्वोच्च संस्था है। उसके बारे में ऐसी टिप्पणी सिर्फ संस्था को कमजोर करने की कोशिश है। मैं चाहता हूं कि सुप्रीम कोर्ट इस बयान पर स्वतः संज्ञान ले।

### कैबिनेट मंत्री प्रहलाद...

श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी के आचरण-व्यवहार और उनकी व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. हिमांशु अपने पिता के पदचिन्हों पर चले और आज वह पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और कद अलग रूप से रखते हैं। आज वे अहम मुकाम पर हैं, यह उनके पिता की सीख और शिक्षा का ही नतीजा है। कैबिनेट मंत्री पटेल ने इस अवसर पर डॉ. हिमांशु को स्व-लिखित पुस्तक 'परिक्रमा' की एक प्रति भी भेंट की।

### भोपाल में 8 दिन...

शनिवार को प्रदेश में सबसे सर्द नौगांव का पारा 6.1 डिग्री रहा। पचमढ़ी 6.4, शहडोल 7.1, अमरकंटक और उमरिया में 7.6 और रीवा में 7.8 डिग्री रहा। भोपाल में 2.4 डिग्री की गिरावट के साथ न्यूनतम पारा 8.6 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से 4.7 डिग्री कम है। इससे पहले राजधानी में 21 नवंबर को कोल्ड वेव रही, इसके बाद शनिवार को दर्ज की गई है।

## पेज एक का शेष

### अशोकनगर के बाद ....

के पीछे बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलओ, शिक्षक, पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, कोटवार तथा विकासखंडों के अनेक कर्मचारी-अधिकारी और निर्वाचन शाखा के समर्पित कर्मचारियों की उत्कृष्ट मेहनत का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी ने कठिन चुनौती को सरलता से पूरा कर अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

### ताकि, नेविगेशन...

तीव्र सौर विकिरण के कारण प्रभावित हो सकता है। कंपनी ने वर्तमान में इस्तेमाल किए जा रहे इस सीरीज के ऐसे संवेदनशील विमानों की पहचान कर ली है। एविएशन में, तेज सोलर रेडिएशन फ्लाइट के इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम पर बुरा असर डाल सकते हैं, इससे नेविगेशन और फ्लाइट कंट्रोल में रुकावट आ सकती है।

### ठीक हो चुके हैं ...

चुका है। 30 नवंबर सुबह 5:29 बजे तक सभी विमान पर यह अपडेट पूरा कर दिया जाए। इंडिगो के कुल 200 विमान प्रभावित हुए हैं, हालांकि इसमें 143 का अपडेट पूरा हो चुका है। वहीं एयर इंडिया के कुल 113 विमान सॉफ्टवेयर से संबंधित अपडेट की तहत प्रभावित हुए हैं, जबकि अब तक 42 का अपडेट पूरा हो चुका है। इस कड़ी में एयर इंडिया एक्सप्रेस के सबसे कम मात्र 25 विमान प्रभावित हुए है, जबकि सिर्फ चार के अपडेट पूरे हुए हैं। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बंगलुरू, हैदराबाद, अहमदाबाद और कोलकाता जैसे बड़े एयरपोर्ट बेस पर इंजीनियरों की टीम लगातार काम कर रही है।

### आपस में टकराईं...

तय कार्यक्रम के अनुसार उन्हें रात को गुना वापस लौटना था, तभी लगभग रात 9:30 बजे सिंधिया का काफिला अशोकनगर से होकर गुना की ओर जाते वक्त जीके मैरिज गार्डन के पास होकर निकला। इसी बीच सिंधिया के काफिले के वाहन आपस में टकरा गए, जिसमें अशोकनगर एसडीओपी व अशोकनगर तहसीलदार के साथ मुंगावली विधायक का फॉर्च्यूनर वाहन क्षतिग्रस्त होना बताया जा रहा है। घटना के दौरान दोनों अधिकारी अपने वाहन में बैठे हुए थे। अचानक ब्रेक लगाने से गाड़ियों का संतुलन बिगड़ गया और काफिले में गाड़ियां टकरा गईं।

### मप्र के सभी...

रिजर्व में नाइट सफारी तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार 1 दिसंबर से बफर क्षेत्रों में संचालित रात्रिकालीन सफारी पर प्रतिबंध रहेगा। अब तक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के पिपरिया बफर, बागड़ा बफर और देलाखारी बफर क्षेत्रों में दिन और रात दोनों समय सफारी संचालित होती थी। नाइट सफारी का समय शाम 6 बजे से तय था। प्रतिबंध के बाद अब केवल डे सफारी की ही अनुमति रहेगी। यह फैसला वन्य जीवों की सुरक्षा और प्राकृतिक व्यवहार में हस्तक्षेप रोकने के उद्देश्य से लिया गया है।

### महा.छत्रसाल बुंदेलखंड ....

की थी एवं कहा था कि कुलगुरु जैसे पद के अनुरूप व्यवहार एवं आचरण नहीं है। इससे पहले कुलपति पर असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर एवं प्रोफेसर की भर्तियों को लेकर भी गंभीर आरोप लगे थे जिसके चलते शासन ने बीच में ही पूरी भर्ती प्रक्रिया में रोक लगा दी थी। इसके अलावा अंग्रेजी न समझने वाले छोटे कर्मचारियों से अंग्रेजी पर बात कर उन्हे नीचा दिखाने मातहतों से बुरा वर्ताव होने की कई बार शिकायतें होती रहीं हैं।

### 20 साल बाद करीब....

मलबा हटाना शुरू कर दिया था। इसके बाद प्रशासन ने कब्जा मुक्त की गई भूमि पर सभी सर्वे नंबरों का उल्लेख करते हुए एक बड़ा बोर्ड लगाया। कलेक्टर प्रीति यादव ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार भूमि को कब्जा मुक्त कर प्रशासन के सुपुर्द कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह भूमि मंदिर के उपयोग और संरक्षण के लिए ही निर्धारित की जाएगी।

### जनजातीय समाजों ....

प्रांत के सभी 28 जिलों के 138 खंडों में शुरू हो रहे वृहद गृह संपर्क अभियान की तैयारी के साथ जनवरी में होने वाले हिंदू सम्मेलन की कार्ययोजना को अंतिम रूप देंगे। वहीं, होसबाले ने चिमनबाग मैदान में इंदौर महानगर की चयनित महाविद्यालयीन शाखा टोलियों के एकत्रीकरण में भाग लिया। 30 नवंबर को रवींद्र नाट्यगृह में संघ स्थापना शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रमुखजन गोष्ठी दोपहर 2.30 बजे से होगी। अंतिम सत्र जिज्ञासा समाधान का होगा। मालवा प्रांत के सभी 28 जिलों के 138 खंडों के 12,500 से अधिक गांवों और 101 नगरों के 7,500 से अधिक मोहल्लों में संघ के कार्यकर्ताओं की टोलियां घर-घर जाकर संपर्क करेंगी। इस वृहद गृह संपर्क अभियान में मालवा प्रांत के 35 लाख से अधिक परिवारों में संघ परिचय पत्रक, संघ साहित्य, स्टीकर और भारत माता का चित्र लेकर कार्यकर्ता घरों पर परिवारों से संपर्क करेंगे।

# रिटायरमेंट के बाद पुलिसकर्मियों पर नहीं लागू होगा परोपकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में अब रिटायर होने वाले पुलिसकर्मियों को परोपकार योजना का फायदा नहीं मिलेगा। यानी विभाग की तरफ से दी जाने वाली परोपकार निधि की सहायता उन्हें नहीं मिलेगी।

पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी किया है। पुलिस मुख्यालय में इस बदलाव को लेकर कहा है कि तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी जिनकी सेवा निवृत्ति के 2 साल बाद उनकी मौत होती है। उन्हें भी 1 लाख रुपए की पात्रता है। इस विषय में बदलाव करते हुए कहा गया है कि परोपकार निधि योजना 2025 के अंतर्गत पात्रता में सेवानिवृत्ति के बाद परोपकार निधि न दिए जाने का प्रस्ताव जारी किया गया है। यानी कि अब नवंबर महीने के बाद किसी भी रिटायर पुलिसकर्मी की मौत पर उसे परोपकार निधि की पात्रता नहीं है। दरअसल मध्य प्रदेश में अभी तक पुलिसकर्मी की रिटायरमेंट के 2 साल के बाद मौत होने पर परोपकार के तौर पर 1 से 5 लाख रुपए के परिजनों को दिया जाता था लेकिन अब यह निधि की राशि नहीं दी जाएगी।

### पुलिस मुख्यालय के दो बड़े फैसलों से पुलिसकर्मियों में बढ़ी बेचैनी

पुलिस मुख्यालय के दो बड़े फैसलों से पुलिसकर्मियों में बढ़ी बेचैन साथ ही उनके बड़े अफसर भी मुसीबत में है। पिछले दिनों बैठक में डीजीपी कैलाश मकवाना ने कहा कि अफसर क्रिकेट और बैडमिंटन खेलने बंद करें। रात में फील्ड पर उतरे और गश्त करें। इधर सहायक पुलिस महान निरीक्षक कल्याण इमरीन शाह ने आदेश जारी किया है कि अक्टूबर महीने में फैसला लिया गया था कि इकाइयों में मनोरंजन कक्ष का संचालन किया जाए। इसके लिए लाइन या फिर बटालियन फंड का खर्च इस्तेमाल कर लिया जाए। दुविधा यह है कि डीजीपी ने कहा है कि फील्ड पर उतरे और दूसरी तरफ कल्याण शाखा ने पुलिसकर्मियों के लिए मनोरंजन कक्ष बनाने का फरमान जारी कर दिया।

बड़े भाई को डीपीएस स्कूल छोड़कर लौट रहे थे, गौरव नगर में हुआ हादसा

# ऑटो और बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में स्कूली छात्र की मौत, दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार रोड थाना क्षेत्र स्थित गौरव नगर में शनिवार सुबह ऑटो और मोटरसाइकिल के बीच हुई आमने-सामने की भिड़ंत में 16 साल के स्कूली छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक छात्र अपने बड़े भाई को डीपीएस स्कूल छोड़कर लौट रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक कालापानी कजलीखेड़ा कोलार रोड निवासी लक्की सिसोदिया पुत्र मुकेश सिसोदिया (16) ने बताया कि वह शासकीय माध्यमिक शाला कजलीखेड़ा में सातवीं कक्षा का छात्र है। शनिवार 29 नवंबर की सुबह 8 बजे वह और विवेक मोटरसाइकिल से विवेक के बड़े भाई को डीपीएस स्कूल छोड़ने गए थे। वापस लौटते समय पानी की टंकी के पास गौरव नगर में सामने से आ रहे तेज रफ्तार ऑटो के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल विवेक चला रहा था जबकि लक्की पीछे बैठा था। टक्कर लगते ही दोनों गाड़ी समेत नीचे गिर गए। हादसे में विवेक के सिर व सीने में गंभीर चोटें आई थीं। वह मौके पर ही बेहोश हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने हादसे की सूचना एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस दोनों को जेपी अस्पताल लेकर पहुंची। वहां डॉक्टर ने विवेक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दोनों हाथों की कलाई में गंभीर चोटें आने के कारण लक्की को हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने हादसे के बाद फरार हुए आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### बच्चों के पालकों के लिए लगा कैंप, 25 को शुगर

संतनगर। लायंस क्लब मन्नत और लाइफ लाइन स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में लाइफ लाइन पब्लिक स्कूल में पेरेंट्स मीटिंग में डायबिटीज कैम्प का आयोजन हुआ। कैंप में सत्यम डेंटल क्लीनिक के डॉ. सतेंद्र आसवानी ने निःशुल्क कैंप रखा जिसमें 104 पालकों ने जांच करवाई, जिसमें 25 पालकों को डायबिटीज बताई गई। डॉ. सतेंद्र आसवानी ने उनकी जांच कर आवश्यक दवाइयां फ्री दी और भविष्य में उन दवाइयों का समय पर सेवन करने की सलाह दी। इस अवसर पर लायंस क्लब भोपाल मन्नत से किरण वाधवानी, भावना चांदवानी, गोविंदराम वाधवानी, किरण श्रीवास्तव एवं नैना वाधवानी उपस्थित थी।

बीस मिनट बाद लौटी घर तो पति की हो चुकी थी मौत

# पत्नी बच्चे को बस तक छोड़ने गई, पति ने लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित गली नंबर तीन, झुग्गी नंबर 538 में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। पुलिस के अनुसार शुभम विश्वकर्मा पिता मन्नूलाल विश्वकर्मा (30) गली नंबर-तीन, झुग्गी नंबर- 538, अरेरा हिल्स में रहता था और पुताई के ठेके लेता था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा छह साल का बच्चा है। शुभम की पत्नी ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे उसने बच्चे को स्कूल जाने के लिए तैयार किया और उसे छोड़ने के लिए मुख्य सड़क तक गई थी। वहां से बीस मिनट बाद घर लौटी तो पति फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। इसके बाद शुभम को अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद शुभम को मृत घोषित कर दिया।

### शराब पीकर घर पहुंचे युवक ने लगाई फांसी

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित 60 क्वार्टर झुग्गी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वह शराब के नशे में घर पहुंचा था। पुलिस के अनुसार सौरभ रघुवंशी पिता सुमेश रघुवंशी (30) झुग्गी 60 क्वार्टर, पिपलानी में रहता था और प्राइवेट काम करता था। उसकी पत्नी रेशमा ने पुलिस को बताया कि सौरभ और उसका पांच साल का बच्चा है। सौरभ मजदूरी करता है, जबकि वह बंगले पर काम करने जाती है। परिवार में रेशमा की बहन भी रहती है।

संचालनालय खेल और युवा कल्याण
टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल (म.प्र.)
ई-निविदा सूचना
संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश, द्वारा **"वाटर स्पोर्ट्स अंतर्गत सेलिंग अकादमी हेतु 470 Class and 420 Class सेलिंग बोट्स क्रय हेतु"** निर्माता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें **www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध है। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।
म.प्र. माध्यम/123272/2025 संचालक

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473



वैवाहिकी
वधु चाहिए
वधु चाहिए
बंगाली कायस्थ 33 वर्ष, हाइट 5'-7" एक प्रतिष्ठित कम्पनी (कोका कोला) नागपुर में कार्यरत हेतु सुयोग्य सुन्दर शिक्षित बंगाली कायस्थ वधु चाहिए
-:सम्पर्क करें:- 9530167919, 9826413593, 9165762781, 9755413048

वधु चाहिए
गुजराती 44/ 5'-11" स्वयं का व्यवसाय इनकम 40,000 मासिक, युवक हेतु उच्च जाति बंधन नहीं
सम्पर्क करें- 9827114645, 9131139179 (मैरिज ब्यूरो क्षमा)

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910



M : 9009231973, 9424467620
HÄFELE Sleek Godrej Hettich
NEW SUPER KITCHENS
Customised & Affordable
• इटालियन किचन • जर्मन किचन • स्टेनलेस स्टील किचन
• बेड सोफा • पी.ओ.पी. सिलिंग • यू.पी.वी.सी. फर्नीचर
• रिनोवेशन वर्क • वाटर प्रूफिंग • घर और ऑफिस के लिये फर्नीचर
Plot number 157 Fortune Building,MP Nagar, Zone 1, Near Havells Gallery, Bhopal

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यकता
प्लांट में निर्माण कार्य हेतु दैनिक वेतन पर मिस्त्री 100 पद, कुली 200 पद बढ़ई 200 पद, लोहार 200 पद की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7000087500, 8602002511, 8234976143 BSP-28-11-25 to 04-12-2025

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** – रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** – कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** – परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** – भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।


**धनु** – कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** – तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

## शब्द पहेली - 6063



**बाएँ से दाए**

1. ईष्ट कृपा, वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा, बैर-3
11. जंगल, वन-3
13. सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा, लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

**ऊपर से नीचे**

2. वलय, घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी, मदमस्त-4
7. यज्ञ, होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर, धनवान-3

**शब्द पहेली- 6062 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मा | न | त | ■ | अ | ■ | बी | र | ब | ल |
| ■ | ला | ■ | वा | ■ | म | हि | मा | ■ | ल | व |
| म | ■ | ■ | य | की | न | ■ | र | ■ | ■ | कु |
| त | क | ली | फ | ■ | चै | त्र | ■ | क | ल | श |
| वा | ■ | ड | ■ | रा | न | ■ | गै | ■ | ह | ■ |
| ला | प | र | वा | ह | ■ | का | र | गु | जा | री |
| ■ | र | ■ | दा | ■ | अ | स्त | ■ | मा | ■ | मा |
| प्र | ख | र | ■ | पा | प | ■ | म | न | च | ला |
| जा | ■ | ■ | शा | ■ | ह | न | न | ■ | ■ | गू |
| प | र | ■ | पि | ह | र | ■ | ह | ■ | शा | ■ |
| ति | जा | र | त | ■ | ण | ■ | र | ह | म | त |

## सूडोकु नवताल- 6073

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6072 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

# भावों के उतार-चढ़ाव को समझना ही सबसे बड़ी चुनौती



# स्टॉक मार्केट की नब्ज पकड़ना नहीं आसान, इन बातों का रखें विशेष ध्यान

**निवेश मंत्रा**
विनोद गौतम

दरअसल अनिश्चितता से भरे शेयर ट्रेडिंग में भावों के उतार-चढ़ाव को समझना ही सबसे बड़ी चुनौती होती है। जो ट्रेडर यह समझते हैं कि मुनाफा कमाना बड़ा लक्ष्य है, वे अक्सर घाटा खाते हैं, जबकि भावों की भाषा को पढ़ने वाले कुल मिलाकर फायदे में रहते हैं, क्योंकि किसी भी शेयर के भावों में ही छिपा रहता है उसका भूत, वर्तमान और भविष्य, बस इसे पढ़ने के लिए सधी और पैनी नजर चाहिए। अब सवाल है कि भावों की भाषा पढ़ी कैसे जाए। इसका एक प्रमुख माध्यम है टेक्निकल एनालिसिस।



## नियमित व अनुशासित निवेश ही करें

इक्विटी मार्केट में निवेश एक अनुशासन है। इसे तोड़ने पर जोखिम उठाना पड़ सकता है। लेकिन यह देखा गया है कि निवेश के फैसलों में अपवाद को नियम मान लेने की चूक कई लोगों करते हैं। मसलन, आम धारणा है कि इक्विटी फंड में एकमुश्त निवेश नहीं करना चाहिए। इक्विटी फंड में निवेश एसआईपी के जरिये करना चाहिए, ताकि समय के साथ लागत की एवरेजिंग होती रहे।

### ऐसे समझें

निवेश में अनुशासन व नियमों को समझने के लिए यहां एक उदाहरण पेश है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का एक डॉक्यूमेंट है। 'पावर ऑफ टेन' के नाम से। इसे नासा के कंप्यूटर साइंटिस्ट गेरार्ड होल्जमैन ने तैयार किया था। इसमें सेफ्टी-क्रिटिकल सॉफ्टवेयर डिवप्प करने के 10 नियम बताए गए हैं।



### ट्रेडिंग के जरूरी सूत्र

1. ट्रेडर के लिए सबसे अहम है भावों की भाषा
2. टेक्निकल एनालिसिस से समझें भावों की धड़कन
3. टेक्निकल एनालिसिस में चार्ट का अध्ययन अहम
4. ट्रेडर को प्राइस व वॉल्यूम का आकलन करना चाहिए
5. टेक्निकल एनालिसिस से ट्रेंड अनुमान लगा सकते हैं

### ऐसे करें एनालिसिस

टेक्निकल एनालिसिस में इनमें से कुछ संकेतकों का उपयोग किया जा सकता है लेकिन इसमें मुख्य रूप से कुछ विशेष टूल्स और तकनीक का इस्तेमाल किया जता है। इन विशेष साधनों में एक है चार्ट का अध्ययन। चार्टों के जरिए टेक्निकल एनालिसिस करने वाला ट्रेडर दो अहम चीजों पर ध्यान देता है- पहला प्राइस मूवमेंट और दूसरा शेयर का ट्रेंड। अगर कोई शेयर आपके द्वारा निर्धारित कीमत से दो फीसदी गिर भी जाता है तो मुमकिन है कि वह अपट्रेंड हो। यानी उसमें मुनाफा वसूली या किसी और वजह से थोड़े वक्त के लिए करेक्शन आया हो लेकिन वह जल्द ही फिर से रफ्तार पकड़ सकता है।

# नवंबर में जरूरी कामों को निपटाएं, 1 दिसंबर से नियम बदलेंगे



*नवंबर महीना जल्द खत्म होने वाला है और कई सरकारी और वित्तीय कामों की आखिरी तारीख भी पास आ गई है। अगर आपने अभी तक ये काम पूरे नहीं किए हैं, तो 30 नवंबर से पहले पूरा कर लें। 1 दिसंबर से कई नियम बदल जाएंगे।*

### सरकारी कर्मचारियों के लिए यूपीएस चुनने की आखिरी तारीख

- सरकारी कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम चुनने की डेडलाइन 30 नवंबर है। पहले यह तारीख 30 सितंबर थी, लेकिन बाद में बढ़ा दी गई। यूपीएस, एनपीएस से अलग है और इसे चुनने का मौका सीमित समय तक ही है।
- पेंशनर्स के लिए लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने की डेडलाइन
- पेंशनर्स को अपना लाइफ सर्टिफिकेट 30 नवंबर तक जमा करना होगा। इसे समय पर जमा न कराने पर पेंशन रोकने का खतरा हो सकता है।

### टैक्स फाइलिंग और जरूरी रिपोर्ट

- अक्टूबर 2025 में टीडीएस कटने वाले टैक्सपेयर्स को सेक्शन 194-Iए, 194-Iबी, 194एम और 194एस के तहत बयान 30 नवंबर तक जमा करना अनिवार्य है।

**कार्यालय संचालक, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल**
**भदभदा रोड़ भोपाल-462003**
E-mail: fdvanınp.bpl@mp.gov.in Phone & Fax 0755-2674278
:: ई-निविदा सूचना ::
क्रमांक/भंडार/4165 भोपाल, दिनांक 27/11/25
वन विहार राष्ट्रीय उद्यान-जू भोपाल के प्रबंधन में उपयोग हेतु Hybrid Solar System क्रय किये जाने हेतु मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित निमार्ताओ अधिकृत विक्रेताओ से ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से दस्तावेज/प्रपत्र वेवसाइट https://mptenders.gov.in पर देखे जा सकते है। निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रु 500/- (पांच सौ संबंधित समस्त रुपये) ऑनलाइन पोर्टल पर Credit card / Debit card / Internet banking भुगतान कर वेवसाइट https://mptenders.gov.in क्रय किये जा सकेगे।
1. ऑनलाइन निविदा क्रय करने की तिथि 02.12.2025
2. Bid Submission start date 02.12.2025 Time 04:00 PM
3- Pre-Bid Meeting date 11.12.2025 Time 11:00 AM
4. Bid Submission end date 23.12.2025 Time 04:00 PM
5. Bid Opening date 24.12.2025 Time 04:00 PM
G-22132/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता " संचालक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल

**पश्चिम मध्य रेल**
इंजीनियरंग निर्माण शाखा
खुली निविदा (दो पैकेट प्रणाली)
उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेल, सीधी, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखत कार्य हेतु निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा क्र.** डिप्टीसी.ई.-सी-सीधी-06-2025 दिनांक- 26.11.2025 06-2025, दिनांक- 26.11.2025 **कार्य का नाम लोकेशन सिहत:** सिलपरा, गोविंदगढ़, बघवार, रामपुर नैकिन, चुरहट और सीधी स्टेशन पर स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण, साथ ही सिलपरा और गोविंदगढ़ स्टेशन पर निर्माणाधीन क्वार्टरों का शेष कार्य, रामपुर नैकिन और सीधी में ओएचई डिपो और टॉवर वैगन शेड, सीधी में एसएसई का कार्यालय, सीधी स्टेशन पर गुड्स शेड, गुड्स प्लेटफार्म और सड़क का निर्माण, बघवार, रामपुर नैकिन, चुरहट और सीधी में फुट ओवर ब्रिज, गोविंदगढ़, बघवार, रामपुर नैकिन, चुरहट और सीधी में भूमिगत पानी की टंकी, सीधी में ओवर हेड टैंक, सीधी स्टेशन पर विश्राम गृह और कार्यालय में आंतरिक कार्य, जल आपूर्ति और वितरण पाइप लाइन, नलसाजी, बोरवेल, हैडपंप प्रदान करना, सेप्टिक टैंक के साथ जल निकासी, सीवरेज और स्वच्छता कार्य, रीवा-सीधी-सिंगरौली नई बीजी रेल लाइन परियोजना के संबंध में रीवा-गोविंदगढ़ खंड के बीच आरयूबी। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** ₹988500726.90/- **निविदा फार्म की कीमत:** 0.00 **बयाना राशि:** ₹ 5092500.00/- **कार्य समापन अवधि (माह):** 18 महीने मानसून सहित **ई-निविदा बंद होने की और खुलने क तिथि एवं समय:** दिनांक- 19.12.2025 को 15:00 बजे बंद एवं 15: 00 बजे के बाद खोली जाएगी। **प्री बिड तिथि:** 01.12.2025, 16:00 **बोली आरंभ तिथि:** 05.12.2025 निविदाएं बंद होने की तारीख 19.12.2025 एवं समय 15:00 बजे तक है। निविदाकर्ता अपनी मूल / संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं होगी तथा हस्तनिवदाओं को उपेक्षित कर दिया जायगा। निविदाएं पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई.आर.ई.पी.एस. के माध्यम से http://www.ireps.gov.in पर आनलाइन निविदा करें। निविदाकताओं से अनुरोध है, कि वे समय-समय पर बदलाव व शुद्धिपत्रों हेतु आई.आर.ई.पी.एस. की वेबसाइट http://www.ireps. gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेंडर फार्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा।
(हस्ता.)
उप मुख्य अभियंता (निर्माण)
प.म.रे., सीधी
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# शेयर बाजार में क्या है अपर सर्किट और लोअर सर्किट?

### क्यों घटता-बढ़ता है शेयर का मूल्य?

सामान्य निवेशक इस बात को लेकर कभी कभी बहुत हैरान रहते हैं कि शेयर का मूल्य किस हिसाब से बढ़ता और घटता रहता है। शेयर का मूल्य दो कारणों से बढ़ता या घटता रहता है। पहला कारण शेयर की सप्लाई और डिमांड और दूसरा कारण कंपनी द्वारा मुनाफा कमाना या कंपनी का घाटा। लेकिन, अगर हम स्टॉक ट्रेडिंग में देखें तो शेयर की सप्लाई और डिमांड की वजह से अधिकतर शेयर का मूल्य घटता बढ़ता रहता है। जब भी शेयर की डिमांड बढ़ती है यानी ज्यादा लोग खरीदते हैं तो उसका दाम बढ़ जाता है। और, जब लोग शेयर को बेचना स्टार्ट कर देते हैं तब शेयर का मूल्य घटने लगता है यह इस तरह से काम करता है।

### लोअर सर्किट को ऐसे समझें

मान लीजिए आपके पास किसी कंपनी का शेयर हैं। किसी वर्ष के दौरान उस कंपनी को किसी कारणवश घाटा लगना शुरू हो जाता है। ऐसे में आप उस कंपनी का शेयर बेचने लगेंगे। ऐसे ही बहुत से लोग जो उस कंपनी के शेयर को लिए होंगे वह भी बेचना शुरू कर देंगे। जब सब बेचना शुरू कर देंगे तो एक ही दिन में उस कंपनी का शेयर शून्य तक पहुंच सकता है। ऐसी स्थिति में शेयर का मूल्य एक निश्चित सीमा तक गिरे इसके लिए एमएसई तथा बीएसई स्टॉक एक्सचेंज ने कुछ नियम बनाए हैं। जिनके अंतर्गत जब किसी कंपनी में अचानक सब लोग शेयर बेचना शुरू कर दें तो एक निश्चित सीमा तक ही उस शेयर का मूल्य घटेगा। उसके बाद उस शेयर की ट्रेडिंग बंद हो जाएगी। यह जो मूल्य घटने की सीमा है, उसे ही लोअर सर्किट कहते हैं।

### कैसे काम करता है अपर सर्किट

अपर सर्किट को एक उदाहरण के जरिए समझते हैं। मान लीजिए कि आपके पास किसी कंपनी के शेयर हैं। उस कंपनी को खूब मुनाफा होता है या किसी कारणवश उस कंपनी में निवेशकों की रुचि बढ़ जाती है। ऐसे में उस कंपनी के शेयर का दाम खूब चढ़ने लगता है। ऐसे में किसी कंपनी के शेयर का मूल्य एक ही दिन में आसमान में पहुंच जाएगा। इसी हालत से बचने के लिए शेयर बाजार में अपर सर्किट का प्रावधान है। उस निश्चित मूल्य सीमा तक उस कंपनी के शेयर का दाम पहुंचते ही उसमें अपर सर्किट लग जाएगा और उसकी ट्रेडिंग बंद हो जाएगी। जिस तरह से लोअर सर्किट पर 10, 15 और 20 फीसदी का नियम लागू होता है, वही नियम अपर सर्किट पर भी लागू होता है। लोअर सर्किट के तीन चरण होते हैं। यह 10 फीसदी, 15 फीसदी और 20 फीसदी की गिरावट पर लगता है। यदि 10 फीसदी की गिरावट दिन में 1 बजे से पहले आती है, तो बाजार में एक घंटे के लिए कारोबार रोक दिया जाता है। इसमें शुरुआती 45 मिनट तक कारोबार पूरी तरह रुका रहता है और 15 मिनट का प्री-ओपन सेशन होता है। दि 10 फीसदी का सर्किट दोपहर 1 बजे के बाद लगता है, तो कारोबार 30 मिनट के लिए रुक जाता है। इसमें शुरुआती 15 मिनट तक कारोबार पूरी तरह रुका रहता है और 15 मिनट का प्री-ओपन सेशन होता है।

### कारोबार रुकने के बाद कब शुरू होता है?

सर्किट लगने पर कारोबार रुक जाता है। जब बाजार दोबारा खुलता है तो पहले 15 मिनट का प्री-ओपन सत्र होता है। इसके बाद सामान्य कारोबार शुरू होता है और यह अगला सर्किट लगने या सत्र के अंत (जो भी पहले हो) तक जारी रहता है।

**कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र**
**कलेक्टर कार्यालय प्रथम तल हरदा**
Email: zskharmp@nic.in
ज्ञाप क्र./ 1958/स.शि.अ./ लेखा/पुस्तक परिवहन /2025 हरदा दिनांक :- 26/11/2025
// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //
जिला शिक्षा केन्द्र हरदा अन्तर्गत सत्र 2026-27 के लिय निःशुल्क पाठ्य पुस्तक योजना अन्तर्गत कक्षा 01 से कक्षा 08 तक पाठ्यपुस्तकों एवं अन्य अध्ययन सामग्री का परिवहन विकासखंड मुख्यालय से शाला स्तर पर करने हेतु (ट्रक, पिकअप, आयशर, टाटा 407) के लिये mptenders.gov.in पर ई-निविदा क्रमांक 2025_RSK_459294_2 दिनांक 26.11.2025 द्वारा आमंत्रित की गई है। जिसकी अंतिम तिथि 11.12.2025 समय शाम 05:30 बजे तक ई-निविदा के माध्यम से आवेदन किये जा सकते हैं। निविदा संबंधी विस्तृत शर्ते एवं नियम वेबसाइड https://mptenders.gov.in पर देखे जा सकते है किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में इसी वेबसाईट पर पुनः अपलोड किया जावेगा।
G-22057/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता " जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र हरदा

**आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी मध्यप्रदेश भोपाल**
:: निविदा सूचना ::
क्रमांक / 1/630215/2025/भण्डार/2025 भोपाल 25-11-2025
आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी मध्यप्रदेश भोपाल कार्यालयीन उपयोग हेतु 10 नग Desktop Computer क्रय हेतु GeM पोर्टल से ऑन लाईन टेण्डर https://gem.gov.in/ के माध्यम से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाना है।
उपरोक्तानुसार 10 नग Desktop Computer क्रय हेतु GeM पोर्टल पर BID NO: GEM/2025/B/6926033 का प्रकाशन GeM पोर्टल पर किया गया है। निविदा की शर्तें एवं अन्य विस्तृत जानकारी GeM पोर्टल पर देखी जा सकती है। ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 09.12.2025 शाम 13:00 बजे तक है। निविदा सूचना में कोई भी संशोधन समाचार पत्र में न दिया जाकर GeM पोर्टल की वेबसाईट पर ही जारी किये जायेगें। विस्तृत निविदा तथा अन्य जानकारी GeM पोर्टल https://gem.gov.in/ के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।
प्रभारी अधिकारी (भण्डार)
आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी मध्यप्रदेश भोपाल
G-22072/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

**कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)**
चतुर्थ अल्प निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक / 163 / वाहन/2025 देवास. दिनांक 27/11/2025
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाई http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।


| क्र. | टेन्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_ UAD_ 465017_1 | supply of 08 no's Trolley for Dewas Municipal Corporation | 1. 12 माह 2. 20.00 लाख | 1. 5,000/- 2. 60,000/- | 11/12/ 2025 06:00 PM |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
उपायुक्त
नगर पालिका निगम
देवास (म.प्र.)

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बैतूल**
**पुराना कलेक्ट्रेट परिसर बैतूल Email-eeresbetul@mp.gov.in**
क्रमांक 2164/लेखा/ग्रायांसे/2025 संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 08/2025-26 बैतूल, दिनांक 28/11/25
म.प्र. के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन मोहरबंद प्रतिशत दर पर निविदायें फार्म "ए" (अस्त्रत्रील्लप्र्ष2.10) पर म.प्र .लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में समतुल्य / सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से 2 कवर पद्धति में लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी विद्युतीकरण कार्य की प्रचलित एस.ओ.आर दिनांक 01.01.2024 से प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) के आधार पर कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बैतूल के कार्यालय में ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रू.में) | अमानत राशि (राशि रू.में) | समयावधि वर्षाकाल सहित | निविदा आमंत्रण की क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 2025_ RES_ 465126_ 1 | विद्युतिकरण एवं अन्य अतिरिक्त कार्य पंखे सहित 66 आंगनवाडियों भवनों में वि.ख. बैतूल | 621338 | 2000 | 12427 | 03 माह | प्रथम |
| 2. | 2025 _RES_ 465127_ 1 | विद्युतिकरण एवं अन्य अतिरिक्त कार्य पंखे सहित 21 आंगनवाडियों भवनों में वि.ख. आठनेर | 197698 | 2000 | 3954 | 03 माह | प्रथम |
| | | | 819036 | | | | |

उक्त निविदाओं को वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक दिनांक 07/12/2025 को 10:30 बजे तथा निविदा प्रपत्र ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 13/12/2025 समय दापेहर 17:30 बजे तक निर्धारित है।
कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बैतूल
जी - 22085/25 स्वच्छता ही सेवा



# क्या आपके पीएफ अकाउंट में भी सितंबर-अक्टूबर का कंट्रीब्यूशन नहीं दिख रहा

उन सैलरीड कर्मचारियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है जिनके पीएफ पासबुक में सितंबर और अक्टूबर 2025 की सैलरी से कटे पैसे अभी तक नहीं दिख रहे हैं। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने कहा है कि ये सिर्फ एक अस्थायी तकनीकी दिक्कत है, जल्दी ठीक हो जाएगी। ईपीएफओ अपना नया और अपग्रेडेड इलेक्ट्रॉनिक चालान-कम-रिटर्न सिस्टम लॉन्च कर रहा है। इसलिए हाल के महीनों की पीएफ एंट्री फेज में डाली जा रही हैं। इसी वजह से कुछ लोगों की पासबुक में सितंबर-अक्टूबर के पैसे अभी गायब या अधूरे दिख रहे हैं।

### पासबुक लाइट से होगी आसानी

बता दें कि ईपीएफओ ने हाल ही में 'पासबुक लाइट' नाम की नई सुविधा शुरू की है। इसमें आप देख सकते हैं कि आपके खाते में कितना पैसा जमा हुआ, कितना निकला और अभी कितना बचा हुआ है। मतबल जरूरी जानकारी के लिए आसान सुविधा शुरू की गई है। ये सुविधा मेंबर पोर्टल पर ही उपलब्ध है। इसके लिए अलग से पासबुक वाली वेबसाइट पर जाने की जरूरत नहीं पड़ती। साथ ही इससे ट्रैफिक ज्यादा होने पर भी सिस्टम हैंग भी नहीं होता और जल्दी जानकारी मिल जाती है।

### ई-सेवा पोर्टल पर पीएफ पासबुक कैसे चेक करें

- यूएएन मेंबर ई-सेवा पोर्टल पर जाएं।
- अपना यूएएन, पासवर्ड डालें और ओटीपी से लॉगिन करें।
- डैशबोर्ड पर 'पासबुक लाइट' चुनें, वहां से स्टेटमेंट देखें या डाउनलोड करें।

### उमंग ऐप पर पासबुक कैसे देखें

- उमंगऐप में लॉगिन करें।
- ईपीएफओ सर्विस सर्च करें और 'व्यू पासबुक' पर क्लिक करें।
- यूएएन डालें, ओटीपी से वेरीफाई करें, अपना मेंबर आईटी चुनें और ई-पासबुक डाउनलोड कर लें।

### ऑनलाइन पीएफ क्लेम करने के लिए क्या-क्या चाहिए

- ऑनलाइन क्लेम डालने वाले मेंबर्स को ये चीजें पहले से पूरी करनी जरूरी हैं:
- यूएनएन एक्टिवेट होना चाहिए और उससे जुड़ा मोबाइल नंबर काम कर रहा हो।
- आधार लिंक और ओटीपी से वेरीफाई होना चाहिए।
- बैंक अकाउंट डिटेल्स ईपीएफओ में अपडेट होनी चाहिए।

**कार्यालय सेनानी 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल**
ई-मेलः- co7bn_saf@mppolice.gov.in
क्रमांक-7वी बटा/विसबल./साअ/2130/2025 दिनांक: 24/11/2025
// खुली निविदा विज्ञप्ति सूचना //
वित्तीय वर्ष 2025-26 में 7वीं वाहिनी आधिपत्य प्रशासकीय भवनों में किये जाने वाले मरम्मत कार्यों को कराये जाने हेतु खुली निविदा www.mptenders.gov.in आमंत्रित की जाती है:-

| क्रं. | कार्य विवरण | स्वीकृत राशि | धरोहर राशि रू. (ईएमडी) | निविदा शुल्क रू. | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पुलिस महानिरीक्षक विसबल भोपाल रेंज भोपाल में भवन की दीवारों में सीलन, छत से पानी रिसाव मरम्मत खिड़की दरवाजों में मरम्मत /बदलने का कार्य। | 121717/- | 14,275/- | 1000/- | 30 दिवस |
| 2 | ए समवाय कार्यालय में मरम्मत, प्लास्टर प्रोफाईल शीट आदि कार्य। | 120338/- | | | |
| 3 | बी समवाय कार्यालय में छत वाटर प्रूफिंग एवं मरम्मत कार्य। | 62018/- | | | |
| 4 | सी समवाय कार्यालय में छत वाटर प्रूफिंग एवं मरम्मत कार्य। | 96234/- | | | |
| 5 | पुलिस बैण्ड स्कूल स्टोर रूम में अलमारियों में कपबोर्ड (कवर्ड बोर्ड) लगाने का कार्य | 75547/- | | | |
| | | 475854/- | | | |

खुली निविदा की शर्तेः-
01. उपरोक्त मरम्मत/निमार्ण कार्यों को म.प्र.पु.आ.अधो.वि.नि.भोपाल द्वारा तैयार किये गये प्राक्कलन अनुसार करना होगा
02. खुली निविदा जारी करने की प्रारंभ तिथि 27.11.2025
03. खुली निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 17.12.2025
04. तकनीकी निविदा खुली निविदा खोलने की दिनांक 18.12.2025
05. प्रथम तकनीकी निविदा बिड खोली जायेगी दस्तावेज परीक्षण एवं सही पाये जाने पर वित्तीय निविदा खोली जावेगी।
सेनानी
7वीं वाहिनी विसबल, भोपाल
G-22101/25 " स्वच्छता ही सेवा "

**कार्यालय सेनानी 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल**
ई-मेलः- co7bn_saf@mppolice.gov.in
क्रमांक-7वी बटा/विसबल./साअ/2156/2025 दिनांक: 25/11/2025
// खुली निविदा विज्ञप्ति सूचना //
वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासकीय आवास क्रं. जी-19, जी-50, जी-51 एवं जी-39 सीआई कॉलोनी जहाँ. में विभिन्न मरम्मत कार्य कराये जाने हेतु खुली निविदा www.mptenders.gov.in आमंत्रित की जाती है:-

| क्रं. | कार्य विवरण | स्वीकृत राशि | धरोहर राशि रू. (ईएमडी) | निविदा शुल्क रू. | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शासकीय आवास जी-19 सीआई कालोनी जहांगीराबाद भोपाल में मरम्मत कार्य | 73,300.00 | 12400.00 | 1000.00 | 45 दिवस |
| 2 | शासकीय आवास जी-50 सीआई कालोनी जहांगीराबाद भोपाल में दरवाजे टायलेट मरम्मत प्लास्टर रिपेयरिंग पेन्ट पुताई का कार्य | 80,600.00 | | | |
| 3 | शासकीय आवास जी-51 सीआई कालोनी जहांगीराबाद भोपाल में दरवाजे फ्लोर में टाईल्स रिपेयरिंग एवं आदि मरम्मत कार्य | 1,07,580.00 | | | |
| 4 | शासकीय आवास जी-39 सीआई कालोनी जहांगीराबाद भोपाल में विभिन्न मरम्मत कार्य | 1,54,000.00 | | | |
| | योग | 4,15,480.00 | | | |

खुली निविदा की शर्तेः-
01. उपरोक्त मरम्मत/निमार्ण कार्यो को लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा तैयार किये गये प्राक्कलन अनुसार करना होगा
02. खुली निविदा जारी करने की प्रारंभ तिथि 28.11.2025
03. खुली निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 18.12.2025
04. तकनीकी खुली निविदा 19.12.2025
05. प्रथम तकनीकी निविदा विड खोली जायेगी दस्तावेज परीक्षण एवं सही पाये जाने पर वित्तीय निविदा खोली जावेगी।
सेनानी
7वीं वाहिनी विसबल, भोपाल
G-22166/25 " स्वच्छता ही सेवा "

**कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल**
**जोन क्रं. 10 वार्ड क्रं.49**
// विज्ञप्ति //
नगर निगम स्वामित्व की राजस्व (दुकान) राजस्व अन्तरण की पूर्व सूचना

| क्र. | जोन क्र. | वार्ड क्र. | आई डी.क्रं. | वर्तमान आवंटी | दुकान का पता | प्रस्तावित अन्तरणकर्ता | नामांतरण का आधार | रसीद क्रं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 10 | 49 | L000003191 | हीरानंद कपूर पुत्र श्री परमानंद कपूर | शॉप नं. 72/85, 11नं स्टॉप, अरेरा मार्केट | श्री हरीश पमनामी पुत्र श्री आर.टी पमनानी | अनुबंध पत्र | 132500021220 |

उक्त दुकान खाते के नाम परिवर्तन करने में किसी व्यक्ति को कोई वैधानिक आपत्ति हो तो वह 7 दिवस के अंदर नगर निगम भोपाल के जोन कार्यालय क्रमांक 10 या संबंधित वाड कार्यालय क्रमांक 49 ई-6, आशा निकेतन, अरेरा कोलानी भोपाल में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें, यदि 7 दिवस के अंदर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो नगर निगम भोपाल नाम परिवर्तन करने के लिये सक्षम होगा। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।
जोनल अधिकारी
जोन क्र.10
नगर निगम, भोपाल
सू.क्र.2745/025/026

**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड विदिशा (म.प्र.)**
Mail 1.D. :- ecphvid@mp.nic.in Fax-No. : 07592-250663 Telephon No:- 07592-250663 VIDISHA 464001 (M.P.)
निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 06/ नि.प्र./ खण्ड विदिशा/लोस्वायाँवि/2025-26 विदिशा, दिनांक 24.11.2025
:: निविदा आंमत्रण सूचना ::
निम्न कार्य हेतु निविदा आनलाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 10.12.2025 को साय: 17:30 बजे तक क्रय / डाउनलोड तथा प्रस्तुत किये जा सकते है।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है :-

| स. क्र. | टेण्डर आई.डी क्रमांक | कार्य | अनुमानि लागत (PAC)-(रू.में) | धरोहर राशि (EMD)-(रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य-(रू.में) | कार्यपूर्ण करने अवधि | निविदा का आमंत्रण | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_PHED_ 464451_1 | विदिशा जिले के विकासखण्ड ग्यारसपुर के ग्राम हैदरगढ़, कोलुआजागीर, पनारिया, पुरागुसाई, घटेरा में जल जीवन निशन अंतर्गत पाईप लाईन, घरेलू नल कनेक्शन, टंकी निर्माण, सम्पवेल निर्माण, पम्प हाउस का निर्माण एवं विद्युत संयोजन आदि शेष कार्य | 9648370.00 | 96484.00 | 10000.00 | 90 दिवस वर्षाऋतु सहित | प्रथम | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड विदिशा (म.प्र.)
जी - 22122/25 स्वच्छता ही सेवा

E-mail id-mobhopal@gmail.com
**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल**
क्रमांक/3273/ खनिज / 2025 भोपाल, दिनांक 27/11/2025
म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,
प्रथम सूचना
यह सूचित किया जाता है कि श्री नितिन सोनी आ. श्री डालचंद सोनी निवासी 68 साई नगर नीलबड तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 27.11.2025 को प्रस्तुत किया गया है। प्रकाशन दिनांक से 28.12.2025 तक की अवधि तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगें। आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/ निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | हुजूर | मालीखेडी | 238(एस) | रकबा 4.000 हे. | शासकीय | मुरूम | रकबा 4.000 हे. |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 06:00 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अंथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।
प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा) जिला भोपाल
जी - 22151/25 स्वच्छता ही सेवा

**भारत में चार नए श्रम कानूनों को लागू कर दिया गया है, जिसके तहत कई बड़े बदलाव हुए हैं। इन चार संहिताओं में 'कोड ऑन वेजेज 2019', 'इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड 2020', 'कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी 2020' और 'ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड 2020' शामिल हैं। श्रम सुधारों का यह नया ढांचा भारत के आर्थिक, डिजिटल और औद्योगिक भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने वाला मॉडल है। यह सुधार न केवल वर्तमान चुनौतियों का समाधान है बल्कि आने वाले दशकों में रोजगार परिदृश्य को स्थिरता, पारदर्शिता और सशक्तिकरण की नई दिशा देगा। नए कानूनों के लागू हो जाने से भारतवर्ष की उत्पादन क्षमता, रोजगार गुणवत्ता, औद्योगिक सामंजस्य और वैश्विक स्पर्धा में वृद्धि की पूर्ण संभावना दिखाई पड़ रही है। कह सकते हैं कि देश ने अपनी श्रम नियमावली को फिर से लिखा है, लेकिन जमीनी स्तर पर ठोस बदलाव आने में अभी कुछ वक्त लगेगा। आत्मनिर्भर भारत को मजबूत आधार प्रदान करने में नए चार श्रम कोड कारगर भूमिका अदा करेंगे, ऐसी उम्मीद जताई जा रही है। अगर नए कानून जमीन पर उतरने में सफल रहे तो श्रमिकों के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा। इसी का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# नए श्रम कानूनों से बदलेगी तस्वीर



विश्लेषण
रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

**इसमें दो राय नहीं कि नए श्रम कानून लागू करना देश के श्रम परिदृश्य में एक नए दौर में प्रवेश करने जैसा है। केंद्र सरकार ने चारों श्रम कानून मसलन वेतन, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा एवं कार्य स्थितियों को अधिसूचित किया है। दावा किया जा रहा है कि ये कदम श्रमिकों की सुरक्षा को मजबूती देगा। निस्संदेह, देश ने अपनी श्रम नियमावली को फिर से लिखा है, लेकिन जमीनी स्तर पर ठोस बदलाव आने में अभी कुछ वक्त लगेगा। अगर नए कानून जमीन पर उतरने में सफल रहे तो श्रमिकों के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा।**

सालों से इंतजार किए जा रहे चार नए श्रम कानूनों को बीती 21 नवंबर को लागू कर दिया गया है, जिसके तहत कई बड़े बदलाव हुए हैं। इन चार संहिताओं में 'कोड ऑन वेजेज 2019', 'इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड 2020', 'कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी 2020' और 'ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड 2020' शामिल हैं। 29 श्रम कानूनों को खत्म करके चार नए कानून पेश किए गए हैं, जो सभी तरह के कर्मचारियों को कवर करते हैं। इस कानून के तहत सैलरी, अनिवार्य नियुक्ति पत्र, सामाजिक सुरक्षा, ग्रेच्युटी और समान काम की समान सैलरी आदि जैसे बदलाव हुए हैं। इसमें दो राय नहीं कि नए श्रम कानून लागू करना देश के श्रम परिदृश्य में एक नए दौर में प्रवेश करने जैसा है। केंद्र सरकार ने चारों श्रम कानून मसलन वेतन, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा एवं कार्य स्थितियों को अधिसूचित किया है। दावा किया जा रहा है कि इससे अनुपालन सरल बनेगा, सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा और ये कदम श्रमिकों की सुरक्षा को मजबूती देगा। केंद्र सरकार की इस कदम से कर्मचारियों को समय पर वेतन, औपचारिक नियुक्ति पत्र देने, न्यूनतम वेतन की गारंटी और वार्षिक स्वास्थ्य जांच का वादा किया गया है।



## सैलरी का दायरा बढ़ेगा

नए कानूनों के तहत कर्मचारियों को समय पर सैलरी दी जाएगी। देशभर में मिनिमम सैलरी का दायरा बढ़ेगा यानी कि बाकी क्षेत्र के कर्मचारियों को भी इसके अंतर्गत लाया जाएगा, ताकि कोई भी सैलरी इतनी कम नहीं हो कि कर्मचारियों का जीवन-यापन कठिन हो। नए कानून के तहत अब ग्रेच्युटी पाने के लिए 5 साल का इंतजार नहीं करना होगा, बल्कि 1 साल की सर्विस पर ही ग्रेच्युटी दी जाएगी। यह ग्रेच्युटी फिक्स्ड-टर्म कर्मचारी और कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स को भी मिलेगी। इन कर्मचारियों को स्थायी कर्मचारियों के बराबर ही सभी फायदे जैसे छुट्टी, चिकित्सा और सामाजिक सुरक्षा भी दी जाएंगी। नए कानून के तहत एक और बड़ा बदलाव यह है कि सभी संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र देने का किया गया है। इसके अलावा गिग वर्कर्स, प्लेटफॉर्म वर्कर्स ओर एग्रीगेटर्स को इन कानूनों के तहत पहली बार डिफाइन किया गया है। इन्हें भी आधार-लिंक्ड यूनिवर्सल अकाउंट नंबर से वेलफेयर बेनिफिट्स दिया जाएगा, जिसमें पीएफ से लेकर पेंशन तक का लाभ शामिल होगा। 40 साल से ज्यादा उम्र के कर्मचारियों को सालाना फ्री हेल्थ चेकअप दिया जाएगा। केंद्र सरकार मजदूरों की बेहतर सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय मानदंड बनाएगी।

## महिला कर्मियों का हित

नए कानूनों के तहत महिलाएं सभी जगहों पर काम कर सकती हैं, जिसमें अंडरग्राउंड माइनिंग, भारी मशीनरी और खतरनाक काम शामिल हैं, जिससे सभी के लिए रोजगार के समान अवसर सुनिश्चित होंगे। हर साइट पर ऑन-साइट सेफ्टी मॉनिटरिंग के लिए जरूरी सेफ्टी कमेटी और खतरनाक रसायनों की सुरक्षित हैंडलिंग पक्का करना है। वहीं फिक्स्ड-टर्म एम्प्लॉई (एफटीई) से रोजगार मिलने की संभावना बढ़ेगी और सामाजिक सुरक्षा, स्थायी कर्मचारी के बराबर फायदे जैसे कानूनी सुरक्षा पक्की होगी। कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले कर्मचारियों को समाजिक और स्वास्थ्य सुरक्षा मिलेगी। महिला-पुरूष भेदभाव कानूनी तौर पर नकार दिया गया है। महिला हो या पुरुष समान काम के लिए समान वेतन मिलेगा। महिलाओं को नाइट शिफ्ट में भी काम करने का अधिकार होगा। सभी कामगारों के लिए मिनिमम सैलरी की गारंटी होगी। सभी तरह के कर्मचारियों को ऑफर लेटर देना होगा, जिससे सामाजिक सुरक्षा, रोजगार विवरण और औपचारिक रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। छुट्टी के दौरान मजदूरी देना अनिवार्य किया गया है। मजदूरों को केंद्र सरकार की ओर से तय की गई फ्लोर वेज के हिसाब से वेतन दिया जाएगा।

## ग्रेच्युटी व प्रोविडेंट फंड बेहतर

सभी प्रवासी कामगारों (डायरेक्ट, कॉन्ट्रैक्टर-बेस्ड और खुद माइग्रेटेड) को बराबर वेतन, वेलफेयर बेनिफिट और पीडीएस पोर्टेबिलिटी का लाभ दिया जाएगा। कामगार 3 साल तक लंबित बकाय के निपटारे के लिए दावा कर सकते हैं। सभी डॉक वर्कर्स के लिए प्रोविडेंट फंड, पेंशन और बीमा के लाभ तय कर दिया गया है, चाहे कॉन्ट्रैक्ट वर्कर हैं या अस्थायी कर्मचारी। जानकारों के मुताबिक नए लेबर कोड्स 'कोड ऑन वेजेज' और 'सोशल सिक्योरिटी' के तहत 'वेजेज' (सैलरी) की परिभाषा को एक जैसा बनाते हैं। इससे ग्रेच्युटी और प्रोविडेंट फंड बेहतर होगा, लेकिन अगर कंपनियां खर्च कम करने के लिए अलाउंस घटाती हैं, तो हाथ में आने वाली सैलरी कम हो सकती है। श्रम क्षेत्र के जानकारों के अनुसार, अब 'वेजेज' में बेसिक पे, डियरनेस अलाउंस यानी डीए और रिटेनिंग अलाउंस यानी आरए शामिल होंगे। कुल कमाई का 50 प्रतिशत (या सरकार द्वारा तय की गई कोई और प्रतिशत राशि) 'वेजेज' में जोड़ा जाएगा। इससे ग्रेच्युटी, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा लाभों की गणना में एकरूपता आएगी। पहले कंपनियां बेसिक सैलरी कम रखकर बाकी पैसा अलग-अलग भत्तों के रूप में दे देती थीं। इससे पीएफ और ग्रेच्युटी में उनका योगदान कम होता था। लेकिन अब सरकार ने नियम बना दिया है कि आपकी कुल सैलरी यानी सीटीसी का कम से कम आधा हिस्सा बेसिक सैलरी होना चाहिए। इससे आपकी रिटायरमेंट सेविंग्स तो बढ़ेंगी, लेकिन हर महीने हाथ में आने वाले पैसे थोड़े कम हो सकते हैं। यह एक तरह से आपकी भविष्य की सुरक्षा के लिए अच्छा कदम है, भले ही अभी थोड़ा जेब पर भारी पड़े। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि श्रम सुधारों के कई प्रावधान, लंबे समय से अपेक्षित प्रगति का संकेत देते हैं।

## जमीनी स्तर पर हो बदलाव

सभी क्षेत्रों में न्यूनतम वेतन का सार्वभौमिक वैधानिक अधिकार, अनिवार्य लिखित नौकरी अनुबंध, निश्चित अवधि के कर्मचारियों के लिये बेहतर ग्रेच्युटी तक पहुंच और स्वास्थ्य व सुरक्षा पर स्पष्ट मानदंड, औपचारिक प्रावधानों और पारदर्शिता की दिशा में बदलाव को रेखांकित करते हैं। निश्चित रूप से सामाजिक-सुरक्षा ढांचे के भीतर गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को मान्यता देना शायद सबसे बड़ा संरचनात्मक परिवर्तन माना जा सकता है। निश्चय ही, ये देश के लाखों कामगारों को सुरक्षा कवच प्रदान करेगा। निस्संदेह, देश ने अपनी श्रम नियमावली को फिर से लिखा है। लेकिन जमीनी स्तर पर ठोस बदलाव आने में अभी कुछ वक्त लगेगा। अगर नए कानून जमीन पर उतरने में सफल रहे तो श्रमिकों के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा।

## नए श्रम कानून : श्रमिक जीवन का नया सूर्योदय



उम्मीद
डॉ.सूर्यकांत
स्वतंत्र पत्रकार

श्रमिक कल्याण की प्रतिबद्धता से जुड़े नए श्रम कानून के लागू हो जाने के बाद से शोषण की कूटनीति को समाप्त करने का मार्ग खोला जा सकेगा। पुराने कानूनों में राजनीतिक उद्देश्यों को साधने के लिए किए जाने वाले घेराव के साथ तालाबंदी जैसी औद्योगिक गतिविधियों को भी रोका जा सकेगा। 'श्रमेव जयते' जैसे सार्थक शब्द का आह्वान श्रम के क्षेत्र में विकास यात्रा के मार्ग को सुगम बनाते हुए श्रम की गरिमा और श्रमिकों के सम्मान का प्रतीक बनकर जरूर उभरेगा। आजाद हिंदुस्तान में अब तक जो श्रम कानून चल रहे थे, वे आजादी से पूर्व 1920 और आजादी के तुरंत बाद 1950 में लागू किए गए थे। कहीं न कहीं अंग्रेजों की सोच कानून में घुली हुई थी। 105 वर्षों की लंबी यात्रा में समय-काल-परिवर्तन के अनुसार युगकालीन परिवर्तन स्पष्ट दिखाई पड़ रहे थे। तब समय की जरूरत के हिसाब से कानून में परिवर्तन करना एक अच्छी सोच कही जा सकती है। अलग-अलग टुकड़ों में बंटे 29 श्रम कानूनों को चार मुख्य कोड में समेटना कहीं न कहीं पेचीदे कानून को सरल बनाने की दिशा में एक अच्छा निर्णय माना जाना चाहिए। वर्तमान केंद्रीय सरकार की यह सोच कि निजी क्षेत्रों में काम करने वाले सभी कर्मचारियों को सम्मानित जीवन मिले। अनुकूल कार्य क्षेत्र की प्राप्ति हो। समान वेतन का हक मिले, निम्न तबके को कल्याणकारी योजना की ओर अग्रसर करता है। नए श्रम कानून का सबसे ज्यादा लाभ प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले कर्मचारियों को मिलने जा रहा है। इन कानूनों के चलते अब जहां शोषण से मुक्ति मिलेगी, वहीं वेतन की नियमितता श्रमिकों को खुशियों का उपहार देती दिखेगी। नए नियमों के अनुसार अब नियोक्ता को किसी भी परिस्थिति में अपने कर्मचारियों को प्रत्येक माह की 7 तारीख तक वेतन का भुगतान करना होगा। सबसे बड़ा लाभ सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली ग्रेच्यूटी के रूप में होगा। पुराने कानून जहां कम से कम पांच वर्ष के सेवाकाल के बाद ही ग्रेच्युटी भुगतान की जंजीरों में जकड़ दिए गए थे , वहीं अब नए कानून के तहत हर वह कर्मचारी जिसने एक वर्ष की निरंतर सेवा पूर्ण कर ली है , ग्रेच्यूटी का हकदार होगा। हमारा पुराना श्रम कानून जहां महिला और पुरुषों के वेतन की विसंगति से जूझ रहा था , अब महिलाओं को भी पुरुषों के बराबर वेतन का अधिकार प्रदान कर रहा है । सीधे शब्दों में कहा जाए तो जेंडर आधारित भेदभाव को नए कानून ने कचरे के डिब्बे में डाल दिया है। चार नए श्रम कोड के चलते प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले कर्मचारियों का जीवन सम्मानित और सुनियोजित तरीके से सांस ले पाएगा। नए कानून को कार्यरूप देने के पीछे जो उद्देश्य नजर आ रहे हैं, वे कर्मचारियों को लाभान्वित करने के साथ ही कार्यक्षेत्र में किए जाने वाले शोषण को समाप्त करने वाले हैं। साथ ही इन कानूनों में सामाजिक सुरक्षा का मुद्दा नियोक्ताओं को उनके कर्तव्यों की याद दिलाने वाला होगा। आत्मनिर्भर भारतवर्ष के स्वप्न को साकार करने के लिए ही शायद सरकार के द्वारा 29 श्रम कानूनों को चार कानून में समेटा गया है। देश में 2025 नवंबर माह के तीसरे सप्ताह से प्रभावशील चार श्रम कानून कोड वेतन संहिता 2019, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, तथा ओएसएच और कार्य शर्तें संहिता के रूप में लागू किए जा चुके हैं। जैसा कि वेतन संहिता के नाम से ही विदित होता है कि यह कोड कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन के साथ समय पर वेतन देने की मजबूत व्यवस्था के लिए बनाया गया है। सामाजिक सुरक्षा संहिता कर्मचारियों को सेवा निवृत्ति के बाद सम्मानित जीवन यापन के क्षेत्र में पीएफ , ईएसआईसी , ग्रेच्यूटी और बीमा जैसे लाभों का आवरण प्रदान करेगी । इसी तरह औद्योगिक संबंध संहिता कर्मचारियों की नियुक्ति, उनकी अनावश्यक छंटनी सहित अन्य सुविधाएं प्रदान करने वाली होगी । सबसे अहम चौथे कोड में काम के दौरान सुरक्षा और कार्यक्षेत्र को अनुकूल वातावरण प्रदान करने से संबंधित नियमों से बंधा होगा। संक्षिप्त में कहें तो नए कानूनों के जरिए सरकार ने कानून के सरलीकरण का शानदार प्रयास किया है। इन कानूनों के तहत गिग वर्कर अर्थात ऐसे कर्मचारी जो स्थाई नहीं हैं , बल्कि अस्थाई रूप से काम पर रखे जाते हैं , उन्हें भी कानून के दायरे में लाया गया है । नए कानूनों के लागू हो जाने से भारतवर्ष की उत्पादन क्षमता, रोजगार गुणवत्ता, औद्योगिक सामंजस्य और वैश्विक स्पर्धा में वृद्धि की पूर्ण संभावना दिखाई पड़ रही है। आत्मनिर्भर भारत को मजबूत आधार प्रदान करने में नए चार श्रम कोड कारगर भूमिका अदा करेंगे।

***नए श्रम कानून का सबसे ज्यादा लाभ प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले कर्मचारियों को मिलने जा रहा है । इनके चलते अब जहां शोषण से मुक्ति मिलेगी। वहीं वेतन की नियमितता श्रमिकों को खुशियों का उपहार देती दिखेगी।***

## श्रम संसार की तस्वीर बदलने वाली गारंटी



राष्ट्र-चिंतन
आचार्य श्रीहरि
स्वतंत्र पत्रकार

श्रमेव जयते। श्रम की प्रधानता और समृद्धि के बिना जीवंत राष्ट्र की परिकल्पना नहीं हो सकती है। श्रम की कसौटी पर निर्माण और विकास की परिकल्पना बनती है। इसलिए श्रम की महत्ता और अनिवार्यता को अस्वीकार करना मुश्किल है। इनकी उपेक्षा और इन पर उदासीनता अस्वीकार है। सरकार की ही नहीं, बल्कि नियोक्ता और सेवा प्रदाताओं की जिम्मेदारी भी स्वस्थ और समृद्ध श्रम संसाद की बनती है। यह अच्छी और स्वागतपूर्ण कदम है कि नरेन्द्र मोदी ने मजदूरों की तस्वीर बदलने की गारंटी दी है, उनकी आजीविका के अधिकार को सशक्त बनाया है। उनके होने वाले शोषण और उत्पीड़न पर रोक लगाने की व्यवस्था की है और भेदभाव की नीतियों को समाप्त करने की घोषणा की है, यानी कि श्रमेव जयते। इस निमित नरेन्द्र मोदी की सरकार ने चार नए श्रम संहिताओं की घोषणा की है। इन श्रम संहिताओं की घोषणा से लगभग 30 साल के श्रम काले कानूनों को समाप्त कर दिया गया है, जो काफी समय से प्रस्तावित और प्रत्याशित थे। चार नये श्रम संहिताओं को इस प्रकार से जानिये। पहला वेज कोड 2019, इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड 2020 सोशल सिक्योरिटी कोड 2020 और ऑक्यूपेशनल सेल्फी हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड 2020 में परिवर्तन कर दिया गया है। इससे मजदूरों के वेतन और सुरक्षा अधिकारों में बहुत ज्यादा परिवर्तन होगा और लाभकारी भी होगा। नए श्रम संहिताओं में मजदूरों के सभी प्रकार के अधिकारों और कल्याण की भावनाओं को निहित किया गया है। औद्योगिकीकरण और कारपोरेटिवकरण तथा रोजगार और श्रम के नये आयामों के उद्भव और विकास के कारण मजदूरों के सामने विकट समस्या उत्पन्न हो गयी थी, निवेशकों के सामने भी बहुत बडी समस्या थी, पूर्व की श्रम संहिताएं अस्पष्ट थी और विसंगतियों से भरी पड़ी थी, नियोक्ता और श्रमिकों के बीच अविश्वास उत्पन्न करती थी, अधिकारों को लेकर संहिताएं स्पष्ट भी नहीं थी। न्यूनतम वेतनमान में हीलाहवाली थी, असमानता थी और शोषण युक्त था। नयी आर्थिक नीतियों के लागू होने से सर्वाधिक शोषण के शिकार मजदूर थे और उनके हित हाशिये पर थे, उनके आंदोलन करने के अधिकार और कर्तव्य पर नियोक्ता, पुलिस और प्रशासन की टेढी नजर रहने लगी थी। भारत की ये श्रम संहिताएं विश्व की अन्य संहिताओं के अनुपात में कितनी लाभकारी हैं, कितनी सहयोगी हैं और कितनी कल्याणकारी हैं? नई श्रमिक संहिताएं श्रमिकों के कल्याण और उनकी सुरक्षा के लिए बेमिसाल तो हैं पर नियोक्ताओं और सेवादाता कंपनियों के बीच भी श्रम कानूनों को लेकर विश्वास उत्पन्न करने की आवश्यकता है। उम्मीद है कि नरेन्द्र मोदी सरकार श्रमिकों और नियोक्ताओं के बीच विश्वास और संतुलन बनाने की भूमिका निभाएगी।

***इन श्रम संहिताओं की घोषणा से लगभग 30 साल के श्रम काले कानूनों को समाप्त कर दिया गया है, जो काफी समय से प्रस्तावित और प्रत्याशित थे।***

## भारत में नए लेबर कोड : श्रमिक अधिकारों का नया अध्याय



रणनीति
सुनील कुमार महला
स्वतंत्र पत्रकार

केंद्र सरकार ने 21 नवंबर 2025 शुक्रवार को कार्य परिस्थितियों में बड़े बदलाव का कदम उठाते हुए देश में नई श्रम संहिता (लेबर कोड) लागू कर दी। यह वाकई काबिले-तारीफ है कि निजी एवं असंगठित क्षेत्र के करोड़ों कामगारों के लिए उपयोगी इस नए लेवर कोड में अनिवार्य नियुक्ति-पत्र, न्यूनतम और समय पर वेतन की गारंटी और एक साल में ही ग्रेच्युटी भुगतान की व्यवस्था की गई है, वहीं सामाजिक सुरक्षा का ध्यान रखते हुए ईएसआइसी सुविधा और 40 साल की सेवा के बाद अनिवार्य स्वास्थ्य जांच जैसी सुविधाओं का प्रावधान किया गया है। बता दें कि ईएसआईसी भारत सरकार की एक सामाजिक सुरक्षा योजना है, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों और उनके परिवारों को बीमारी, दुर्घटना, मातृत्व और रोजगार से जुड़ी अन्य आपात स्थितियों में आर्थिक तथा चिकित्सीय सुरक्षा प्रदान करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के बाद इसे सबसे बड़ा रिफॉर्म बताया है। उन्होंने कहा है कि यह कृषकों को मजबूत बनाने वाला है। इनसे एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार होगा, जो भविष्य में कामगारों के हकों की रक्षा करेगा और भारत की आर्थिक वृद्धि को नई शक्ति देगा, साथ ही विकसित भारत की यात्रा को भी तेज गति मिलेगी।' कितनी अच्छी बात है कि नए लेबर कोड में महिलाओं के लिए खास सुविधाएं जोड़ी गई हैं, वहीं खतरनाक व जोखिम वाले उद्योगों, गिग वर्कर्स और आइटी क्षेत्र में काम करने वाले कामगारों के लिए भी विशेष उपाय किए गए हैं। आज के समय में ओला-उबर के ड्राइवर, स्विगी-जोमैटो, ब्लिंकिट ,अमेज़न के डिलीवरी पार्टनर, फ्रीलांसर (कंटेंट राइटर, ग्राफिक डिज़ाइनर, वीडियो एडिटर, वेब डेवलपर, डिजिटल मार्केटर आदि), डिज़ाइनर, या अर्बन कंपनी जैसी सर्विस देने वाले लोग गिग वर्कर्स के रूप में जाने जाते हैं। यह काम लचीला होता है, इसलिए लोग अपनी सुविधा अनुसार समय तय कर सकते हैं, लेकिन इसकी सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इसमें स्थायी नौकरी जैसे लाभ जैसे पीएफ, पेंशन, मेडिकल सुरक्षा अक्सर नहीं मिलते। यही कारण है कि गिग वर्कर्स को असंगठित क्षेत्र का हिस्सा माना जाता है।





**यदि पारदर्शिता से काम हो तो यह कोड अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और देश को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।**

सच तो यह है कि गिग वर्कर्स, खनन श्रमिकों और टैक्सटाइल श्रमिकों के लिए नए लेबर कोड में विशेष इंतज़ाम किए गए हैं,जो सराहनीय हैं। वास्तव में अब गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों सहित सभी श्रमिकों को पीएफ, ईएसआइसी, बीमा और अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभ मिल सकेंगे। इतना ही नहीं, खनन श्रमिकों के क्रम में आवागमन दुर्घटना पर मुआवजा, खान में सुरक्षा व स्वास्थ्य मानकों का ध्यान, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ ही साथ काम के घंटों की सीमा प्रतिदिन 8 से 12 घंटे, तथा प्रति सप्ताह 48 घंटे तय की गई है। टैक्सटाइल श्रमिकों के लिए भी प्रावधान किए गए हैं। मसलन, ठेकेदार कर्मियों को समान वेतन, कल्याणकारी लाभ, बकाया निपटान के लिए तीन साल की अवधि, तथा ओवरटाइम पर दोगुना भुगतान जैसी व्यवस्थाएं नये लेबर कोड में की गईं हैं। नए लेबर कोड में महिलाओं के लिए खास सुविधाओं में क्रमशः लिंग भेद निषेध, समान कार्य के लिए समान वेतन, महिलाओं को सहमति व जरूरी सुरक्षा उपायों के साथ रात्रि पाली में तथा सभी प्रकार के काम की अनुमति, शिकायत निवारण समितियों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व जरूरी, महिला कर्मचारी के परिवार की परिभाषा में सास-ससुर को शामिल करना, 26 सप्ताह का मातृत्व अवकाश, क्रैच व वर्क फ्रॉम होम की सुविधा के साथ ही साथ 3500 रुपये का मेडिकल बोनस दिए जाने की व्यवस्थाएं भी की गईं हैं। वास्तव में लेबर कोड में विभिन्न सुधारों से कामगारों को निश्चित ही लाभ हो सकेगा। कुल मिलाकर, श्रमिकों की स्थिति सुधारने के लिए नए लेबर कोड की आवश्यकता महसूस की गई। अब नए लेबर कोड से श्रमिकों के दिन बदलेंगे। हालांकि, इनकी सफलता प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी। यदि सरकार और उद्योग पारदर्शिता से काम करें तो यह कोड भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और देश को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## रोजगार, सुरक्षा और सम्मान की दिशा में ऐतिहासिक पहल



श्रम कानून
रवि शंकर
वरिष्ठ पत्रकार

एक लंबे इंतजार के बाद देश के श्रम कानूनों में बदलाव किया गया है, जो कई तरह से ऐतिहासिक है। इसकी मांग दशकों से की जा रही थी। पुराने 29 श्रम कानूनों को अब इतिहास बनाते हुए उनकी जगह 21 नवंबर से देश में चार नए श्रम कोड लागू हो गए हैं। इसे श्रम सुधारों में अब तक का सबसे बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

ये कोड हैं- वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यस्थल स्थिति संहिता 2020। इनका मकसद कामगारों को सुरक्षित काम, समय पर वेतन और सामाजिक सुरक्षा देना है। संसद ने ये चार लेबर कोड लगभग पांच साल पहले पारित कर दिए थे। लेकिन इन्हें अब जाकर लागू किया गया है। अब पूरे देश में संगठित और असंगठित क्षेत्रों के लिए श्रम कानून एक जैसे होंगे। इन संहिताओं का सबसे बड़ा उद्देश्य श्रमिकों के कल्याण को मजबूत बनाना, उद्योगों को सुगम कार्य-परिस्थिति देना, डिजिटल कार्य संस्कृति को औपचारिक मान्यता देना और गिग-प्लेटफॉर्म वर्कर्स जैसे उभरते श्रमिक वर्ग को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। इससे भारत की उत्पादन क्षमता, रोजगार गुणवत्ता, औद्योगिक सामंजस्य और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में वृद्धि होगी। बहरहाल, इन कानूनों को लागू करते हुए केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। ऐसा मानना है कि ये बदलाव देश में रोजगार और औद्योगिक व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। नए श्रम कानूनों से देश के करीब 40 करोड़ कामगारों को सामाजिक सुरक्षा कवरेज भी मिलेगी।

पहले देश में लागू श्रम कानून 1930-1950 के बीच के बनाए गए थे। उन कानूनों में श्रमिकों के आर्थिक हितों का ध्यान नहीं रखा गया था। लेकिन नए कानून इन बातों को ध्यान में रखा गया है। हालांकि, कई मजदूर संगठनों का आरोप है कि ये कोड कंपनी मालिकों को पहले से कहीं अधिक अधिकार देते हैं। खासकर छोटी और असंगठित कंपनियों में कामगारों का शोषण बढ़ेगा। दावा किया जा रहा है कि यह अद्भुत संतुलन वाला कानून है, जिससे मजदूरों और कर्मचारियों को भी फायदा होगा तो उद्योग समूहों को भी लाभ होगा। सवाल है कि जब दोनों के लिए फायदे वाला कानून है तो इसे लागू करने में सरकार को छह साल क्यों लग गए? दूसरा सवाल यह है कि अगर ये कानून मजदूरों के हित में हैं तो देश के ज्यादातर बड़े मजदूर संगठन इसका विरोध क्यों कर रहे हैं? असल में संसद में पास करने से लेकर इनके नियम बना कर इन्हें लागू करने तक जब भी इन कानूनों की बात होती है तो दावा किया जाता है कि इनसे मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा मिलेगी, स्वास्थ्य की बेहतर सुविधा मिलेगी, समय पर उचित वेतन मिलेगा तो दूसरी ओर कंपनियों को एक ऐसा सरल ढांचा मिलेगा, जिसके अनुपालन में उनको कोई समस्या नहीं आएगी। लेकिन यह सिर्फ सदिच्छा है। वास्तव में इसका कितना लाभ मिलता है यह इन कानूनों के अनुपालन के बाद पता चलेगा। लेकिन एक बात साफ है कि मजदूरों के हड़ताल या विरोध प्रदर्शन के अधिकार को सीमित कर दिया गया है। नए कानून में प्रावधान है कि हड़ताल से 60 दिन यानी दो महीने पहले नोटिस देना होगा।



**वास्तव में श्रम कानून का कितना लाभ मिलता है यह इन कानूनों के अनुपालन के बाद पता चलेगा, लेकिन एक बात साफ है कि मजदूरों के हड़ताल या विरोध प्रदर्शन के अधिकार को सीमित कर दिया गया है।**

अगर कर्मचारी या मजदूर अपनी किसी समस्या के लिए तत्काल विरोध प्रदर्शन या हड़ताल नहीं कर पाएंगे तो उनकी समस्या को निराकरण कैसे होगा? वहीं सामाजिक सुरक्षा वाले तीसरे कानून में गिग वर्कर्स और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए सोशल सिक्योरिटी फंड की बात कही गई है। लेकिन यह फंड कैसे बनेगा? कंपनियां कितना योगदान करेंगी और मजदूरों को उसका लाभ कैसे मिलेगा, इस बारे में बहुत स्पष्टता नहीं है। इसी तरह व्यावसायिक सुरक्षा वाले चौथे कानून में रोज के काम के घंटे का विस्तार 12 घंटे तक कर दिया है। असल में नए श्रम कानून जैसा कि हमेशा होता है उद्योग समूहों और निवेशकों के हितों को ध्यान में रख कर बनाए गए हैं। इनका मकसद ज्यादा से ज्यादा निवेश आकर्षित करना और उद्योग समूहों का विस्तार करना है। सभी सरकारें मानती रही हैं कि उद्योगों का विकास होगा, निवेश बढ़ेगा तो रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे और संपन्नता आएगी। लेकिन वास्तविकता यह है कि हर कानून शोषण और गैर बराबरी को बढ़ाता है। ये कानून भी अपवाद नहीं हैं। इनमें भी फिक्स्ड टर्म नौकरी पर जोर दिया गया है, जिसका मतलब है कि स्थायी नौकरियां कम होंगी और ठेके पर काम ज्यादा उपलब्ध होगा। इससे सामाजिक सुरक्षा बढ़ेगी नहीं कम होगी। इसी तरह कंपनियां नियमों का कैसे अनुपालन करती हैं उसकी जांच और निगरानी की व्यवस्था कमजोर कर दी गई है। कुछ पहलुओं को छोड़ दिया जाए तो नई श्रम संहिताएं आवश्यक संतुलन साधने में सफल दिखती हैं। ये बदलाव सिर्फ आज के कामगारों के लिए नहीं, आने वाले समय में काम की दुनिया बदलने की चुनौती के लिए हैं। दरअसल, श्रम सुधारों का यह नया ढ़ांचा भारत के आर्थिक, डिजिटल और औद्योगिक भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने वाला मॉडल है। यह सुधार न केवल वर्तमान चुनौतियों का समाधान है बल्कि आने वाले दशकों में रोजगार परिदृश्य को स्थिरता, पारदर्शिता और सशक्तिकरण की नई दिशा देगा।

घर का एड्रेस पूछकर जालसाज ने भेजा मोबाइल हैक कोड, इसके बाद पीड़ित ने मोबाइल से कॉल किया तो वाटसएप हैक हो गया

# साइबर ठगों ने वित्त विभाग के पूर्व डायरेक्टर और उनकी पत्नी को वाटसएप किया, फिर परिचितों को मैसेज कर उनसे मांगे रुपए

## जालसाजों ने डिलीवरी ब्वॉय बनकर उन्हें कॉल किया था, घर का पता पूछने के बाद जालसाजों ने उनके मोबाइल पर हैक कोड भेजा

**नितिन ने 1930 पर शिकायत दर्ज कराई और खुद के बैंक खाते फ्रीज कराए, जिससे ठगी नहीं हो सकी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश वित्त विभाग के पूर्व डायरेक्टर का साइबर ठगों ने वाटसएप हैक कर लिया। इसके बाद उनके ही नंबर से उनके परिचित को वाट्सऐप पर मैसेज कर पैसों की मांग की गई। उनकी पत्नी का भी वाटसएप हैक किया गया। जालसाजों ने डिलवरी बॉय बनकर उन्हें कॉल किया था। घर का पता पूछने के बाद जालसाजों ने उनके मोबाइल नंबर पर हैक कोड वाला मैसेज भेजा। इसी कोड को डायल कराकर उनके मोबाइल हैक कर लिए गए। हालांकि, आरोपी ठगी नहीं कर सके। हबीबगंज पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर क्राइम ब्रांच उनका वाट्सऐप रिकवर कराने में जुटी है।

पुलिस के अनुसार, ई-2/272 अरेरा कॉलोनी हबीबगंज निवासी 66 साल नितिन नांदगांवकर वित्त विभाग (मप्र शासन) के डायरेक्टर पद से रिटायर्ड हैं।

**परिचितों के वाटसएप पर नितिन के मोबाइल नंबर से पैसे भेजने के मैसेज आने लगे तो हुआ संदेह**

**परिचितों को फोन पर नितिन ने स्पष्ट किया कि हमने किसी तरह का मैसेज नहीं भेजा है**



गुरुवार को वह अपने रिश्तेदार के तेरहवीं कार्यक्रम में अरेरा कॉलोनी में थे। सुबह करीब साढ़े 11 बजे उनके मोबाइल में अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया। मोबाइल करने वाले ने उन्हें बताया कि आपका पार्सल आया है। डिलेवरी बॉय को आपका एड्रेस नहीं मिल रहा है। उसने उन्हें एक मोबाइल नंबर देकर डिलवरी बॉय को घर का पता बताने के लिए कहा। उन्होंने मोबाइल नंबर पर कॉल किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ। कुछ देर बाद उनके मोबाइल के मैसेज बाक्स में *21* मैसेज आया। उसी नंबर में उन्होंने अपने मोबाइल नंबर से कॉल लगा दिया। तभी उनका वाटसएप हैक हो गया। इस पर नितिन नांदगांव ने अपने मोबाइल फोन से पत्नी नीलम जैन के मोबाइल नंबर को डालकर वाटसएप लॉगिन करने का प्रयास किया। उसका ओटीपी उनकी पत्नी के मोबाइल में आया, जिसे डालकर उन्होंने फिर से लॉगिन का प्रयास किया तो उनका भी वाटसएप हैक हो गया।

थोड़ी देर बाद उनके परिचितों के वाटसएप पर नितिन के मोबाइल नंबर से पैसे भेजने के मैसेज आने लगे। संदेह होने पर कुछ परिचितों ने उन्हें फोन किया। बताया कि उनकी तरफ से किसी तरह के मैसेज नहीं किए गए हैं। साइबर जालसाजों ने उनका वाटसएप हैक कर लिया है। उन्होंने तुरंत ही 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। खुद के बैंक खाते फ्रीज कराए, जिससे ठगी नहीं हो सकी।

### साइबर टीम वाटसएप रिकवर कराने में जुटी

रात में ही नितिन नांदगांवकर की पत्नी नीलम जैन हबीबगंज थाने पहुंच गईं। थाना प्रभारी संजीव चौकसे ने तुरंत ही साइबर क्राइम ब्रांच को सूचना दी। साइबर क्राइम की एक्सपर्ट टीम पति-पत्नी के हैक हुए वाटसएप रिकवर कराने में जुटी। हालांकि, शुक्रवार शाम तक उनका डाटा पूरी तरह रिकवर नहीं हो सका था। साइबर क्राइम टीम का कहना है कि रिकवर कराने में थोड़ा वक्त लगता है। जल्द ही दोनों के वाटसएप रिकवर हो जाएगा। पुलिस जालसाज के मोबाइल नंबर के आधार पर उनकी पहचान करने में जुटी है।

## खबर संक्षेप



### डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर किए पुष्प अर्पित

**औबेदुल्लागंज।** संविधान दिवस पर आंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा आंबेडकर चौराहे पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और भारत के संविधान प्रस्तावना पढ़ी गई। संविधान 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत किया गया था और यह 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था। इसको अंगीकृत किए जाने के समय, संविधान में 395 अनुच्छेद और 8 अनुसूचियां थीं और इसमें लगभग 1,45,000 शब्द थे, जिससे यह अब तक का अंगीकृत किया जाने वाला सबसे लंबा राष्ट्रीय संविधान बन गया। इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष सुनील सेरिया, इमरत सिंह दरबार, महेश जैन, राजेन्द्र गुड्डू साहू, भूपेन्द्र मेहरा, मुकेश जाटव, रॉकी सरसवाल आदि ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

### जीवताशा फाउंडेशन के सदस्यों ने किया रक्तदान



**औबेदुल्लागंज।** जीवताशा फाउंडेशन के सदस्यों ने समाज की सेवा में निरंतर लगे रहते हैं। शनिवा को एसडीपी, आरडीपी सहित अन्य सदस्यों ने रक्तदान दिया। इस पहल से न केवल जरूरतमंद लोगों की मदद होगी, बल्कि समुदाय में सेवा भाव और मानवता की भावना भी प्रबल हो होगी। फाउंडेशन की यह मुहिम बाल कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों के साथ जुड़ी हुई है, जो पूरे भोपाल क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता का स्थायी प्रभाव छोड़ रही है। जीवताशा फाउंडेशन सचिव कार्तिक जैन ने बताया की रक्तदान से रक्त परिसंचरण बेहतर होता है और दिल की सेहत भी सुधरती है।

### आरोपी सलमान को 10 दिन की रिमांड पर भेजा



**औबेदुल्लागंज।** गौहरगंज में 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी सलमान को 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। वहीं सकल हिंदू समाज ने शनिवार को आरोपी आरोपी सलमान को फांसी देने की मांग करते हुए उसे संरक्षण देने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं स्थानीय महिलाओं और छात्राओं ने आरोपी को बीच चौराहे पर फांसी देने की मांग की है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 279 | 87 | 449 |
| रात: | 468 | 86 | 259 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 479 | 03 | 157 |
| रात: | 677 | 00 | 145 |

## पुलिस ने किया फर्नीचर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में हुई चोरी का खुलासा

# शोरूम में गार्ड की नौकरी करने वाले ने की 12 लाख की चोरी, पुलिस ने किया दो को गिरफ्तार

**किओस्क से निकाली गई रकम से मिला पुलिस को सुराग, आरोपी और उसका साथी गिरफ्तार, चोरी के बाद लोडिंग ऑटो से ले गए थे माल**

**दुकान में रखे एटीएम भी चुराए, पता था एटीएम का पिन, चोरी के बाद कियोस्क से कराए बीस हजार रुपए ट्रांसफर**

**पुलिस ने चोरी गया सारा सामान जब्त कर लिया, जिसकी कीमत 12 लाख रुपए है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अयोध्या नगर पुलिस ने बायपास स्थित गर्ग (फर्नीचर) एवं इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में हुई नकबजनी (चोरी) का खुलासा करते हुए दो नकबजनों को गिरफ्तार किया है। नकबजनी की वारदात शोरूम में दो महीने गार्ड की नौकरी छोड़ने वाले गार्ड ने अपने साथी के साथ मिलकर की थी। उसने शोरूम से इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान और काउंटर से एटीएम चुरा लिया था। इतना ही नहीं एटीएम चुराने के बाद उसने एमपी ऑनलाइन की दुकान से बीस हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए थे। यही ट्रांसफर कराए रुपए से आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

पुलिस के अनुसार 24-25 नवंबर की दरमियानी रात अयोध्या बायपास स्थित गर्ग (फर्नीचर) एवं इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम से अज्ञात बदमाशों ने ताला तोड़कर काउंटर में रखे 60-70 हजार रुपए, एटीएम कार्ड सहित सैमसंग, वेस्टल एवं अन्य ब्रांड की एलईडी टीवी सहित महंगे मोबाइल और एयर बर्ड सहित 12 लाख रुपए का सामान चोरी होने की शिकायत मिली थी। पुलिस ने नकबजनी का प्रकरण दर्ज कर जांच की। पुलिस ने दुकान और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। इस दौरान दो संदिग्ध नकबजनी की वारदात करते हुए नजर आए। हालांकि दोनों का ही चेहरा बंधा होने के कारण उनकी पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शोरूम संचालक से पूछताछ की तो पता चला कि जिसने वारदात की है उसने एटीएम से बीस हजार रुपए एमपी ऑनलाइन के माध्यम से ट्रांसफर कराए हैं। पुलिस ने बैंक से अकाउंट की डिटेल निकाली और संदेही दीपक यादव को हिरासत में लिया। दीपक यादव पिता महेन्द्र यादव (19) बी सेक्टर अयोध्यानगर में रहता था और गर्ग शोरूम में गार्ड की नौकरी करता था। दो महीने पहले ही उसने यहां से नौकरी छोड़ी थी।




शोरूम से चोरी गया सामान और गिरफ्तार आरोपी के साथ अयोध्या नगर थाना पुलिस।

### वाइन शॉप पर हुई दोस्ती साथ मिलकर की वारदात

पुलिस की पूछताछ में आरोपी दीपक यादव ने बताया कि शोरूम में काम करने के कारण उसे पता था कि शोरूम के बगल वाला गेट पर लगा ताला आसानी से टूट जाएगा। इसके अलावा शोरूम के काउंटर में अक्सर नगदी रखी रहती है। शोरूम का मैनेजर काउंटर में एटीएम भी रखता है। उस एटीएम का पिन उसे पता था। वाइन शॉप पर शराब पीते समय उसकी मुलाकात तरूण उर्फ दीपक मीना पिता राजेश मीना (19) ग्राम देहरी, तहसील, अहमदपुर जिला सीहोर से हो गई। उसने शोरूम में नकबजनी की योजना बनाई और उसे शामिल किया। दोनों ने 24-25 नवंबर की रात योजना के तहत शोरूम में नकबजनी की वारदात की और मुख्य रोड पर ले जाकर सामान रख दिया। रोड पर ही लोडिंग ऑटो किराए पर लिया और सामान लेकर निकल गए थे। पुलिस ने चोरी गया सारा सामान जब्त कर लिया है। जब्त सामान की कीमत 12 लाख रुपए है।



नौसेना कार अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

## नौसेना कार अभियान को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# सुदर्शन चक्र कोर ने मुंबई के नेवल डॉकयार्ड की 290वीं वर्षगांठ मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

लेफ्टिनेंट जनरल अरविंद चौहान, सुदर्शन चक्र कोर ने शनिवार को मुंबई के शानदार नेवल डॉकयार्ड की 290वीं वर्षगांठ मनाने के लिए भोपाल के द्रोणाचल मिलिट्री कैंटोनमेंट में एक नौसेना कार अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाहन रैली मुंबई, शिमला, कल्पा और किन्नौर से होकर गुजरने वाली एक भव्य नौसैनिक अभियान यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य एक उल्लेखनीय विरासत का जश्न मनाना और भारत की तीनों सेवाओं और जनता के बीच संबंधों को मजबूत करना है।

### बॉम्बे डॉकयार्ड को 1735 में किया था स्थापित

1735 में स्थापित, जिसे मूल रूप से बॉम्बे डॉकयार्ड के नाम से जाना जाता था, इसकी लगभग तीन शताब्दियों पुरानी समृद्ध विरासत है। 1725 और 1821 के बीच, यहां 100 टन से अधिक के 150 से अधिक जहाज बनाए गए, जिनमें हिंदुस्तान, एशिया और कॉर्नवालिस जैसे ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण जहाज शामिल हैं, जिनमें से कई ने बाद में रॉयल नेवी में सेवा दी। डॉकयार्ड के नवाचारों में एशिया का पहला ड्राई डॉक बॉम्बे डॉक शामिल है, जिसका उद्घाटन 1750 में हुआ था, जो डंकन डॉक के साथ-साथ आज भी चालू है, जो कभी यूरोप के बाहर सबसे बड़ा ड्राई डॉक था। सदियों से, डॉकयार्ड ने नौसैनिक अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान भी शामिल है, जब इसने महत्वपूर्ण मरम्मत और संशोधन प्रदान किए, जिससे भारत की समुद्री प्रभुत्व सुनिश्चित हुआ। भोपाल के आर्मी कैंटोनमेंट में झंडी दिखाने का समारोह नौसेना की अपने इतिहास का सम्मान करने के साथ सार्वजनिक जुड़ाव को बढ़ावा देने को रेखांकित करता है।

## पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने की कार्रवाई

# 35 लीटर हाथभट्टी शराब जब्त कर 5 लोगों पर बनाए प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने थाना उमरावगंज क्षेत्र के ग्राम पारखेड़ी में नदी किनारे झाड़ियों व जंगल में तथा ग्राम सिमरोधा में तालाब किनारे झाड़ियों में दबिश देकर कच्ची हाथभट्टी एवं महुआ लाहन बरामद किया। इस दौरान कुल 5 प्रकरण बनाए। कार्रवाई के दौरान 35 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब और करीब 2500 किलो महुआ लहान का सैंपल लेकर मौके पर नष्ट किया गया।

इस कार्रवाई में निरीक्षक शैलेन्द्र भील, गौरव भद्रसेन, मुख्य आरक्षक सेवक राम कीर, आरक्षक संतोष मार्शकोले, ममता आदिवासी एवं नगर सैनिक सूरज सिंह, श्रीराम परते आदि शामिल रहे। सहायक आयुक्त आबकारी विभाग के दीपक अवस्थी ने बताया कि जिले में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।



जब्त अवैध शराब के साथ पुलिसकर्मी।

# औबेदुल्लागंज में प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग तेज

## ट्रेनों के ठहराव से विद्यार्थियों, व्यापारियों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर स्थानीय नागरिकों की आवाज एक बार फिर बुलंद हो गई है। सांसद शिवराज सिंह चौहान द्वारा भेजे गए पत्र पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की सकारात्मक कार्रवाई के बाद सांची और विदिशा रेलवे स्टेशनों पर दो अहम एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की स्वीकृति मिल गई है। इस निर्णय ने औबेदुल्लागंज स्टेशन पर लंबे समय से लटकी मांगों को नया बल दिया है।

स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने कहा है कि जब सही मंच पर मिलकर बात रखी जाती है, तो उसका परिणाम भी सकारात्मक देखने को मिलता है। इसी विश्वास के साथ अब औबेदुल्लागंज के लोग ने राजकोट एक्सप्रेस, झेलम एक्सप्रेस, नर्मदा एक्सप्रेस, मेमो ट्रेन, हबीबगंज से जबलपुर चलने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग को पुनः तेज कर दी हैं। नागरिकों का कहना है कि इन दोनों ट्रेनों के ठहराव से विद्यार्थियों, व्यापारियों, रोजाना आने-जाने वाले यात्रियों और क्षेत्र के आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। ट्रेनों के ठहराव से न केवल सफ़र आसान होगा, बल्कि क्षेत्र का विकास भी होगा।




# पटवा ने दिया नवदंपती को आशीर्वाद और शुभकामनाएं

**तामोट।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने शनिवार को भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता अवधनारायण चौहान के पुत्र के विवाह समारोह में शामिल होकर उन्हें नवदंपती को शुभ व समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना कर आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. कैलाश विनय, कन्हैया नंदवंशी, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नगर, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, संजीव चौहान, पंकज कोठारी, मनोज चौरसिया, माधव यादव, रामपाल चौहान, रामकिशोर चौहान, राधा कुशवाहा, लोकेश परमार, राजकुमार विक्रम यादव आदि उपस्थित थे।



भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता अवधनारायण चौहान के बेटे के विवाह समारोह में पहुंच कर नवदंपती को आशीर्वाद देते विधायक पटवा।

# हत्या का प्रयास के दोषियों को 7 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** धारदार चाकू से फरियादी एवं उसके मित्र के कंधे, रीढ़ की हड्डी, छाती एवं पीठ पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल उनकी हत्या का प्रयास करने वाले आरोपियों राज सोनी आयु 22 वर्ष पिता दीपक सोनी एवं चीकू उर्फ ओमप्रकाश पिता राजनारायण गिरी निवासीगण अमराई परिसर बाग सेवनिया भोपाल को अपर सत्र न्यायाधीश आशुतोष शुक्ल ने भादंस की धारा-324, 307 एवं 34 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास और 3000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन के अनुसार थाना बाग सेवनिया भोपाल अंतर्गत नवीन स्कूल के पास अमराई परिसर बाग सेवनिया भोपाल में दिनांक 19 मार्च 2019 को रात 9:30 बजे फरियादी बादल भोंसले एवं उसके मित्र तन्मय को आरोपियों ने धारदार चाकू से कंधे, रीढ़ की हड्डी, छाती एवं पीठ पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था । साथियों द्वारा फरियादी एवं उसके मित्र को गंभीर रूप से घायल अवस्था में हमीदिया अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया था।

## पर्यटकों ने बाल विवाह, बाल श्रम जैसी बुराइयों को मिटाने का संकल्प भी लिया

# विश्वधरोहर सांची में हस्ताक्षर अभियान चलाकर किया बाल विवाह का विरोध, 800 से अधिक पर्यटकों ने हस्ताक्षर किए

**1 नवंबर से 30 जनवरी तक चलेगा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान**

**100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत पर्यटकों ने की सहभागिता**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

विश्वधरोहर सांची में देश-विदेश से सांची महोत्सव में आए पर्यटकों को शनिवार कृषक सहयोग संस्थान के कार्यकर्ताओं ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की जानकारी दी। दोपहर 11 बजे से शाम 5 बजे तक सैकड़ों पर्यटकों ने हस्ताक्षर कर बाल विवाह के विरोध में हस्ताक्षर कर विरोध दर्ज किया। इस अवसर पर 800 से अधिक पर्यटकों ने देश से बाल विवाह, बाल श्रम जैसे कलंक को मिटाने का संकल्प भी लिया। जिला समन्वयक अनिल भवरे ने बताया कि यह अभियान 1 नवंबर से 30 जनवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा। 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त अभियान के अंतर्गत कृषक सहयोग संस्थान के कार्यकर्ताओं के प्रयास की देश के विभिन्न प्रदेशों से आए पर्यटकों ने सराहना की।



सांची महोत्सव में आए पर्यटक शनिवार को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में हिस्सा लेकर हस्ताक्षर करते हुए।

### बाल श्रम विरोधी अभियान से जुड़े पर्यटक

जिला समन्वयक अनिल भवरे ने बतया कि शनिवार को विश्व धरोहर सांची में इस अभियान में लगभग 800 से अधिक पर्यटकों ने हस्ताक्षर किए। इसमें महाराष्ट्र उत्तरप्रदेश, बिहार, गुजरात उत्तराखंड और मध्य प्रदेश के आसपास के जिले से आए पर्यटकों ने हस्ताक्षर कर अभियान में सहभागिता निभाई। पर्यटकों ने बाल विवाह के कलंक को देश से मिटाने के लिए संकल्प भी लिया। संस्था के मोनिका ठाकरे, शिवनारायण सराठे, राजकुमार साहू ने बताया कि इसमें प्रसासनिक शिक्षक वकील प्रोफेसर उद्योगपति और विभिन्न प्रदेशों से आए पर्यटकों ने बाल श्रम के विरोध में अपने विचार व्यक्त किए।

### रायसेन को बाल श्रम मुक्त बनाने का संकल्प

संस्था प्रमुख एच बी सेन बताया कि 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शनिवार को राष्ट्रीय स्मारक सांची में हस्ताक्षर करवाकर पर्यटकों को बाल विवाह के प्रति जगरूक किया। उन्होंने बताया कि संस्था रायसेन जिले में बच्चों के अधिकार संरक्षण कर उन तक न्याय की पहुंच बनाने के लिए कार्यरत है। इस अभियान में जिले के लोगों को जागरुक कर जिले को बाल विवाह, श्रम,बाल तस्करी मुक्त बनाने में सहभागी होने की सपथ भी दिलाई जाएगी।

# चेक बाउंस के दोषी को एक वर्ष का कारावास

**भोपाल।** न्यायालय ने 5,32,149 रुपए चेक बाउंस मामले के आरोपी दिनेश भागचंदानी (31) निवासी गांधी नगर भोपाल को दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास और 7,30,900 रुपए की प्रतिकर राशि अदा किए जाने के आदेश पारित किए हैं।

यह आदेश अपर सत्र न्यायाधीश संजय अग्रवाल ने अभियुक्त द्वारा प्रस्तुत अपील की सुनवाई के बाद देते हुए अपील निरस्त कर दी। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंजली सिंह ने अभियुक्त को एक वर्ष के सश्रम कारावास और 7,30,900 रुपए की प्रतिकर राशि अदा किए जाने के आदेश दिए थे।

## रवींद्र भवन में विश्वरंग के अंतिम दिन खास मेहमान सोना, अनिरुद्ध, सौरभ, देवदत्त से गुलजार हुआ समारोह

# विश्वरंग में आध्यात्मिक, सौम्य और मन को शांत करने वाली संगीत साधना से झूमा मन, वक्ताओं ने भी छोड़ी अमिट छाप



सोना महापात्रा अपनी प्रस्तुति देती हुईं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के युवा और लोकप्रिय सितार वादक अनिरुद्ध जोशी ने अपनी मनोहारी प्रस्तुति ने पूरे सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके सितार से निकलती स्वरलहरियों ने न केवल वातावरण को पवित्र बनाया, बल्कि प्रतिभागियों और दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराइयों से जोड़ दिया। उनका साथ दिया प्रसिद्ध तबला वादक मनोज पाटीदार ने अपनी ताल और लय की अद्भुत संगति से इस प्रस्तुति को और ऊंचे सौंदर्य तक पहुंचाया। मौका था रवीन्द्र भवन में विश्वरंग के अंतिम दिन शनिवार का। यह आयोजन सांस्कृतिक उत्सव में बदल गया। आगे के सत्रों के प्रति उत्साह और अपेक्षाएं और अधिक बढ़ गईं।

> दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराइयों से जोड़ दिया



सितार वादक अनिरुद्ध जोशी ने अपनी मनोहारी प्रस्तुति ने पूरे सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### समानांतर सत्रों की जानकारी सत्र - मीडिया में छवियों का जाल और बदलती सामाजिक दृष्टि पर किए विमर्श

अंजनी सभागार में आयोजित सत्र में सुमित अवस्थी के उद्बोधन के बाद वरिष्ठ पत्रकार सुमित अवस्थी का स्वागत डॉ. पवित्र श्रीवास्तव और रोनाल्ड ने किया। सत्र के दौरान मीडिया की वर्तमान स्थिति, डिजिटल विस्तार, इन्फ्लुएंसर संस्कृति, सोशल मीडिया की ओवरएक्टिविटी और समाज में बदलती संवेदनाओं पर गंभीर और वास्तविक विमर्श सामने आया। सुमित अवस्थी ने कहा कि पत्रकारिता चाहे कितनी भी बदल जाए, उसका मूल मिशन समाज को सच्चाई से जोड़ना ही है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं और आकलनों को बढ़ाया है, इसलिए मीडिया उपभोक्ताओं को जागरूक रहने की आवश्यकता है।

### लुप्तप्राय भाषाओं पर केंद्रित सत्र

आदिरंग सभागार में लुप्तप्राय भाषाओं पर केंद्रित सत्र ने गंभीर सोच के नए आयाम खोले। डॉ. स्नेहलता नेगी ने बताया कि भाषा केवल शब्दों का समूह नहीं, बल्कि किसी समुदाय की सामूहिक स्मृति, परंपरा, ज्ञान और जीवन-दर्शन की जीवंत धरोहर होती है। उन्होंने यूनेस्को के अध्ययन का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की कई भाषाएं और बोलियां गंभीर रूप से संकट में हैं। शहरीकरण, अंग्रेज़ी की बढ़ती अनिवार्यता, प्रवास और नई पीढ़ी का मातृभाषा से टूटता नाता इस संकट को और गहरा कर रहा है। डॉ. नेगी ने जनजातीय समुदायों में मौजूद मौखिक परंपरों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की और उन्हें संग्रहीत करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।



विश्वरंग में पहुंचे रवींद्रनाथ टैगोर विवि के कुलपति संतोष चौबे व विशिष्ट अतिथि।

## भव्य सुर संध्या में संवराया विश्वरंग का मंच, सोना महापात्रा की प्रस्तुति ने बांधा समां

विश्वरंग टैगोर अंतरराष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव के समापन दिवस पर सांस्कृतिक सत्र में देश की चर्चित गायिका सोना महापात्रा की शानदार गायकी ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। रवीन्द्र भवन के मुक्ताकाश में आयोजित इस विशेष सिंगिंग परफॉर्मेंस में उन्होंने लोक, सूफी और कंटेंपररी बॉलीवुड म्यूजिक की रंगीन छटा बिखेरते हुए लगातार एक के बाद एक यादगार प्रस्तुतियां दीं। सोना महापात्रा ने अपने लोकप्रिय गीत बेदर्दी राजा... से कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसे सुनते ही युवा दर्शक उत्साह में झूम उठे। इसके बाद उन्होंने शक्ति, भक्ति और शास्त्रीय रंग से सराबोर आई गिरी नंदिनी की सशक्त प्रस्तुति दी, जिसने सभागार में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर दिया।

**सूफी परंपरा की अमर रचना:** छाप तिलक सब छीनी में उनकी भावपूर्ण गायकी ने प्रेम और समर्पण की अनुभूति को गहराई से उकेरा। श्रोताओं ने इस प्रस्तुति को पूरे मन से सराहा। इसके बाद रोमांटिक और संवेदनशील स्वरों में उन्होंने जिया लागे ना... गाकर माहौल को भावुकता से भर दिया। भक्तिरस से ओत प्रोत नारायण राम रमणा की प्रस्तुति ने दर्शकों को भक्ति के संगीत–सागर में डुबो दिया। कार्यक्रम का उत्साहपूर्ण शिखर तब आया जब सोना महापात्रा ने सुपरहिट गीत अम्बर सरिय प्रस्तुत किया। इस गीत पर सभागार में मौजूद श्रोता स्वतः ही तालियों और झूमते कदमों के साथ सुर में सुर मिलाते नजर आए।

> रवीन्द्र भवन के मुक्ताकाश में आयोजित हुआ कार्यक्रम

### वैचारिक सत्र में विद्वानों ने साझा किए अनुभव

## सीखने के लिए सुनना उतना ही जरूरी है, जितना बोलना या पढ़ना



वैचारिक सत्र में शामिल हुए वरिष्ठ पत्रकार और सुविख्यात वक्ता सौरभ द्विवेदी ने कहा कि मनुष्य तब तक आगे बढ़ता है, जब तक वह सीखता रहता है सीखना रुकते ही ठहराव शुरू हो जाता है। इस संदर्भ में उन्होंने श्वेतकेतु के सूत्र 'प्रज्ञानं ब्रह्म' का उल्लेख किया और समझाया कि जो भीतर है, वही बाहर प्रकट होता है और सरल बनना ही मनुष्य का सबसे कठिन लक्ष्य है। सौरभ ने विद्यार्थियों को समझाया कि सीखने के लिए सुनना उतना ही जरूरी है जितना बोलना या पढ़ना। विचारों की विविधता, मित्रता, संगीत, सिनेमा और पुस्तक-पठन को उन्होंने युवाओं के सीखने और संवर्धन के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि भारत को वैज्ञानिक चेतना विकसित करने की अत्यंत आवश्यकता है, ताकि समाज बाहरी दिखावे से अधिक मानवीय गुणों को महत्व दे सके।

## सान्या ने कैरेक्टर को बेहतर बनाने के टिप्स



दोपहर के सत्र में फ़िल्म अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा के साथ हुआ संवाद छात्र-युवाओं और कला प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना। रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की प्रो. चांसलर एवं विश्वरंग की सह-निदेशक डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स और विकास अवस्थी ने सान्या से उनकी फ़िल्मी यात्रा, कलात्मक अनुशासन और अभिनय की तैयारी पर गहन बातचीत की। सान्या ने कहा कि अभिनय उनके लिए केवल पेशा नहीं, बल्कि एक सतत साधना है, जिसमें पात्र के मनोवैज्ञानिक आयामों का अध्ययन सबसे महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने बताया कि किसी भी भूमिका को भीतर तक महसूस करने के लिए वे पटकथा को बार-बार लिखती हैं और पात्र से जुड़ी जगहों और लोगों से संवाद स्थापित करती हैं, ताकि किरदार की वास्तविकता भीतर उतर सके। उन्होंने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए कहा कि ऑडिशन और अस्वीकृति कलाकार को मजबूत बनाते हैं। युवाओं को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि अभिनय में कॅरियर बनाने से पहले शिक्षा पूरी करना जरूरी है। क्योंकि पढ़ाई व्यक्ति को आत्मविश्वास और गहरी दृष्टि प्रदान करती है, जो कलाकार को जीवन और किरदार दोनों को समझने में मदद करती है।

## माइथोलॉजी को शंकाओं के साथ पढ़े, तभी भीतर का ज्ञान समझ पाएंगे : देवदत्त



मैं जब भी पौराणिक कथाओं पर बात करता हूं, टी9 एक शब्द का इस्तेमाल करता हूं मायथोलॉजी, और लोग मुझसे गुस्सा हो जाते हैं। लेकिन, क्या आपको पता है, जब तक आप उत्तेजित नहीं होंगे तो सरस्वती नहीं आएंगी। बहुत से लोग मानते हैं कि मायथोलॉजी शब्द मिथ्या से बना है, जो गलत है। संस्कृति में मिथ्या का मतलब अधुरा सच, जगत मिथ्या ब्रह्म सत्य। मिथ्या असल में सच और झूठ से बिल्कुल अलग अधूरा सच है। आज हर आदमी के पास अपनी दुनिया का ज्ञान तो है, मगर संपूर्ण ज्ञान नहीं है। संपूर्ण ज्ञानी सिर्फ ईश्वर है। दुनिया की हर संस्कृति सभ्यता का अपना अलग आख्यान है चीन, जापान, वियतनाम की अपनी अपनी माइथोलॉजी है। सब अपने संस्कृति के दृष्टिकोण को बताने के लिए आख्यानों का इस्तेमाल करते हैं। असल में, दुनिया को समझने का एक माध्यम है आख्यान, यानि माइथोलॉजी। याद रखिए, श्रद्धा ज्ञान का द्वार नहीं खोलती, जिज्ञासा ज्ञान का द्वार खोलती है। गुरु जो कहता है वो ही सही है, यदि आप मान लें तो यही आपकी श्रद्धा की शुरुआत हो जाएगी और फिर आप तर्क करना बंद कर देंगे और शंका नहीं होगी तो हम फिर ज्ञान से दूर हो जाएंगे। शंका से ही विज्ञान पढ़ पाएंगे।

---

## काव्य-व्यंग संग्रह का विमोचन




**भोपाल।** शनिवार को दुष्यंत संग्रहालय में व्यंग्य लेखक पयोज जोशी के व्यंग्य संग्रह सफाई की चतुर कलाएं और वरिष्ठ कवयित्री सुनीता शर्मा के काव्य संग्रह में अयोध्या का विमोचन हुआ।

### नाट्यम भटिंडा ने किया 'फादर इन लव' का शानदार मंचन

# 'फादर इन लव' ने जीता दर्शकों का दिल

### भोजकला राष्ट्रीय नाट्य समारोह का दूसरा दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोजकला राष्ट्रीय नाट्य समारोह के दूसरे दिन शनिवार को लिटिल बैलेट ट्रूप के रागबंध सभागार में नाट्यम भटिंडा ने नाटक 'फ़ादर इन लव' का मंचन किया। यह आयोजन संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली के सहयोग से भोज कला एवं शिक्षा संस्थान ने किया।

**अतुल सत्य कौशिक की मूल रचना, पंजाबी रूपांतरण ने बिखरी चमक**

अतुल सत्य कौशिक द्वारा लिखित रोमांटिक कॉमेडी नाटक, निर्देशक कीर्ति किरपाल द्वारा पंजाबी में रूपांतरित किया गया है। नाटक ने हास्य, भावनाओं और परिवारिक रिश्तों की संवेदनशीलता को आधुनिक सामाजिक संदर्भों के साथ बड़ी खूबसूरती से पिरोया। दर्शकों ने नाटक की संकल्पना, प्रस्तुति और कलाकारों के सहज अभिनय की जमकर प्रशंसा की। कई दर्शकों ने इसे प्रेम और हंसी का उत्कृष्ट मेल बताया।



'फ़ादर इन लव' का मंचन करते कलाकार।

### कहानी रिश्तों, प्रेम और आत्मखोज का सफर

नाटक की कहानी प्रमुख पात्र डलीप वैद्य अमेरिका में प्रसिद्ध उपन्यासकार हैं। सफलता की तलाश में उन्होंने अपनी पत्नी और बेटी को पीछे छोड़ दिया था। पत्नी की मृत्यु के बाद वह भारत लौटकर अपनी बेटी दिया और दामाद कणव के साथ समय बिताना चाहते हैं, ताकि वह अपने टूटे रिश्तों को फिर से जोड़ सकें। डलीप इस बात से असहज दिखते हैं कि उनकी बेटी, जो एक सफल वास्तुकार है, ने एक थिएटर कलाकार से शादी की है। इसी दौरान उनकी पुरानी प्रशंसक व प्रेमिका अवनी के प्रवेश से घटनाक्रम नई दिशा लेता है और मंच पर भावनाओं व हास्य की अनोखी लहर दौड़ पड़ती है।

# पंजाब की सांस्कृतिक विरासत को समर्पित विशेष प्रदर्शनी का शुभारंभ

### पंजाब की संस्कृति और व्यंजनों ने दिलाया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में पंजाब की पारंपरिक सांस्कृतिक विरासत पर आधारित भव्य विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ रिटायर्ड अधिकारी सरबजीत सिंह, तथा सरदार जितेन्द्रपाल सिंह गिल, प्रधान आनंद नगर गुरुद्वारा साहिब रहे। प्रदर्शनी में पंजाब की ग्रामीण संस्कृति, कृषि आधारित जीवन, घरेलू उपकरण, परंपरागत औज़ार, लोक–वाद्य, परिधान, धार्मिक प्रतीक तथा दैनिक जीवन की 100 से अधिक विरासत वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुद्वारा साहिब के रागी जत्थे द्वारा प्रस्तुत मधुर शबद कीर्तन "तुम करो दया मेरे साईं" से हुई, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा और शांति से भर दिया। दर्शकों ने कीर्तन में भावपूर्ण सहभागिता की।



मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार।

### बच्चों के नृत्य एवं गतका का आकर्षक प्रदर्शन

गुरुनानक स्कूल, भोपाल के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद पारंपरिक युद्ध–कला गतका का रोमांचक प्रदर्शन किया गया। लगभग 800 वर्षों पुरानी यह शस्त्र–कला अपने कौशल, फुर्ती और आध्यात्मिक अनुशासन के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है।



शस्त्र कला का प्रदर्शन करते बच्चे।



प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार की पुस्तकों का प्रदर्शन किया।

### प्रदर्शनी की झलक

#### लोक-नृत्य और संगीत ने बांधा समां

संग्रहालय परिसर को पंजाब की रंगीन संस्कृति से सजाया गया। झूले, पगड़ी–स्टॉल, पारंपरिक सेल्फी प्वाइंट और खुला प्राकृतिक परिदृश्य आकर्षण का केंद्र बने। लोक–कलाकारों द्वारा प्रस्तुत गिद्धा और भंगड़ा ने कार्यक्रम में उल्लास का संचार किया। दर्शकों ने कलाकारों के साथ थिरकते हुए पंजाब की जीवंत लोक–संस्कृति का आनंद लिया।

#### पारंपरिक भोजन का स्वाद

छोले चावल, राजमा चावल, कड़ी चावल, मक्के की रोटी, सरसों का साग, पिन्नी, मट्ठा आदि व्यंजनों से पंजाब की कृषि आधारित खाद्य संस्कृति को आकर्षक रूप से प्रस्तुत किया गया। भोपाल के दर्शक इन स्वादिष्ट व्यंजनों का रसास्वादन 30 नवंबर को दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक कर सकेंगे।

### हंसध्वनि सभागार में गूंजेगा 'कृष्णायन' का सुरमयी संगम

## रवीन्द्र भवन में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन एक को

**भोपाल।** गीता जयंती के पावन अवसर पर भोपाल एक विशिष्ट सांस्कृतिक पर्व का साक्षी बनने जा रही है। एक दिसंबर को रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसमें कला, साहित्य, संगीत और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। भोपाल के युवा कथाकार मोहित शेवानी की प्रतिष्ठित प्रस्तुति 'कृष्णायन' होगी।

#### गीता ऑन व्हील्स' की अनूठी प्रस्तुति मंचित

भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिक और कलात्मक गरिमा का अनुभव कर सकेंगे। इस सांस्कृतिक पर्व का संयोजन मप्र संस्कृति विभाग के वीर भारत न्यास द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में बैंगलूरू के प्रसिद्ध निर्देशक डॉ. सलाउद्दीन पाशा के निर्देशन में 'गीता ऑन व्हील्स' की अनूठी प्रस्तुति मंचित होगी।

## लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल में छात्रों के लिए भव्य कविता लेखन स्पर्धा का आयोजन 9 जनवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में होने जा रहे प्रतिष्ठित लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल बीएलएफ के आठवें संस्करण में इस वर्ष भी स्कूल और कॉलेज छात्रों के लिए बहुप्रतीक्षित 'बीएलएफ मंजुल कविता लेखन प्रतियोगिता' आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा लेखकों को प्रोत्साहन देना और उन्हें अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है। फेस्टिवल 9 से 11 जनवरी 2026 तक भारत भवन में आयोजित होगा, जिसमें देशभर के लगभग 100 प्रख्यात साहित्यकार, लेखक, प्रबंधन विशेषज्ञ, उद्यमी और सिविल सेवक भाग लेंगे। तीन दिनों में करीब 50 विविध ज्ञानवर्धक सत्रों का आयोजन होगा।प्रतियोगिता, हिंदी या अंग्रेज़ी,कक्षा 9 से 12 के छात्र, कॉलेज के यूजी और पीजी छात्र, भारतीय सैनिक आदि भाग लेंगे।

#### लेखन और प्रस्तुति क्षमता को मिलेगी पहचान

फेस्टिवल निदेशक राघव चंद्रा ने बताया कि विजेता प्रतिभागियों को न केवल सम्मानित किया जाएगा, बल्कि 11 जनवरी को भारत भवन के मंच से अपनी कविताएं पढ़ने का भी अवसर मिलेगा, जिससे उनकी लेखन और प्रस्तुति क्षमता दोनों को नई पहचान मिलेगी। मंजुल पब्लिशिंग हाउस के प्रबंध निदेशक विकास राखेजा ने कहा कि छात्रों में पुस्तकों के प्रति रुचि जगाने और साहित्यिक संवेदना बढ़ाने के उद्देश्य से यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सेहत के लिए दी नसीहत

# सीजेआई ने जजों के काम को बताया बेहद तनावपूर्ण, मनोरंजक कार्यक्रमों में शामिल हों

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि जजों को मनोरंजक गतिविधियों में शामिल होना चाहिए ताकि वे खुद को रिचार्ज कर सकें। सीजेआई ने कहा कि जजों के काम के घंटे लंबे होते हैं और उनका काम बेहद तनावपूर्ण होता है। उनके काम की प्रकृति को देखते हुए उन्हें मनोरंजक गतिविधियां करनी चाहिए। मनोरंजक गतिविधियों में वे गतिविधियां शामिल की जाती हैं, जिन्हें लोग अपने शरीर और दिमाग को तरोताजा करने के लिए करते हैं। इनमें खेलकूद, योग-ध्यान, तैराकी या पैदल चलना आदि कुछ भी हो सकता है।



सीजेआई सूर्यकांत

**सीजेआई ने ऑल इंडिया जज बैडमिंटन स्पर्धा के उद्घाटन में यह बात कही**

त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित की गई दो दिन की यह चैंपियनशिप

## केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल और केंद्रीय मंत्री रिजिजू भी कार्यक्रम में मौजूद रहे



### मनोरंजक गतिविधियों को आदत में शुमार करें

सीजेआई ने ऑल इंडिया जज बैडमिंटन चैंपियनशिप के उद्घाटन कार्यक्रम में मीडिया से बात करते हुए कहा कि जजों को अपनी उम्र के हिसाब से किसी मनोरंजक गतिविधि में शामिल होना चाहिए। सीजेआई ने कहा 'जजों के काम के घंटे ज्यादा हैं और उनका काम की प्रकृति भी तनावपूर्ण है। उन्हें कई घंटों तक बैठकर काम करना होता है। ऐसे में सभी जजों को मनोरंजक गतिविधियों में शामिल होना चाहिए और इसे अपनी आदत में शुमार करना चाहिए। जजों को रिचार्ज करने के लिए ये जरूरी है।

### उच्च न्यायालयों के जज सेहत पर ध्यान दे रहे

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि उच्च न्यायालयों के जज बड़ी संख्या में इस चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे हैं, इससे पता चलता है कि वे अपनी सेहत को लेकर जागरूक हैं। इस दौरान केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। यह दो दिवसीय खेल आयोजन दिल्ली के त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया जा रहा है। समापन समारोह और इनाम वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सीजेआई जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस विक्रम नाथ करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन पूर्व अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी अबंतिका डेका द्वारा किया जा रहा है।

**आज होगा समापन और पुरस्कार वितरण**

दो दिन की यह चैंपियनशिप यहां त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित की गई है। समापन और पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता रविवार को पूर्व प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ करेंगे।

### खुद को रखें तरोताजा

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि न्यायाधीशों का काम घंटों लंबा होने के साथ-साथ अत्यंत तनावपूर्ण होता है, जिसके लिए उन्हें अवकाश के दौरान स्वयं को ऊर्जावान बनाए रखने के लिए मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। सीजेआई ने कहा कि न्यायधीशों को अपनी उम्र के हिसाब से मनोरंजन गतिविधियों में हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों के काम के घंटे लंबे होते हैं और उनके काम का स्वरूप बहुत तनावपूर्ण होता है। सभी न्यायाधीशों को किसी मनोरंजक गतिविधि में हिस्सा लेना चाहिए और इसे अपनी आदत बना लेनी चाहिए। उन्हें खुद को तरोताजा करने के लिए मनोरंजन की जरूरत होती है।

---

## खबर संक्षेप

### दिल्ली के संगम विहार में आग, 3 की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के संगम विहार इलाके में 4 मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई है। कुछ लोगों के झुलसने की खबर है। इमारत के ग्राउंड फ्लोर जूते-चप्पल की दुकान थी। आग इसी दुकान में लगी और पूरी इमारत में फैल गई। सूचना पर दमकल कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया।



### रक्षित ने लौटाया सगाई का 21 लाख का चेक

**वाजिदपुर।** यहां स्थित द ग्रांड पैलेस रिसोर्ट में हुई रक्षित राणा और दिव्या की सगाई में एक अनूठी मिसाल देखने को मिली। रक्षित ने 21 लाख का चेक ससम्मान लौटाकर संदेश दिया कि दहेज अभिशाप है और इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। दहेज एक सामाजिक अभिशाप है। किसी भी राशि को स्वीकार नहीं किया जाएगा।



### आप को फिर झटका, पूर्व विधायक भाजपा में गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कल 12 वार्डों के लिए होने वाले एमसीडी उपचुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) को एक तगड़ा झटका लगा है। 'आप' के एक पूर्व विधायक राजेश गुप्ता ने पार्टी का साथ छोड़कर आज भाजपा का दामन थाम लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी और देश में से किसी एक को चुनना था, तो मैंने देश को चुन लिया।



### तेजस्वी विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष घोषित

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव 18वीं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष होंगे। राजद और महागठबंधन के विधायक दल की बैठक में तेजस्वी के नाम पर सर्वसम्मति से मुहर लगा दी गई। शनिवार को पोलो रोड में हुई बैठक में राजद, कांग्रेस और वाम दलों के विधायकों ने एक स्वर से तेजस्वी को नेता माना।



### पंचायत चुनाव में 90 साल का बुजुर्ग उम्मीदवार

**कोच्चि।** यहां के असमन्नूर गांव में पंचायत चुनाव में उम्मीदवारों में 90 वर्षीय बुजुर्ग नारायणन नायर भी शामिल हैं जिनके लिए उम्र महज एक नंबर है। वे जोश एवं दमखम से अपनी उम्मीदवारी पेश कर रहे हैं तथा लोगों से वोट की अपील कर रहे हैं। निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। वे काला बैग लिए वोट मांग रहे हैं।



---

ब्रेकफास्ट पालिटिक्स के बाद बोले सिद्धारमैया और शिवकुमार

# हम दोनों के बीच कोई मतभेद नहीं और न कभी होंगे, आलाकमान की हर बात मानेंगे

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शनिवार को बेंगलुरु में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से उनके आवास पर मुलाकात की। कांग्रेस आलाकमान के इशारे पर सिद्धारमैया ने डीके शिवकुमार को ब्रेकफास्ट के लिए बुलाया था। इसके बाद दोनों ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि नाश्ता अच्छा था। हमने वहां किसी भी विषय पर बात नहीं की। हमने सिर्फ नाश्ता किया। डीकेएस हमारे घर आए। शिवकुमार ने मुझे अपने घर आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे बीच कोई मतभेद नहीं हैं और भविष्य में भी कोई मतभेद नहीं होंगे। हमारा एजेंडा 2028 के चुनाव हैं। स्थानीय निकाय चुनाव महत्वपूर्ण हैं। हमने उन पर चर्चा की। हमने 2028 के चुनावों में कांग्रेस को वापस लाने पर भी चर्चा की। हमने चर्चा की कि हम साथ चलेंगे। हमारे बीच कोई मतभेद नहीं हैं और भविष्य में भी कोई मतभेद नहीं होंगे।

**भाजपा बोली- तो अपना ब्रेकअप ठीक कर रहे थे**

दोनों ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की

सिद्धारमैया बोले- नाश्ता अच्छा था

किसी भी विषय पर बात नहीं की

### भाजपा और जेडीएस को झूठे आरोप लगाने की आदत



नाश्ता करते सिद्धारमैया (दाएं) और डीके शिवकुमार

#### अब कोई भ्रम नहीं रहेगा: सिद्धारमैया

शिवकुमार के साथ नाश्ते पर बैठक के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि हमने फैसला किया है कि हम आलाकमान की हर बात मानेंगे। अबसे कोई भ्रम नहीं रहेगा। अभी भी कोई भ्रम नहीं है। कुछ मीडिया रिपोर्टरों ने भ्रम पैदा किया है।

सिद्धारमैया ने कहा कि भाजपा और जेडीएस को झूठे आरोप लगाने की आदत है। दोनों ने बयान दिया है कि वे अविश्वास प्रस्ताव लाएंगे। उनके पास केवल 60 विधायक हैं और जेडीएस के पास 18 विधायक हैं। वे हमारी संख्या का मुकाबला नहीं कर सकते। हमारे पास 140 विधायक हैं। यह एक निरर्थक कवायद है। हम उनके झूठे आरोपों का सामना करेंगे। जहां तक मुझे पता है, कुछ विधायक मंत्री बनना चाहते हैं, इसलिए वे आलाकमान से मिलने गए होंगे। इसका मतलब यह नहीं है कि वे नेतृत्व के खिलाफ हैं। उनमें से कुछ ने मुझसे बात की और बताया कि वे दिल्ली क्यों गए थे।

#### हम सुशासन प्रदान कर रहे: शिवकुमार

शिवकुमार ने कहा कि जहां तक नेतृत्व का सवाल है, यह पार्टी आलाकमान को तय करना है। वे जो भी कहेंगे, हम उसका पालन करेंगे। हम पार्टी के वफादार सिपाही हैं। पार्टी देश में एक कठिन दौर से गुजर रही है, लेकिन हमें पूरा विश्वास है कि हम 2028 में अपनी जीत दोहराएंगे और मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के नेतृत्व में आगे बढ़ेंगे। हम सुशासन प्रदान कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।

**हमें जो संदेश देना था दे दिया बोले शिवकुमार**

दोनों ने शनिवार को प्रदेश कांग्रेस में दरार के विपक्ष के दावों को खारिज करने की कोशिश की। शिवकुमार ने मीडियाकर्मियों से बातचीत में किसी भी बगावत की संभावना को खारिज किया। डीके ने कहा कि हमें जो भी संदेश देना था,मैंने कांग्रेस को दे दिया है।

#### ब्रेकफास्ट मीटिंग पर भाजपा का तंज

#### ब्रेकअप पर मेकअप हो रहा, एकता का नाटक हो रहा

सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच शनिवार को नाश्ते पर मुलाकात हुई। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इसे ब्रेकअप पर मेकअप वाली मीटिंग करार दिया। उन्होंने कहा कि दोनों नेता अपनी आंतरिक कलह को दबाने के लिए एकता का नाटक कर रहे हैं। ये नाश्ते पर बैठक नहीं थी।



#### राज्य की जनता मेन्यू में थी ही नहीं

पूनावाला ने कहा कि हमने इन दोनों नेताओं के बीच ट्विटर वॉर भी देखी है। दोनों बेस्ट एक्टर और बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड डिजर्व करते हैं। एक बात बिल्कुल साफ है उस नाश्ते की टेबल पर कर्नाटक की जनता मेन्यू में थी ही नहीं। सिर्फ और सिर्फ सत्ता की राजनीति थी, जनता की नहीं।

#### जेडीएस ने भी किया बड़ा हमला

#### सिद्धारमैया-डीके बाज की तरह नजर रखकर अपना झुंड संभाल रहे

जनता दल (सेक्युलर) ने भी कांग्रेस सरकार पर जोरदार हमला बोला है। सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार सत्ता मजबूत करने व गुटबाजी संभालने में लगे हैं, जबकि राज्य के असली मुद्दों को पूरी तरह नजरअंदाज कर रहे हैं। सत्ता के लिए सिद्धारमैया और शिवकुमार विरोधी बने सहयोगी विधायकों को खिलाकर-पिलाकर और उन पर बाज की तरह नजर रखकर अपना झुंड संभाल रहे हैं।



---

कबीर के बयान से बंगाल में घमासान

# भले ही टीएमसी छोड़नी पड़े बाबरी मस्जिद की नींव रखेंगे

मैं किसी से नहीं डरता 6 दिसंबर को नींव रखूंगा



टीएमसी के विधायक हुमायूं कबीर

एजेंसी ▶▶ मुर्शिदाबाद

पश्चिम बंगाल की भरतपुर विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं कबीर ने यह ऐलान करके सियासी भूचाल ला दिया है कि वे 6 दिसंबर को नई बाबरी मस्जिद की नींव रखेंगे। उन्होंने टीएमसी से इस्तीफा देने और दिसंबर तक नई सेक्युलर पार्टी बनाने का भी ऐलान कर दिया। कबीर ने कहा कि मैं टीएमसी छोड़ दूंगा, लेकिन मस्जिद बनाऊंगा। मुस्लिम लोगों की मदद से, सरकार से नहीं बल्कि मुस्लिम कम्युनिटी से आर्थिक मदद लेकर मैं बाबरी मस्जिद बनाऊंगा।

### एक कट्ठा जमीन पर नींव रखी जाएगी

कबीर ने दावा किया कि 2011 के सेंसस के मुताबिक 33 पर्सेंट मुस्लिम थे। अब बंगाल में 38 पर्सेंट मुस्लिम हैं। 4 साल इंतजार करो और यह 40 पर्सेंट हो जाएगा। किसी भी कीमत पर 6 दिसंबर को मस्जिद की नींव तैयार हो जाएगी। शुरुआत में एक कट्ठा जमीन पर नींव रखी जाएगी।

### ममता दुर्गा पूजा कार्निवल कर रहीं तो मस्जिद गलत कैसे?

कबीर ने चुनौती भरे लहजे में कहा कि ममता बेनर्जी दीघा में जगन्नाथ मंदिर बना रही हैं, सड़कें ब्लॉक करके दुर्गा पूजा कार्निवल कर रही हैं। अगर मैं मस्जिद बनाने जाऊं तो यह क्राइम हो जाता है? मैं उनसे क्या बात करूं? अगर कोई मुझे धमकी देता है तो क्या मैं उसे मिठाई भेजूंगा? मस्जिद प्राथमिकता है। नमाज पढ़ना मुसलमानों का फर्ज है। मुसलमानों को मंदिर बनाने पर कोई एतराज नहीं है, तो मस्जिद बनाने पर एतराज क्यों?

### कबीर पर कार्रवाई क्यों नहीं करतीं ममता



कबीर के इन बयानों के बाद बंगाल की सियासत में सवाल उठ रहा है कि क्या ममता चुपके से अपने ही विधायक को बाबरी मस्जिद बनवाने में सपोर्ट कर रही हैं? विपक्षी भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राहुल सिन्हा ने ने ममता बनर्जी से सवाल किया है कि अगर वो सच में बाबरी मस्जिद नहीं बनवाना चाहतीं तो कबीर के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं कर रही हैं? माइनॉरिटी भी उनकी तुष्टीकरण की पॉलिटिक्स को समझ गए हैं। जिसके शरीर में बाबर का खून बह रहा हो, वही बाबरी मस्जिद बनवाना चाहेगा!

---

इंडी ब्लाक में टूट की अटकलें हो गईं शुरू

# कांग्रेस के उम्मीदवारों ने आरजेडी से गठबंधन को चुनाव में हार के लिए जिम्मेदार ठहराया

## कांग्रेस आलाकमान से राजद से गठबंधन तोड़ने की वकालत की

एजेंसी ▶▶ पटना

**बिहार के नेता उठाने लगे महागठबंधन पर सवाल**

बिहार विधानसभा चुनावमें करारी हार झेलने के बाद महागठबंधन में टूट की अटकलें हैं। समीक्षा के दौरान कांग्रेस के अधिकतर उम्मीदवारों ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) से गठबंधन को चुनावी हार के लिए जिम्मेदार ठहराया। कई ने तो कांग्रेस आलाकमान को राजद से गठबंधन तोड़ने की वकालत भी कर दी। इसके बाद से सियासी पारा गरम है। हालांकि, पार्टी के किसी भी बड़े नेता की तरफ से गठबंधन के भविष्य को लेकर कोई भी बयान नहीं आया है।

### खरगे और राहुल ने की थी बात



खरगे और राहुल आपस में बात करते हुए

नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में कांग्रेस ने बिहार चुनाव की हार की समीक्षा' प्रदेश स्तर के नेता मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी बैठक में मौजूद थे।

**अकेले लड़ते तो बेहतर परिणाम होते**

अधिकतर उम्मीदवारों ने आलाकमान को बताया कि राजद से गठबंधन की वजह से कांग्रेस को बुरी हार का सामना करना पड़ा है। अगर कांग्रेस इस चुनाव में अकेले मैदान में उतरती तो परिणाम बेहतर होते।

### गठबंधन में किसी को पकड़कर नहीं रखा: राजद

राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनीलाल मंडल ने कहा कि गठबंधन में किसी को पकड़कर रखा नहीं जा सकता है। कांग्रेस की अगर मर्जी है कि अकेले और अलग चलेंगे, तो क्या कर सकते हैं। अगर कांग्रेस को लगता है कि गठबंधन में रहने पर हार हुई है और अलग होना है तो अच्छी बात है।



---

केंद्रीय मंत्री गोयल ने बताए जीडीपी ग्रोथ के बड़े कारण

# पीएम मोदी की विकासवादी नीतियों का नतीजा, सभी अनुमान पीछे छूटे

दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जारी हुए जीडीपी आंकड़ों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकारी सुधारों और विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने से दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। गोयल ने दावा किया कि व्यापार मोर्चे पर वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का निर्यात अच्छी वृद्धि दर्ज कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विकास के आंकड़ों ने कुछ वर्गों की ओर से किए गए दावों को खारिज कर दिया है। यह दर्शाता है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है।यह पीएम मोदी की विकासवादी नीतियों का नतीजा है। यह उछाल त्योहारों से पहले बढ़ी खपत और हाल में लागू जीएसटी सुधारों से संभव हुआ, जिसने बाजार में अतिरिक्त मांग पैदा की और आर्थिक गतिविधियों को गति दी।



### जीएसटी में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई

गोयल ने बताया कि भारत के जीएसटी में भी इस वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर के दौरान उच्च वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान वस्तु निर्यात 0.63 प्रतिशत से 254.25 अरब डॉलर हो गया व आयात 6.37 प्रतिशत बढ़कर 451.08 अरब डॉलर हो गया। इस वित्तीय वर्ष के पहले 9 महीनों के दौरान सेवाओं का निर्यात 237.55 अरब डॉलर रहा, वहीं अप्रैल-अक्टूबर 2024 में यह 216.45 अरब डॉलर था।

---

राज्यपाल बोस ने अधिसूचना जारी की

# सरकारी 'राज भवन' का नाम बदलकर 'लोक भवन' किया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने केंद्र के निर्देश को लागू करते हुए कोलकाता में स्थित राज भवन का नाम बदलकर 'लोक भवन' कर दिया। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि गृह मंत्रालय के 25 नवंबर के पत्र के अनुरूप यह अधिसूचित किया जाता है कि कोलकाता के 'राज भवन', फ्लैगस्टाफ हाउस और दार्जिलिंग में स्थित राज भवन परिसरों का नाम संशोधित करके 'लोक भवन' कर दिया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। राज भवन, जिसे अब लोक भवन नाम दिया गया है, राज्यपाल का आधिकारिक आवास और कार्यालय है। अब इसे लोक भवन के नाम से ही जाना जाएगा। राज्यपाल बोस ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी दी है।



---

एनएचआरसी ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखा

# बसों में अलग ड्राइवर कैबिन गलत व अधिकारों का उल्लंघन

## बस डिज़ाइन को लेकर सभी राज्यों से दो हफ्ते में रिपोर्ट मांगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र भेजकर सार्वजनिक परिवहन बसों की असुरक्षित डिजाइन पर गंभीर चिंता जताई है। आयोग ने कहा कि कई बसों में ड्राइवर केबिन को पूरी तरह अलग बनाया जा रहा है, जिससे आग लगने या आपात स्थिति में ड्राइवर और यात्रियों के बीच समय पर संवाद नहीं हो पाता। यह यात्रियों की जान के लिए बड़ा खतरा और जीवन के मौलिक अधिकार का गंभीर उल्लंघन है। सभी मुख्य सचिव सीआईआरटी की सभी सिफारिशों को राज्यभर में लागू करें। लापरवाहों पर तत्काल कार्रवाई हो। पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा व सहायता दी जाए। 2 सप्ताह के भीतर एटीआर भेजें।

**पीड़ित परिवारों को मुआवजा व सहायता दें**




राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग

### आग की बढ़ती घटनाओं पर संज्ञान लिया

हाल में कई बसों में सफर के दौरान आग की घटनाओं में कई लोगों की मौत हो गई। आयोग की पीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संज्ञान लिया और परिवहन मंत्रालय व केंद्रीय सड़क परिवहन संस्थान पुणे से दो सप्ताह के भीतर विस्तृत एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) मांगी।

**सीआईआरटी जांच में गंभीर खामियां मिलीं**

सीआईआरटी ने बताया कि राजस्थान परिवहन विभाग के अनुरोध पर जांच में हादसे वाली बस में कई गंभीर कमियां मिलीं। बस बॉडी निर्माण में मानकों का उल्लंघन किया गया था। स्लीपर बसों में ड्राइवर पार्टिशन डोर नियमों के खिलाफ है, फिर भी लगाया गया था। 12 मीटर से लंबी बसों में 5 आपात निकास अनिवार्य हैं पर उपलब्ध नहीं थे।

### बस में एफडीएसएस और मानक उपकरण नहीं मिले

अनिवार्य फायर डिटेक्शन एंड सप्रेशन सिस्टम बस में मौजूद नहीं था। स्लीपर कोच के स्लाइडर-चेसिस एक्सटेंशन जैसे खतरनाक हिस्से बगैर अनुमति लगाए गए थे। केंद्रीय सड़क परिवहन संस्थान का कहना है कि सभी स्लीपर कोचों में ड्राइवर पार्टिशन हटाया जाए, एफडीएसएस अनिवार्य रूप से लगाया जाए, 10 किलो के फायर एक्सटिंग्विशर चेक किए जाएं और नियमों के उल्लंघन वाले सभी बस बॉडी डिजाइन तत्काल बंद किए जाएं।


तमिलनाडु के तटीय इलाके रामाअनंतपुरम में तूफान के असर समुद्र में उठती लहरें

# आज भारतीय तटों से टकराएगा दितवाह तूफान

# आंध्र प्रदेश-तमिलनाडु में भारी बारिश, पुद्दुचेरी में परीक्षाएं रद्द, आईएमडी का यलो अलर्ट जारी

तमिलनाडु के तटीय इलाकों में तूफान दितवाह का असर नजर आने लगा है। नागापट्टिनम इलाके में तटों पर ऊंची लहरें, तेज हवाएं और भारी बारिश होने लगी है

- एनडीआरएफ की 8 टीमों में 240 लोग तैनात
- चेन्नई एयरपोर्ट पर 54 उड़ानें रद्द, ट्रेनों के रूट बदले

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चक्रवाती तूफान दितवाह को लेकर भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने अलर्ट जारी कर दिया है। आईएमडी ने बताया दितवाह तमिलनाडु, पुद्दुचेरी और दक्षिण आंध्र प्रदेश के तट की ओर लगातार बढ़ रहा है। यह 30 नवंबर को तमिलनाडु, पुद्दुचेरी और दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों से टकराएगा। इसके असर से तमिलनाडु के थूथुकुडी में बारिश हुई। इसकी वजह से कई इलाकों में जलभराव हो गया है। इस वजह से चेन्नई एयरपोर्ट पर 54 उड़ानें रद्द की गई है। वहीं रेलवे ने भी कई ट्रेनों का रूट और समय बदला है। किसानों ने बताया कि एक लाख एकड़ फसल पानी में डूबी है। वहीं सरकार ने 6000 राहत शिविर तैयार किए हैं और लोगों से सुरक्षित रहने की अपील की है। आंध्र प्रदेश में 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक भारी बारिश का अलर्ट है।

## एनडीआरएफ की टीमें तैनात

*चक्रवाती तूफान दितवाह के मद्देनजर तमिलनाडु में एनडीआरएफ की 8 टीमें तैनात की गई हैं। इन टीमों में 240 लोग शामिल हैं। वहीं, पुद्दुचेरी में 60 लोगों की दो टीमें तैनात की गई हैं। इन टीमों में खोजी कुत्तों के दल, जिसमें रानी, मिक्की, लाइका और रैंबो डॉग शामिल हैं, फंसे हुए लोगों को खोजने में मदद करेंगे। ये टीमें कुड्डालोर, तिरुवरूर, तंजावुर, नागपट्टिनम, मयिलादुथुराई, पुदुक्कोट्टई और कई अन्य जिलों में तैनात हैं।*

### नागापट्टिमन इलाके में तेज बारिश

तमिलनाडु के तटीय इलाकों में तूफान दितवाह का असर नजर आने लगा है। नागापट्टिनम इलाके में तटों पर ऊंची लहरें, तेज हवाएं और भारी बारिश होने लगी है। इसके भारत के उत्तरी-पश्चिमी तटों पर टकराने से पहले तमिलनाडु सरकार ने राज्य के 4 जिलों में रेड अलर्ट और 5 अन्य जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

ऑपरेशन सागर बंधु

### भारत ने श्रीलंका को 21 टन अतिरिक्त राहत सामग्री भेजी


भारत की ओर से भेजी गई राहत सामग्री

श्रीलंका में दितवाह तूफान से अब तक 123 लोगों की जान जा चुकी है और 130 लोग लापता बताए जा रहे हैं। इस बीच भारत ने ऑपरेशन सागर बंधु के तहत 21 टन राहत सामग्री श्रीलंका भेजी। शनिवार को भारतीय वायुसेना का विमान कोलंबो में उतरा। भारत ने तूफान से प्रभावित लोगों के लिए टेंट, तिरपाल, कंबल, हाइजीन किट और रेडी-टू-इट भोजन भेजा है। वहीं, श्रीलंका में आपातकाल की घोषणा कर दी है।

## खबर संक्षेप

### गैंगस्टर बिश्नोई की कस्टडी 7 दिन और बढ़ी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई की न्यायिक हिरासत को सात दिनों के लिए और बढ़ा दिया है। यह निर्णय एनआईए मुख्यालय में एक विशेष सुनवाई के दौरान लिया गया।



अनमोल बिश्नोई ने अदालत में एक आवेदन दायर कर अपनी जान को खतरा होने की आशंका जताई थी। बता दें, अमेरिका से भारत आने पर एनआईए की टीम ने अनमोल को गिरफ्तार कर पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया था। जहां से 11 दिन की रिमांड पर भेजा गया था। अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से लौटने के बाद एनआईए ने गिरफ्तार किया था।

### ट्रंप का जी-20 में आमंत्रित नहीं करना अफसोसजनक

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने कहा है कि अमेरिका की अध्यक्षता के दौरान दक्षिण अफ्रीका को जी-20 में आमंत्रित नहीं किए जाने की उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा अफसोसजनक है।



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में घोषणा की कि दक्षिण अफ्रीका को अगले वर्ष फ्लोरिडा में उनके देश की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने का निमंत्रण नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका सदस्यता के लिए योग्य' नहीं है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर बोले

# यूएस-चीन की नई वैश्विक शर्तों से दुनिया में अस्थिरता, सप्लाई चेन पर बढ़ता जा रहा है दबाव

चीन नवीकरणीय ऊर्जा पर हावी | यूएस बड़ा ऊर्जा निर्यातक बना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ कोलकाता

कोलकाता में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने वैश्विक राजनीति और आर्थिक समीकरणों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय ऐसे मोड़ पर है जहां अमेरिका और चीन की नई नीतियों ने अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को अस्थिर कर दिया है। बदलते हालात में देशों के सामने यह तय करना मुश्किल हो गया है कि उन्हें प्रतिस्पर्धा पर ध्यान देना चाहिए या उन समझौतों पर जो पीठ पीछे होते रहते हैं। जयशंकर ने कहा कि अमेरिका अब पुराने ढांचे के तहत दुनिया का नेतृत्व नहीं कर रहा, बल्कि एक-एक देश के साथ सीधे और नई शर्तों पर बातचीत कर रहा है। दूसरी ओर, चीन भी अपने नियमों पर ज्यादा कठोरता से काम कर रहा है।


विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

### विश्व का एक तिहाई उत्पादन चीन में

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि वैश्विकरण, सप्लाई असुरक्षा और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण देश हर आकस्मिकता के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। जहां संभव हो, वे कठिन विकल्पों से बच रहे हैं और जहां फायदा दिख रहा है, वहां तुरंत निर्णय ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी कारण विभिन्न क्षेत्रों में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स की मांग और उत्साह में तेजी आई है। जयशंकर ने बताया कि वैश्विक उत्पादन का एक तिहाई हिस्सा आज चीन में होता है, जिससे सप्लाई चेन की विश्वसनीयता पर सवाल उठे हैं। संघर्षों और जलवायु संकटों ने इस खतरे को और बढ़ा दिया है। ऊर्जा के मामले में अमेरिका अब बड़ा निर्यातक बन गया है, जबकि चीन नवीकरणीय ऊर्जा पर हावी है।

### व्यापार में मांग की अनिश्चितता बढ़ी

*डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि व्यापार में मांग की अनिश्चितता और सप्लाई की बाधाएं जोखिम बढ़ा रही हैं। टैरिफ रेट्स में उतार-चढ़ाव से वैश्विक व्यापार पर अस्थिरता आई है। वित्तीय क्षेत्र में प्रतिबंधों का बढ़ता उपयोग, संपत्तियों की जब्ती और ब्लॉकचेन तकनीक का उभार नए वैश्विक वित्तीय ढांचे का संकेत दे रहे हैं। दुनिया एक ऐसी स्थिति में प्रवेश कर रही है जहां हर देश अपनी सुरक्षा, आर्थिक हितों और भविष्य की रणनीति को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है।*

ऊर्जा, व्यापार, और वैश्विक मसलों पर होगी चर्चा

पुतिन के दिल्ली दौरे से पहले रूसी संसद का बड़ा फैसला

# भारत और रूस के बीच सैन्य समझौते की पुष्टि, रक्षा संबंधों को होगा फायदा

- पुराने भरोसेमंद संबंधों के नए दौर की शुरुआत

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अगले महीने दो दिन के भारत दौरे पर आएंगे। पुतिन राजकीय दौरे पर 4-5 दिसंबर को भारत आएंगे। इस यात्रा के दौरान पुतिन मुख्य रूप से 23वें भारत-रूस सालाना सम्मेलन में हिस्सा लेंगे, जहां रक्षा, ऊर्जा, व्यापार और भू-राजनीतिक मसलों पर अहम चर्चाएं होने की संभावना है।

इस दौरान व्लामीदर पुतिन की पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात होगी। पुतिन के दिल्ली के इस अहम दौरे से पहले रूस की संसद (स्टेट डूमा) ने एक अहम सैन्य समझौते की पुष्टि का ऐलान किया है। रूस की संसद व्लादिमीर पुतिन के दिल्ली आने से पहले भारत के साथ एक जरूरी मिलिट्री समझौते को मंजूरी देने जा रही है। दरअसल इस साल फरवरी में 2025 को भारत और रूस के बीच रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक्स एग्रीमेंट (रेलोस-आरईएलओएस) हुआ था।

यह एग्रीमेंट स्ट्रेटेजि मिलिट्री कोऑपरेशन बढ़ाने के लिए है। पुतिन की भारत यात्रा और रेलोस समझौते को रूस की संसद द्वारा मंजूरी मिलना, दोनों देशों के बीच दशकों पुराने भरोसेमंद संबंधों के नए दौर की शुरुआत मानी जा रही है। रक्षा सहयोग, ऊर्जा साझेदारी और वैश्विक समीकरणों के बीच यह दौरा भारत-रूस संबंधों को नई मजबूती देने में अहम भूमिका निभाएगा।


पीएम नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन फाइल फोटो

### सैन्य सहयोग मजबूत होगा

यह महत्वपूर्ण सैन्य लॉजिस्टिक समझौता 18 फरवरी 2025 को मॉस्को में भारत के राजदूत विनय कुमार और रूस के तत्कालीन उप-रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर फोमिन द्वारा साइन किया गया था। स्टेट डूमा ने रेलोस दस्तावेज को अपलोड किया है। इस समझौते का उद्देश्य है भारत और रूस की सेनाओं के बीच सामरिक गतिविधियों में लॉजिस्टिक सपोर्ट को आसान बनाना, संयुक्त सैन्य अभ्यासों को सुचारू करना, आपदा राहत अभियानों में तेजी लाना और सेना के अन्य ऑपरेशंस को सहयोगात्मक रूप से संचालित करना। रूसी सरकार का कहना है कि रेलोस समझौते की मंजूरी से दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में विश्वास और सहयोग नई मजबूती के साथ उभरेगा।

### आपसी सैन्य गतिविधियां तेज हो जाएंगी

*इस समझौते के लागू होने से भारत और रूस के बीच संयुक्त सैन्य गतिविधियां काफी सरल और तेज हो जाएंगी। दोनों देश एक-दूसरे के सैन्य ठिकानों, हवाई अड्डों और नौसैनिक अड्डों का शांतिपूर्ण उद्देश्यों और सैन्य अभ्यासों के लिए उपयोग कर सकेंगे। आपसी लॉजिस्टिक सपोर्ट मिलने से सैनिकों, उपकरणों और सैन्य संसाधनों की तैनाती में समय और लागत दोनों कम होगी। यह समझौता भविष्य में आर्कटिक क्षेत्र में संभावित संयुक्त अभ्यासों को भी दायरे में लाएगा।*

### भारतीय नौसेना रूसी नौसेनिक अड्डों का उपयोग कर सकेगी

भारतीय नौसेना के तलवार-श्रेणी के युद्धपोत और आईएनएस विक्रमादित्य जैसे बड़े जहाज रूस के उत्तरी समुद्री ठिकानों का उपयोग कर पाएंगे, जहां बर्फीले आर्कटिक का मौसम होता है। वहीं रूसी नौसेना भारतीय समुद्री ठिकानों और बंदरगाहों का उपयोग कर सकेगी, जिससे हिंद महासागर क्षेत्र में संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी। यह सहयोग भारत के लिए खास इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हिंद महासागर में चीन और अन्य बाहरी देशों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं।

### समझौता आर्कटिक क्षेत्र में भी लागू होगा

रेलोस समझौते का उद्देश्य संयुक्त सैन्य अभ्यास, आपदा राहत और अन्य अभियानों के लिए समन्वय प्रक्रिया को आसान बनाना है। रेलोस से सैन्य अभ्यास और आपदा राहत अभियान समेत संयुक्त गतिविधियों के लिए प्रक्रियाएं सरल करके सैन्य सहयोग को और सुदृढ़ किया जा सकेगा। इस प्रकार के समझौते सहभागी देशों के लिए शांतिकालीन अभियानों के भौगोलिक अवसरों का विस्तार करते हैं।

# स्वदेशी उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट 'तारागिरी' नौसेना को सौंपा



*मुंबई। नीलगिरि श्रेणी (प्रोजेक्ट 17ए) का चौथा और मझगांव डॉक शिपबिल्डिंग लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा निर्मित तीसरा जहाज, तारागिरि (यार्ड 12653), 28 नवंबर 2025 को एमडीएल, मुंबई में भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया। इसमें शक्तिशाली हथियार और सेंसर सूट में ब्रह्मोस एसएसएम, एमएफएसटीएआर और एमआरएसएएम कॉम्प्लेक्स, 76 मिमी एसआरजीएम, और 30 मिमी और 12.7 मिमी निकटरक्षा हथियार प्रणालियों का संयोजन, साथ ही पनडुब्बी रोधी युद्ध के लिए रॉकेट और टॉरपीडो शामिल हैं।*

एलबीएसएनएए में बोले रक्षा मंत्री

# ऑपरेशन सिंदूर नागरिक-सैन्य समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने युवा नागरिक सेवकों से राष्ट्रीय हितों की रक्षा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को समझने और वीर सैनिकों की तरह ही ऐसी कठिन परिस्थितियों के लिए सदैव तैयार रहने का आह्वान किया।


राजनाथ सिंह

रक्षामंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर नागरिक-सैन्य समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां प्रशासनिक मशीनरी ने सशस्त्र बलों के साथ मिलकर महत्वपूर्ण सूचनाओं का संचार किया और जनता का विश्वास जीता। रक्षा मंत्री ने उत्तराखंड के मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में 100वें कॉमन फाउंडेशन कोर्स के समापन समारोह को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, सशस्त्र बलों ने संतुलित और बिना किसी उकसावे के जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान और पीओके में आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया।

इंडोनेशिया में बाढ़ और भूस्खलन

# 279 की मौत, 174 लापता, कई क्षेत्रों में संपर्क कटा, मदद जारी

एजेंसी ▶▶ अगम (इंडोनेशिया)

इंडोनेशिया में बाढ़ और भूस्खलन के कारण जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 279 हो गई है तथा अधिकारियों ने मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका जताई है। उत्तरी सुमात्रा प्रांत में सड़कें खराब होने और संचार बाधित होने से इन इलाकों से संपर्क कट गया है और राहत सामग्री पहुंचाने के लिए विमानों पर निर्भर रहना पड़ा। भारी उपकरणों की कमी के कारण बचाव कार्य भी बाधित हुए। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता फेरी वालिंटुकन ने बताया कि उत्तरी सुमात्रा में बचावकर्मियों ने शनिवार को 31 शव बरामद किए, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 279 हो गई। उन्होंने बताया कि 174 लापता लोगों की तलाश के लिए 3,500 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है तथा प्रांत भर में अस्थायी सरकारी आश्रयों में शरण ले रखे 28,400 से अधिक लोगों को सहायता वितरित करने में मदद की जा रही है।


दक्षिण सुमात्रा के बातंग तोरु में धंसी मस्जिद

# दिल्ली बम धमाके में सुरक्षा एजेंसियों ने नए षड़यंत्रों का किया बड़ा खुलासा

डॉ. मुजम्मिल के बेहद करीब आ गई थी डॉ. शाहीन

## डॉ. शाहीन के फ्लैट से मिले 18.5 लाख रुपए, सोने के बिस्किट और विदेशी करेंसी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली बम धमाके की आरोपी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की महिला विंग की कमांडर डॉ. शाहीन चार साल सऊदी अरब में भी रही है। साल 2014 से 2018 के दौरान उसने सऊदी अरब के मेडिकल कॉलेज में बतौर प्रोफेसर नौकरी की।

साल 2018 में भारत लौटने के बाद 2021 तक तीन साल उसने कुछ नहीं किया। वो घर पर ही रहती थी। फिर 2021 में उसने अल फलाह यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर की नौकरी हासिल कर ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के सूत्रों की मानें तो सऊदी अरब से जब वो लौटी तो आतंकी संगठन के संपर्क में आ चुकी थी और अपना नेटवर्क फैलाने लगी। इस दौरान उसे टेरर फंडिंग के रुपए भी काफी मिले। साल 2021 में अल फलाह यूनिवर्सिटी में कार्यरत होने के बाद डॉ. शाहीन, डॉ. मुजम्मिल के बेहद करीब आ गई थी। दोनों के बीच नजदीकीयां काफी बढ़ गईं और प्यार और शादी तक ये रिश्ता पहुंच गया।



अल फलाह विश्वविद्यालय (इनसेट में) डॉ. मुजम्मिल व डॉ. शाहीन

### डॉ. शाहीन से खुलवाया लॉकर

*गुरुवार रात एनआईए की टीम ने अल फलाह यूनिवर्सिटी में डॉ. शाहीन के फ्लैट नंबर 32 का डिजिटल लॉकर उसकी मौजूदगी में खुलवाया। लॉकर में मौजूद पैकेट खोलकर चेक किए तो इनमें 18.50 लाख रुपए नकद, सोने के दो बिस्किट, गहने मिले। सोने के बिस्किट व जूलरी का कुल वजन 300 ग्राम पाया गया।*

### आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ी

एनआईए की विशेष अदालत ने चार आरोपियों की हिरासत अवधि को दस दिनों के लिए बढ़ा दिया है। इन आरोपियों में डॉ. मुजम्मिल, डॉ. अदील, डॉ. शाहीन और मुफ्ती इरफान अहमद वगाये शामिल है। अदालत के इस फैसले से जांच एजेंसी को मामले की जांच को आगे बढ़ाने और अन्य संभावित लिंक को खंगालने में मदद मिलेगी। 10 दिन की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद एनआईए ने सात आरोपियों को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया था।

### विदेश से पढ़कर आए डॉक्टरों की जानकारी मांगी

दिल्ली पुलिस ने शहर के सभी निजी अस्पतालों को नोटिस जारी कर उन डॉक्टरों की जानकारी मांगी है, जिन्होंने विदेश से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है। पुलिस ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, यूएई और चीन से एमबीबीएस करने वालों के बारे में जानकारी मांगी है।

### हल्द्वानी के इमाम से पूछताछ

शुक्रवार देर रात दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम के साथ ही एलआईयू दिल्ली की टीम ने उत्तराखंड के हल्द्वानी के बनभूलपुरा में दबिश देकर बिलाली मस्जिद के इमाम को हिरासत में लिया।

भारत-म्यांमार ड्रग रैकेट केस में खुलासा

# म्यांमार नागरिकों ने भारतीयों के जीएसटी से कच्चा माल खरीदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्रॉस-बॉर्डर नारकोटिक्स तस्करी की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बताया कि म्यांमार मूल के लोगों ने भारतीय नागरिकों के जीएसटी प्रमाण पत्रों का दुरुपयोग कर ड्रग्स बनाने के लिए जरूरी कच्चा माल खरीदा।

यह खुलासा एजेंसी की उस कार्रवाई के दौरान सामने आया है, जब ड्रग्स तस्करी से जुड़े धन शोधन मामले में भारत-म्यांमार सीमा पर पहली बार तलाशी ली गई थी। ईडी ने 27 नवंबर को अपनी इस विशेष कार्रवाई के तहत मिजोरम के आइजोल और चंपाई (भारत-म्यांमार बॉर्डर) में कई ठिकानों पर छापेमारी की। इसके अलावा असम के करीमगंज जिले के श्रीभूमि क्षेत्र और गुजरात के अहमदाबाद में भी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान जुटाए गए सबूतों से पता चला है कि भारतीय नागरिकों ने म्यांमार के लोगों के लिए सूडोइफेड्रिन टैबलेट और कैफीन एन्हाइड्रस खरीदे।


ईडी का प्रतीक चिन्ह

# वुमेंस प्रीमियर लीग का शेड्यूल जारी, 2 शहर में 22 मुकाबले, मुंबई इंडियंस-आरसीबी के बीच पहला मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 की शुरुआत 9 जनवरी को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में दो बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस (एमआई) और 2024 की विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच मुकाबले के साथ होगी। डब्ल्यूपीएल 2026 के शेड्यूल की जानकारी देते हुए बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि नवी मुंबई में दो डबल-हेडर मुकाबले होंगे, जबकि फाइनल मुकाबला 5 फरवरी को वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में आयोजित होगा। विमेंस प्रीमियर लीग 2026 में 9-17 जनवरी के बीच मुकाबले नवी मुंबई में खेले जाएंगे। इस दौरान 11 मुकाबले आयोजित होंगे। इसके बाद शेष 11 मैच वडोदरा में होंगे। इनमें प्लेऑफ भी शामिल हैं। वडोदरा लेग की शुरुआत गुजरात जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुकाबले के साथ होगी। मुंबई इंडियंस डिफेंडिंग चैंपियन के तौर पर इस सीजन में उतर रही है, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस खिताब को जीतने वाली दूसरी टीम है। गुजरात जायंट्स वडोदरा लेग की शुरुआत आरसीबी के खिलाफ मुकाबले से करेगी, जिसके बाद दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच 2025 के फाइनल का री-मैच होगा। 1 फरवरी को लीग स्टेज खत्म होने के बाद, एलिमिनेटर में दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने वाली टीमें हिस्सा लेंगी। टेबल टॉपर सीधे 5 फरवरी को फाइनल में पहुंचेगी।

### टाइम टेबल

**नवी मुंबई लेग:**
9 जनवरी: मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
10 जनवरी: यूपी वॉरियर्स बनाम गुजरात जायंट्स
10 जनवरी: मुंबई इंडियंस बनाम दिल्ली कैपिटल्स
11 जनवरी: दिल्ली कैपिटल्स बनाम गुजरात जायंट्स
12 जनवरी: रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम यूपी वॉरियर्स
13 जनवरी: मुंबई इंडियंस बनाम गुजरात जायंट्स
14 जनवरी: यूपी वॉरियर्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स
15 जनवरी: मुंबई इंडियंस बनाम यूपी वॉरियर्स
16 जनवरी: रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम गुजरात जायंट्स
17 जनवरी: यूपी वॉरियर्स बनाम मुंबई इंडियंस
17 जनवरी: दिल्ली कैपिटल्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**वडोदरा लेग:**
19 जनवरी: गुजरात जायंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
20 जनवरी: दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस
22 जनवरी: गुजरात जायंट्स बनाम यूपी वॉरियर्स
24 जनवरी: रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम दिल्ली कैपिटल्स
26 जनवरी: रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम मुंबई इंडियंस
27 जनवरी: गुजरात जायंट्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स
29 जनवरी: यूपी वॉरियर्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
30 जनवरी: गुजरात जायंट्स बनाम मुंबई इंडियंस
1 फरवरी: दिल्ली कैपिटल्स बनाम यूपी वॉरियर्स
3 फरवरी: एलिमिनेटर
5 फरवरी: फाइनल

## खबर संक्षेप




### ओजस्विनी ने जीती डीजीसी लेडीज एमेच्योर ओपन गोल्फ चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** ओजस्विनी सारस्वत ने दिल्ली गोल्फ क्लब में 222 के कुल स्कोर के साथ 15वीं डीजीसी लेडीज एमेच्योर ओपन गोल्फ चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीता। इस प्रतियोगिता में 115 महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें सारस्वत ने 222 अंकों के साथ ट्रॉफी जीती, जबकि केया बडुगु (225) दूसरे और योग्या भल्ला (232) तीसरे स्थान पर रही। अन्य खिलाड़ियों में प्रतियोगिता के अंतिम दिन एशम अग्निश ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने पांचवें होल पर एक शानदार होल-इन-वन दर्ज किया। पिछले वर्षों की तरह इस साल भी खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता से विश्व एमेच्योर गोल्फ रैंकिंग अंक हासिल किए।

### शीर्ष 10 में जगह बनाने के करीब अदिति अवनि शीर्ष 20 में बनाई जगह



**मलागा।** गोल्फर अदिति अशोक एंडालुसिया कोस्टा डेल सोल ओपन डी एस्पाना में दूसरे राउंड के बाद शीर्ष 10 में जगह बनाने के करीब पहुंच गई जबकि अवनि प्रशांत ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए शीर्ष 20 में जगह बना ली।
इस प्रतियोगिता की पूर्व विजेता अदिति ने दूसरे राउंड में दो अंडर 70 का स्कोर बनाया और अब वह पांच अंडर 139 के साथ संयुक्त 11वें स्थान पर पहुंच गई है। अवनि ने दूसरे राउंड में तीन अंडर 69 का सर्वश्रेष्ठ कार्ड हासिल किया, जिससे उनका स्कोर चार अंडर हो गया और वह संयुक्त 17वें स्थान पर हैं। भारत की अन्य खिलाड़ियों में प्रणवी उर्स (71) एक ओवर के कुल स्कोर पर 47वें स्थान पर जबकि हिताशी बख्शी (76) और दीक्षा डागर (75) दोनों संयुक्त 64वें स्थान पर हैं।

### इंग्लैंड को ब्रिस्बेन टेस्ट से पहले लगा झटका, मार्क वुड दूसरे मुकाबले से बाहर



**पर्थ।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज के दूसरे मुकाबले से पहले झटका लगा है। तेज गेंदबाज मार्क वुड ब्रिस्बेन टेस्ट से बाहर रह सकते हैं। वह पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में खेले थे। इस मुकाबले में इंग्लैंड को दो दिन के अंदर सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। मार्क वुड का यह नौ महीनों के अंदर पहला प्रतिस्पर्धी मैच था। साथ ही अगस्त 2024 के बाद उनका पहला टेस्ट था। मार्च 2025 में घुटने की चोट के बाद से वह क्रिकेट से दूर थे। इससे पहले भी वह चोटों की वजह से नहीं खेल पा रहे थे। वुड ने पर्थ टेस्ट में दोनों पारियों में मिलाकर कुल 11 ओवर फेंके थे। लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला था।

## गिल और अय्यर इंजरी के कारण बाहर, मैच दोपहर 1.30 से शुरू

# आज से भारत-द.अफ्रीका वनडे सीरीज का आगाज, रोहित और कोहली की कड़ी परीक्षा

एजेंसी ▶▶| रांची

अब केवल वनडे में खेल रहे रोहित शर्मा और विराट कोहली भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार से शुरू होने वाली तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला में आकर्षण का केंद्र होंगे, जिससे वह 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए अपना दावा भी मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

भारतीय टीम प्रबंधन इस श्रृंखला से चयन संबंधी समस्याओं का समाधान भी करना चाहेगा। उसे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला के दौरान चयन संबंधी मसलों के कारण आलोचना का सामना करना पड़ा था। रोहित और कोहली दोनों अब केवल एक ही अंतरराष्ट्रीय प्रारुप में खेलते हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत के टेस्ट सीरीज हराने के बाद रोहित और कोहली की वनडे सीरीज जीतने के लिए कड़ी परीक्षा होगी। वहीं शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर दोनों इंजरी के कारण बाहर हैं।

### केएल राहुल को कप्तानी की कमान

इस सीरीज के लिए भारतीय टीम की कप्तान केएल राहुल के हाथों में सौंपी गई है। शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर दोनों इंजरी के कारण बाहर हैं। साथ ही चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पहली बार रविंद्र जडेजा भी वनडे टीम में नजर आने वाले हैं। साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा होंगी। उनके ऊपर भी नजरें होंगी। क्योंकि साउथ अफ्रीका ने 10 साल से भारत में कोई भी वनडे सीरीज नहीं जीती है।



### बुमराह और सिराज को आराम

जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को आराम दिया गया है, जबकि नियमित कप्तान शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर चोटिल हैं। उनकी अनुपस्थिति न केवल टीम की बल्लेबाजी को कमजोर करती है, बल्कि कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल और मुख्य कोच गंभीर को भी अपनी भूमिकाएं और जिम्मेदारियां निभाने के लिए बाध्य करती है। मध्यक्रम की पहेली और भी नाजुक है। प्रबंधन को यह तय करना होगा कि ऑलराउंडर के तौर पर वाशिंगटन सुंदर को चुना जाए या फिर नीतीश कुमार रेड्डी को। तिलक वर्मा ने खुद को भरोसेमंद बल्लेबाज साबित किया है और टीम प्रबंधन उन्हें अंतिम एकादश में रखना चाहेगा।

### विराट अपने नाम करेंगे खास रिकॉर्ड

कोहली ने द्विपक्षीय वनडे सीरीज के इतिहास में 196 पारियों में 9936 रन बनाए हैं। अगर कोहली इस मैच में 64 रन बना लेते हैं तो द्विपक्षीय वनडे सीरीज में 10 हजार रन पूरे कर लेंगे और ऐसा करने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर बन जाएंगे। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर एमएस धोनी हैं, जिन्होंने 201 पारियों में 7669 रन बनाए हैं। बता दें कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ कोहली का वनडे रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने अभी तक साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे में 65.39 की औसत से 1504 रन बनाए हैं, इस दौरान वह पांच शतक लगाने में कामयाब रहे हैं।

### इंटरनेशनल क्रिकेट में 20 हजार रन पूरे करने से सिर्फ 98 रन दूर रोहित

रोहित अब साउथ अफ्रीका के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज में खेलते हुए नजर आएंगे। इस सीरीज के पहले मैच में रोहित शर्मा के पास एक खास उपलब्धि को अपने नाम करने का मौका होगा। रोहित इंटरनेशनल क्रिकेट में 20 हजार रन पूरे करने से सिर्फ 98 रन दूर हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में अभी तक सिर्फ 13 खिलाड़ी ही इस उपलब्धि को अपने नाम कर पाए हैं। 98 रन बनाते ही वह इंटरनेशनल क्रिकेट में 20000 रन बनाने वाले भारत के चौथे और दुनिया के 14वें क्रिकेटर बन जाएंगे। भारत के लिए यह कारनामा अभी तक सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और राहुल द्रविड़ ने ही हासिल किया है।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** केएल राहुल (कप्तान), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋषभ पंत, वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, रुतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्क्रम, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, क्विंटन डी कॉक, मार्को यानसन, टोनी डी जॉर्जी , रुबिन हरमन, ओटनील बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेल्टन, प्रेनेलन सुब्रायन।

## पुरुष जूनियर विश्व कप हॉकी

# मलेशिया, नीदरलैंड ने की जीत से शुरुआत



एजेंसी ▶▶| मदुरै

मलेशिया और नीदरलैंड ने पूल ई के मैचों में क्रमशः ऑस्ट्रिया और इंग्लैंड को हराकर एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट में अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। मलेशिया ने दिन के पहले मैच में ऑस्ट्रिया को 5-1 से जबकि नीदरलैंड ने इंग्लैंड को 5-3 से हराया।

मलेशिया के लिए दानिश खैरिल (56वें और 57वें मिनट) ने दो जबकि हैरिस उस्मान (28वें मिनट), एडम जोहरी (47वें मिनट) और नवीनेश पनिकर (55वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। ऑस्ट्रिया का एकमात्र गोल 56वें मिनट में जूलियन कैसर ने पेनल्टी कॉर्नर पर किया। इससे पहले नीदरलैंड की इंग्लैंड पर जीत में जान वैनट लैंड (दूसरे और 49वें मिनट) ने दो मैदानी गोल करके महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


उनके अलावा कैस्पर वैन डेर वीन (26वें मिनट) ने भी एक मैदानी गोल किया, जबकि जोप्पे वोलबर्ट (39वें मिनट) ने पेनल्टी स्ट्रोक पर और डैनिलो ट्राइलिंग (54वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके नीदरलैंड की जीत सुनिश्चित की। इंग्लैंड के लिए गोल कैडेन ड्रेसी (11वें), माइकल रॉयडेन (29वें) और जॉर्ज फ्लेचर (49वें) ने किए।

### श्रीकांत, त्रीसा-गायत्री खिताब के करीब

**लखनऊ।** पूर्व चैंपियन किदांबी श्रीकांत और गत चैंपियन त्रीसा जॉली तथा गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्रमशः पुरुष एकल और महिला युगल फाइनल में जगह बनाई। वर्ष 2016 में यहां खिताब जीतने वाले 32 साल के श्रीकांत ने कड़े मुकाबले में हमवतन और 2023 के राष्ट्रीय चैंपियन मिथुन मंजूनाथन को सेमीफाइनल में 21-15, 19-21, 21-13 से हराया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत फाइनल में हांगकांग के जेसन गुनावन और जापान के मिनोरु कोगा के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। श्रीकांत की जीत से पहले त्रीसा और गायत्री की दुनिया की 14वें नंबर की जोड़ी ने ओंग शिन यी और कारमेन टिंग की मलेशिया की दुनिया की 33वें नंबर की जोड़ी को सीधे गेम में 21-11, 21-15 ये हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

## फीफा विश्व कप

# फाइनल ड्रॉ का बॉयकॉट करेगा ईरान यूएस ने किया वीजा देने से इनकार



एजेंसी ▶▶| तेहरान

ईरान की फुटबॉल फेडरेशन 2026 फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल ड्रॉ का बहिष्कार करेगी। यह ड्रॉ 5 दिसंबर को वॉशिंगटन डीसी में निर्धारित है।

संयुक्त राज्य अमेरिका ने ईरान प्रतिनिधिमंडल के कई प्रमुख सदस्यों को वीजा देने से इनकार कर दिया है। फेडरेशन के प्रवक्ता आमिर मेहदी अलावी ने बताया कि यह फैसला आवश्यक पूछताछ, आंतरिक चर्चाओं और खेल एवं युवा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय से परामर्श के बाद लिया गया है। उन्होंने अमेरिकी कार्रवाई की निंदा करते हुए इसे खेल भावना के विपरीत बताया है। आमिर मेहदी अलावी ने स्पष्ट किया है उन्होंने फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो समेत उनके अधिकारियों को वीजा के मुद्दे के बारे में बता दिया गया है।

### हेड कोच समेत चार सदस्यों को मिला वीजा

रिपोर्ट के मुताबिक, अलावी ने बताया है कि फीफा ने इस मामले को गंभीरता से लेने का वादा किया है। वीजा देने से इनकार करने के बाद फेडरेशन के अध्यक्ष समेत कई खास लोगों पर इसका असर पड़ा है। हालांकि, पुरुषों की नेशनल टीम के हेड कोच आमिर घालेनोई समेत चार सदस्यों को वीजा मिल गया है। फीफा विश्व कप 2026 की शुरुआत 11 जून से होगी। फुटबॉल का यह महाकुंभ 19 जुलाई तक खेला जाएगा, जिसमें 48 टीमें हिस्सा लेने जा रही हैं। इन टीमों को चार-चार के 12 ग्रुप में बांटा जाएगा। इसे यूनाइटेड स्टेट्स, कनाडा और मेक्सिको मिलकर होस्ट करेंगे। ऐसा पहली बार है जब यह टूर्नामेंट तीन देशों में खेला जाएगा। ग्रुप स्टेज के बाद हर ग्रुप से टॉप दो टीमें, साथ ही आठ सबसे ऊंची रैंक वाली तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें, एक बड़े नॉकआउट फेज में जाएंगी, जिससे पिछले एडिशन की तुलना में एक बड़ा और ज्यादा कॉम्पिटिटिव एलिमिनेशन ब्रैकेट बनेगा।

### विश्व चैंपियन तीरंदाज अदिति ने जीता गोल्ड, नटराज का पूल में दबदबा

**नई दिल्ली।** शिवाजी यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व कर रहीं विश्व चैंपियन तीरंदाज अदिति गोपीचंद स्वामी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों (केआईयूजी) के पांचवें दिन कंपाउंड महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। पूल में ओलंपियन श्रीहरि नटराज और भव्या सचदेवा ने बेंगलुरु की जैन यूनिवर्सिटी को दबदबा बनाए रखने में मदद की, जिससे तैराकी स्पर्धा अभियान 27 स्वर्ण पदक के साथ खत्म हुआ। यूनिवर्सिटी ने तैराकी की नौ स्पर्धाओं में आखिरी दिन सात स्वर्ण पदक जीते। जैन यूनिवर्सिटी 45 पदक (27 स्वर्ण, नौ रजत और नौ कांस्य) के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी 22 स्वर्ण के साथ दूसरे और गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी 21 स्वर्ण पदक के साथ तीसरे स्थान पर है। उन्नीस साल की अदिती ने जिन भी खेलो इंडिया युवा खेलों में हिस्सा लिया है, उन सभी में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर केआईसूजी में शानदार शुरुआत की। नटराज पूल में आखिरी दिन के स्टार रहे। उन्होंने 100 मी फ्रीस्टाइल में 52.30 सेकेंड के समय के साथ और 50 मी बैकस्ट्रोक (26.53 सेकेंड) में स्वर्ण पदक जीता।



**फाइनल आज भारत और बेल्जियम में होगी भिड़ंत**

# सुल्तान अजलन शाह हॉकी के फाइनल में भारत, कनाडा को 14-3 से हराया

एजेंसी ▶▶| तइपोह

जुगराज सिंह के चार गोल की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बड़े स्कोर वाले मुकाबले में कनाडा को 14-3 से हराकर पूल तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर सुल्तान अजलन शाह कप के फाइनल में जगह बनाई।

भारतीय टीम को टूर्नामेंट में अभी तक सिर्फ बेल्जियम से एक गोल से हार मिली लेकिन पिछले मैच में न्यूजीलैंड पर 3-2 की शानदार जीत के बाद खिलाड़ी आत्मविश्वास से ओतप्रोत थे। भारतीय टीम रविवार को फाइनल में बेल्जियम से भिड़ेगी। नीलकांत शर्मा ने मैच की शुरुआत चौथे मिनट में गोल दागकर की, जिसके बाद सीनियर टीम में पदार्पण करने के बाद अच्छी फॉर्म में चल रहे राजिंदर सिंह ने 10वें मिनट में गोल कर दिया। यह रोमांचक शुरूआत रही। कनाडा ने शुरुआती गोल का जवाब पेनल्टी कॉर्नर हासिल करके उसे गोल में बदलकर दिया। 11वें मिनट में ब्रेंडन गुरालियुक ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। फिर अगले कुछ मिनटों में जुगराज सिंह और अमित रोहिदास ने क्रमशः 12वें और 15वें मिनट में गोल कर किए, जिससे भारत की बढ़त 4-1 हो गई।




## दिल्ली कैपिटल्स ने 10 लाख के बेस प्राइस पर खरीदा

# दीया यादव बनीं 16 की उम्र में लीग की सबसे युवा खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2025 में 14 वर्षीय खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने अपना डेब्यू करके इतिहास रचा था। उस सीजन शतक लगाने के बाद इस खिलाड़ी ने मुड़कर नहीं देखा। अब वह इंडिया ए और इंडिया अंडर 19 का भी हिस्सा हैं।

वहीं अब उनकी तरह ही वुमेंस प्रीमियर लीग 2026 के लिए हुए मेगा ऑक्शन में एक 16 वर्षीय खिलाड़ी का नाम सामने आया है। इस खिलाड़ी का नाम दीया यादव है। उन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने 10 लाख के बेस प्राइस पर अपने साथ जोड़ा है।



### कॅरियर का टर्निंग प्वॉइंट थी यह पारी

दिल्ली कैपिटल्स के दीया पर बोली लगाने के बाद शेफाली वर्मा ने इंस्टाग्राम पर उन्हें बधाई भी दी थी। दीया तीन साल से शेफाली के साथ खेलती आ रही हैं। उनका खेलना का स्टाइल भी ठीक भारतीय ओपनर की तरह है। उन्होंने अंडर 15 वुमेंस वनडे कप में त्रिपुरा के खिलाफ 125 गेंद पर 213 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा था। इस पारी के बाद दीया ने कहा भी कि इससे पहले उन्हें कोई नहीं जानता था। यह पारी उनके कॅरियर का टर्निंग प्वॉइंट थी।

### शेफाली और जेमिमा के साथ खेलेंगी

गौरतलब है कि डब्ल्यूपीएल के मेगा ऑक्शन में 67 खिलाड़ियों की बोली कुल पांच टीमों ने लगाई थी। इसमें दीया का नाम भी शामिल था। वह दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा बनी हैं। इस टीम में पहले से शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स जैसी विश्व विजेता भारतीय बैटर शामिल हैं। शेफाली हाल ही में वर्ल्ड कप फाइनल की प्लेयर ऑफ द मैच भी रही थीं। खास बात यह है कि 16 वर्षीय दीया शेफाली को अपना रोल मॉडल भी मानती हैं। वह हरियाणा के लिए शेफाली के साथ खेल भी चुकी हैं।

### हरियाणा के लिए दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बैटर

इस साल आयोजित हुई सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी में शेफाली सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थीं। जबकि दीया हरियाणा के लिए दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बैटर थीं। उन्होंने 6 पारियों में 298 रन बनाए थे। दिल्ली कैपिटल्स के सीईओ सुनील गुप्ता ने बताया कि उनकी नजरें दीया के ऊपर अंडर 15 सर्किट के समय से थीं। उनकी शॉट खेलने की रेंज और बॉल को स्ट्राइक करने की एबिलिटी से दिल्ली की फ्रेंचाइजी काफी प्रभावित थी।



# रिकॉर्डतोड़ धमाका, ज़ूटोपिया 2 का दमदार पोस्टर आउट...

**मुंबई।** ज़ूटोपिया 2 का बिल्कुल नया पोस्टर रिलीज़ हो गया है और सच में उत्साह सातवें आसमान पर है। जैसे ही फिल्म 28 नवंबर को भारत के थिएटर्स में रिलीज़ हुई, दुनिया भर के फ़ैन्स जुडी हॉप्स और निक वाइल्ड की वापसी का जश्न मना रहे हैं। इसकी दमदार कहानी से लेकर भावनाओं और मज़ाक के शानदार मिलेजुले अंदाज़ तक, यह फिल्म फिर साबित करती है कि वॉल्ट डिज़्नी एनीमेशन स्टूडियो आज भी अपने काम में सबसे आगे क्यों है। दिल छू लेने वाले पलों, आसानी से सामने वाली बातों और पुरानी यादों से भरी, ज़ूटोपिया 2 सिर्फ बच्चों के लिए नहीं है बल्कि यह हर उम्र के दर्शकों से जुड़ती है। मेकर्स ने पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया।

लाइफ Style



# माधुरी

## मिसेज देशपांडे में सीरियल किलर का निभाएंगी किरदार

बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित जियोहॉटस्टार की सीरीज मिसेज देशपांडे में सीरियल किलर का किरदार निभाती नजर आएंगी। जियोहॉटस्टार ने अपनी बहुप्रतीक्षित थ्रिलर सीरीज़ मिसेज देशपांडे की रिलीज़ डेट घोषित कर दी है, जिसमें माधुरी दीक्षित मिसेज देशपांडे की मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस सीरीज का शानदार टीजऱ दर्शकों को मिसेज देशपांडे की दुनिया की एक विचलित करने वाली झलक देता है, जहां माधुरी दीक्षित एक सादे, बिना मेकअप वाले लुक में बड़ी ही शांति के साथ सब्जियां काट रही हैं, जबकि रेडियो बुलेटिन एक सीरियल किलर के फरार होने की चर्चा कर रहा है। नागेश कुकूनूर द्वारा निर्देशित यह सीरीज़ धैर्य और सटीकता से टेंशन क्रिएट करती है। एप्लॉज़ एंटरटेनमेंट द्वारा कुकूनूर मूवीज के सहयोग से निर्मित यह शो मूल फ्रेंच थ्रिलर ला मांटे से रूपांतरित किया गया है, जिसका निर्माण जीन नैनक्रिक ने किया था। इसमें सिद्धार्थ चंदेकर और प्रियांशु चैटर्जी भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। माधुरी दीक्षित ने कहा कि मिसेज देशपांडे मेरे द्वारा अब तक निभाए गए किसी भी किरदार से एकदम अलग है। मिसेज देशपांडे, 19 दिसंबर को जियोहॉटस्टार पर रिलीज होगी। अपनी भूमिका के बारे में माधुरी दीक्षित ने कहा इतने सारे ग्रे शेड्स वाले किरदार को निभाना उत्साहजनक और तनावपूर्ण दोनों रहा है! मैं बहुत बेसब्री से इंतजार कर रही हूं कि दर्शक मेरा यह रोमांचक और नया रूप देखें। निर्देशक नागेश कुकूनूर ने कहा कि माधुरी दीक्षित ने इस मुश्किल और परतदार किरदार को निभाया यह मेरे लिए बेहद खुशी की बात है।

## हॉलीवुड मसाला



# राजामौली की फिल्म में करेंगी काम

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास ने कहा है कि वह एस.एस. राजामौली की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म का हिस्सा होंगी जिसका नाम संभवतः 'ग्लोबट्रॉटर' होगा। इस फिल्म में महेश बाबू भी मुख्य भूमिका में होंगे। प्रियंका और महेश बाबू ने भी सोशल मीडिया पर फिर से फिल्म के पोस्टर को शेयर किया। उल्लेखनीय है कि प्रियंका चोपड़ा अभी हाल ही में 'ग्लोबट्रॉटर' के निर्माण के बाबत भारत आई थीं और महेश के साथ उन्होंने ऑनलाइन हल्की-फुल्की बातचीत की, जिससे फिल्म में उनकी भूमिका को लेकर कयास लगाए जाने लगे।



# माइकल जैक्सन की बायोपिक के टीजर ने तोड़ा रिकॉर्ड...

**लॉस एंजिल्स।** 'इनविंसिबल' सिंगर माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' के टीजर ट्रेलर ने रिकॉर्ड ब्रेक कर दिया है। अपने गानों से म्यूजिक की दुनिया और फैंस के दिलों पर राज करने वाले माइकल ने महज 50 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया था। उनकी बायोपिक में भतीजे जाफर जैक्सन ने उनकी भूमिका निभाई है। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म के वीडियो को 24 घंटे में ही 116 मिलियन व्यूज के साथ रेकॉर्ड तोड़ दिया है। इसका निर्देशन एंटोनी फुक्का ने किया है। ये साल 2026 में रिलीज के लिए तैयार है। 'माइकल' के टीजर ट्रेलर ने म्यूजिकल बायोपिक की शुरुआती फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है और पिछले टॉप चार्ट के आधे से भी ज्यादा ट्रैफिक हासिल किए हैं। क्लिप में जाफर जैक्सन मूव्स करते और प्रैक्टिस करते हुए दिख रहे हैं, खासकर मून वॉक।



# दिसंबर-जनवरी में देंगी बीए की परीक्षा...


**मुंबई।** अभिनेत्री अनीत पड्डा 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग जनवरी 2026 में कॉलेज की फाइनल ईयर परीक्षा देने के बाद शुरू करेंगी। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'सैयारा' से देश की सबसे बड़ी जेन जी स्टार बनी अनीत पड्डा अब दिसंबर और जनवरी में अपनी कॉलेज की फाइनल ईयर परीक्षाएं देने जा रही हैं! अनीत पड्डा ,दिसंबर-जनवरी में अपनी फाइनल-ईयर परीक्षाएं देंगी और उसके तुरंत बाद अपनी अगली फिल्म दिनेश विजान की 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग शुरू करेंगी, जिसमें वह लीड रोल निभा रही हैं। अनीत इस समय अपने फाइनल ईयर की पढ़ाई में व्यस्त हैं। वह पॉलिटिकल साइंस में बी.ए. (ऑनर्स) कर रही हैं और काम व पढ़ाई को संतुलित करने में जुटी हैं। उनका शेड्यूल इस तरह मैनेज किया जा रहा है कि वे पढ़ाई को पूरा समय दे सकें।



# 'महावतार नरसिम्हा' ऑस्कर में शामिल

**मुंबई।** फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' ने रिलीज होने के बाद बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया था। वर्ल्डवाइड इसने लगभग 326 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। अब यह फिल्म ऑस्कर को लेकर चर्चा में है। फिल्म 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स में बेस्ट एनिमेटेड फीचर फिल्म की ऑस्कर रेस में शामिल हो गई है। अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज (एएमपीएएस) ने 2026 के ऑस्कर में बेस्ट एनिमेटेड फीचर के लिए चुनी गई 35 एनिमेटेड फीचर फिल्मों की एक लिस्ट जारी की है। इन फिल्मों पर अभी विचार किया जाना है। 'महावतार नरसिम्हा' का मुकाबला 'के-पॉप डेमन हंटर', 'जूटोपिया 2' और 'डेमन स्लेयर किमेत्सु नो याइबा इनफिनिटी कैसल' जैसी हिट फिल्मों से होगा।

## टीवी मसाला



# 'शहजादी है तू दिल की', 4 दिसंबर से

**मुंबई।** स्टार प्लस का नया शो शहजादी है तू दिल की चार दिसंबर से हर दिन शाम 7:30 बजे से प्रसारित होगा। स्टार प्लस के नए शो शहजादी है तू दिल की में अंकित रायजादा इमोशनल और अच्छे दिल वाले लडक़े कार्तिक के किरदार में हैं। इसमें टेलीविजन पर डेब्यू कर रही हैं आशिका पादुकोण, दीपा के रूप में। यह कहानी दो लोगों की जिंदगी के बारे में है, जो किस्मत से सबसे अनोखे तरीके से जुड़ जाती हैं। साथ में ये दोनों एक ऐसी कहानी दिखाते हैं, जो उम्मीद, हिम्मत और प्यार की ताकत को दिखाती है। हाल ही में रिलीज़ हुआ प्रोमो पहले ही काफी चर्चा में है। यह कार्तिक को स्टेज पर दिखाते हुए शुरू होता है, जहां वह 70 के दशक के मशहूर गाने प्यार मांगा है तुमसे में अपने दिल की बात गा रहा हैं, जो दोनों के बीच के प्यार को दिखाता है। फिर सीन एक दिलचस्प फ्लैशबैक में बदल जाता है, जहां दीपा जो प्रेग्नेंट है, कार्तिक की कार के बोनट पर लगभग गिरने ही वाली होती हैं। दीपा की मदद तुरंत दयालु स्वभाव वाला कार्तिक करता है और उसे अस्पताल ले जाता है। बाद में दीपा को पता चलता है कि वह और उनका बच्चा सुरक्षित हैं सिर्फ इसलिए, क्योंकि एक अच्छे अजनबी ने समय पर उनकी मदद की।

प्रोमो का अंत इमोशनल अंदाज में होता है, जब कार्तिक दीपा के प्रति अपनी बढ़ती हुई चिंता और प्यार दिखाता है, लेकिन दीपा अपने अतीत का बोझ लेकर, पीछे हट जाती हैं और कहती हैं कि वह अपनी ज़िंदगी में और दर्द नहीं चाहती। उनके अनकहे जज़्बात, चुपचाप होने वाली परेशानियां और बिना बोले जुड़ाव एक ऐसी कहानी का वादा करते हैं, जो दर्शकों को पूरी तरह बांधे रखेगी। प्रोमो , जिसमें ऐक्शन और इमोशन दोनों भरे हैं, हमें दीपिका की ज़िंदगी की गहरी झलक दिखाता है। इसमें दिखता है कि वह हर दिन कैसे संघर्ष करती है, क्योंकि उसका शराबी पति घर की थोड़ी-सी कमाई भी बर्बाद कर देता है और सारी ज़िम्मेदारी उसके कंधों पर आ जाती है। वह सुबह तडक़े उठकर इडली बनाती है और बेचती है ताकि किसी तरह घर चला सके, लेकिन उसका पति उसकी मेहनत की कमाई भी शराब के लिए छीन लेता है। जब वह हिंसा पर उतर आता है, तब कार्तिक बीच में आता है, उसे बचाने के लिए लड़ाई करता है और सच्ची परवाह करते हुए उसकी मदद करना चाहता है।

# 'स्ट्रेंजर थिंग्स' की तरह ओटीटी पर मशहूर हैं ये वेब सीरीज, कहानी उड़ा देंगी होश

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स की चर्चित वेब सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' अपने 5वें सीजन के साथ लोगों का खूब ध्यान बटोर रही है। इसके पिछले 4 सीजन भी बेशुमार प्यार लूट चुके हैं। कहना गलत नहीं होगा कि ओटीटी पर 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के बाद, इस सीरीज ने सबसे ज्यादा महारत हासिल की है। खैर 'स्ट्रेंजर थिंग्स' की तरह ही यहां आपको कुछ अन्य सीरीज के बारे में जानकारी दी गई है, जो काफी मशहूर हैं। इनकी कहानी दिल जीतने का काम करती है।

**'द अम्ब्रेला एकेडमी'** : नेटफ्लिक्स पर मौजूद वेब सीरीज 'द अम्ब्रेला एकेडमी' काफी लोकप्रिय है, जिसे हिंदी भाषा के साथ देखा जा सकता है। तीन सीजन वाली इस सीरीज में कॉमेडी-ड्रामा, साइंस फिक्शन और फैंटेसी की भरपूर डोज दी गई है। सीरीज़ की कहानी गोद लिए गए भाई-बहनों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने पिता की मौत के बाद फिर से एकजुट होते हैं। यहां उन्हें कई अनसुलझे रहस्यों और जिंदगी में आने वाली मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।



**'बेताल'** : नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई हिंदी वेब सीरीज 'बेताल' भी अपनी कहानी के लिए लोगों का खूब प्यार बटोर चुकी है। सीरीज की कहानी एक बूढ़े ब्रिटिश भारतीय सेना कमांडर के इर्द-गिर्द घूमती है जो जॉम्बी बनकर जिंदा हो जाता है। वह जिस गांव में जाता है, वहां एक आधुनिक विशेष बल की टीम उसका सामना करती है। कुल मिलाकर सीरीज की कहानी लोककथाओं और सैन्य कार्रवाई को ध्यान में रखकर बनाई गई है। 'बेताल' के कुछ सीन डराते भी हैं।

### 'जस्ट एड मैजिक'

अमेजन प्राइम वीडियो पर वेब सीरीज 'जस्ट एड मैजिक' मौजूद है, जिसका पहला सीजन 2016 में रिलीज किया गया था। अब तक इस सीरीज के 3 सीजन आ चुके हैं। इस सीरीज की कहानी बेहद दिलचस्प है, जिसमें 3 लड़कियों केली क्विन, डार्बी और हैना को एक जादुई कुकबुक मिलती है। इस बुक के आधार पर तीनों कई रहस्यों को सुलझाती हैं। हालांकि हर रेसिपी के जादुई प्रभाव के साथ एक नकारात्मक प्रभाव भी होता है।

# दिल्ली में टैक्स फ्री हुई फरहान अख्तर की 120 बहादुर

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार-अभिनेता फरहान अख्तर की फिल्म 120 बहादुर दिल्ली में टैक्स-फ्री हो गयी है। फिल्म 120 बहादुर हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म में मेजर शैतान सिंह भाटी के प्रेरणादायक नेतृत्व को उजागर किया गया है, जिनके अद्भुत पराक्रम और सर्वोच्च बलिदान ने भारत के सैन्य इतिहास में साहस का अमिट प्रतीक स्थापित किया है। इन वीर सैनिकों के प्रति विशेष सम्मान के रूप में, दिल्ली सरकार ने 28 नवंबर से दिल्ली में इस फिल्म को टैक्स-फ्री करने का निर्णय लिया है। फिल्म के निर्माताओं को हार्दिक बधाई। फिल्म 120 बहादुर 13 कुमाऊ रेजिमेंट के 120 भारतीय सैनिकों की जबरदस्त बहादुरी को दिखाती है, जिन्होंने 1962 के युद्ध में हुई मशहूर रेज़ांग ला की लड़ाई में हिस्सा लिया था।




फरहान अख्तर इस फिल्म में मेजर शैतान सिंह भाटी, पीवीसी, की भूमिका निभा रहे हैं, जो अपने साथियों के साथ मिलकर भारतीय सेना के इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण लड़ाइयों में से एक में हर मुश्किल के सामने डटे रहे। इस फिल्म रजनीश रेज़ी घई ने निर्देशित किया है और इसे रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर (एक्सेल एंटरटेनमेंट) और अमित चंद्रा (ट्रिगर हैप्पी स्टूडियोज) ने प्रोड्यूस किया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आचत महेश्वरी द्वारा प्लाट न.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930